राष्ट्रीय दैनिक


# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

हर खबर पर पकड़





11 नीरज चोपड़ा ने राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर होने पर जताई निराशा

व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद पहली बार वाशिंगटन पहुंचे ट्रंप 12

वर्ष : 13 | अंक : 71 | नई दिल्ली, गुरुवार, 28 जुलाई 2022 | श्रावण मास कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 32.0°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

क्या बंगाल में भी होगी राजनीतिक उथल-पुथल ?

**पोल**

क्या उद्धव को उलझाकर खुद भी उलझ गए शिंदे?

| | |
|---|---|
| हां | 60% |
| नहीं | 30% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 51,190 |
| चांदी | 53.,400 |
| सेंसेक्स | 56,368 |
| निफ्टी | 17,583 |

# अर्पिता मुखर्जी के एक और घर पर मिला नोटों का अंबार, गिनने के लिए मंगाईं 5 मशीनें

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल के मंत्री पार्थ चटर्जी की करीबी अर्पिता मुखर्जी के दूसरे फ्लैट से भी भारी मात्रा में कैश मिलने की खबर है। ईडी की टीम मौके पर पहुंची है। पैसे गिनने के लिए यहां भी मशीनें मंगाई गई हैं। अर्पिता का ये दूसरा घर कोलकाता के बेलघरिया टाउन क्लब में है। इससे पहले अर्पिता मुखर्जी के एक घर से लगभग 21 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम मिली थी और महत्वपूर्ण कागजात हाथ लगे थे।





नोटों की गनिती के आरबीआई से पांच मशीनों मंगाई गई है। इससे पहले टालीगंज के डायमंड सिटी कंप्लेक्स में छापामारी के दौरान ईडी ने अर्पिता मुखर्जी के फ्लैट से 21 करोड़ रुपए से ज्यादा नकद बरामद किया था। बुधवार ईडी ने बेलघरिया स्थित अर्पिता मुखर्जी के फ्लैट, कसबा राजडांगा, बारासात की साड़ी दुकान सहित छह ठिकानों पर छापा मारा। अर्पिता के बेलघरिया स्थित फ्लैट पर 15 अधिकारियों की टीम पहुंची। अर्पिता के बेलघरिया हाउसिंग में कुल दो फ्लैट हैं। ईडी कई और दूसरे ठिकानें पर भी छापेमारी कर रही है। जांच एजेंसी के अधिकारी जब इस फ्लैट पर पहुंचे तो उसमें ताला बंद था। ताला तोड़कर अधिकारी अंदर घुसे तो देखा कि वहां भी पैसों का ढेर है। पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी फिलहाल 3 अगस्त तक ईडी की हिरासत में हैं। पार्थ को गिरफ्तारी के बाद जांच अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। उनसे लगातार शिक्षा भर्ती घोटाले को लेकर पूछताछ की जा रही है।

**शिक्षक भर्ती घोटाला**

- तस्वीर 23 जुलाई की है। अर्पिता चटर्जी के घर ईडी के छापे में 21 करोड़ कैश और 1 करोड़ की ज्वेलरी मिली थी।
- शिक्षक भर्ती घोटाला जब हुआ, तब पार्थ चटर्जी शिक्षा मंत्री थे। अभी वे ममता बनर्जी सरकार में उद्योग मंत्री हैं।

### राज उगलने लगी काली डायरी!

प्रवर्तन निदेशालय के जांचकताओं ने मंत्री पार्थ चटर्जी के नकटाला आवास से नौकरी की सिफारिश वाले कई पत्र जब्त किए हैं, जिनमें मयनागुरी के पूर्व विधायक अनंत देब अधिकारी के लेटरहेड पर लिखे पत्र भी शामिल हैं। ईडी के अधिकारियों को संदेह है कि अधिकारी ने ग्रुप डी की नौकरियों के लिए सिफारिश के तौर पर कुछ उम्मीदवारों के नाम चटर्जी को भेजे थे। अधिकारी जो अब मयनागुरी नगरपालिका के अध्यक्ष हैं, ने स्वीकार किया कि उन्होंने पूर्व शिक्षा मंत्री को पांच नाम दिए थे। बात तब की है जब उन्होंने पार्टी विधायकों से स्कूल शिक्षक की नौकरियों के लिए नाम जमा करने के लिए कहा था। पूर्व विधायक ने कहा कि आखिरकार पांचों में से किसी को भी नौकरी नहीं मिली।

# पीएमएलए पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला

## अदालत ने कहा-ईडी को गिरफ्तारी, सर्च, अटैच और संपत्ति जब्त करने का अधिकार


नई दिल्ली, एजेंसी

सर्वोच्च न्यायालय में प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के विभिन्न प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बड़ा फैसला आया है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रिवेंशन आफ मनी लान्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के विभिन्न प्रावधानों की वैधता को बरकरार रखा है। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) को एफआईआर के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है और ईसीआईआर प्रवर्तन निदेशालय का एक आंतरिक दस्तावेज है। आरोपी को ईसीआईआर की आपूर्ति अनिवार्य नहीं है और गिरफ्तारी के दौरान कारणों का खुलासा करना ही काफी है। अदालत ने पीएमएलए अधिनियम की धारा 45 में जमानत के लिए दो शर्तों को भी बरकरार रखा और कहा कि निकेश थरचंद शाह मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भी संसद 2018 में उक्त प्रावधान में संशोधन करने के लिए सक्षम थी। बेंच ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले में बताई गई खामियों को दूर करने के लिए संसद वर्तमान स्वरूप में धारा 45 में संशोधन करने के लिए सक्षम है। कोर्ट ने यह भी माना कि ईडी अधिकारी 'पुलिस अधिकारी' नहीं हैं और इसलिए अधिनियम की धारा 50 के तहत उनके द्वारा दर्ज किए गए बयान संविधान के अनुच्छेद 20 (3) से प्रभावित नहीं हैं, जो आत्म-अपराध के खिलाफ मौलिक अधिकार की गारंटी देता है। कोर्ट ने आगे कहा कि प्रवर्तन मामले की सूचना रिपोर्ट (ईसीआईआर) को एफआईआर के साथ नहीं जोड़ा जा सकता है और यह केवल ईडी का एक आंतरिक दस्तावेज है। इसलिए, एफआईआर से संबंधित सीआरपीसी प्रावधान ईसीआईआर पर लागू नहीं होंगे। ईसीआईआर की आपूर्ति अनिवार्य नहीं है।



**महबूबा ने दी थी चुनौती**

महबूबा मुफ्ती ने धारा 50 के संवैधानिक अधिकार और धन शोधन निवारण अधिनियम 2002 के प्रावधान को चुनौती दी थी। पीएमएलए की धारा 50 'प्राधिकरण' यानी प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों को किसी भी व्यक्ति को सबूत देने या पेश करने के लिए बुलाने का अधिकार देती है। समन किए गए सभी व्यक्ति उनसे पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देने और ईडी अधिकारियों द्वारा आवश्यक दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए बाध्य हैं।



### सुप्रीम कोर्ट के अहम फैसले

- ईडी का गिरफ्तारी करने, सीज करने, संपत्ति अटैच करने, रेड डालना और बयान लेने के अधिकार बरकरार रखे गए हैं।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि शिकायत ईसीआईआर को एफआईआर के बराबर नहीं माना जा सकता है।
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ईसीआईआर रिपोर्ट आरोपी को देना जरूरी नहीं है। गिरफ्तारी के दौरान केवल कारण बता देना ही काफी है।
- पीएमएलए में 2018-19 में हुए संशोधन क्या फाइनेंस एक्ट के तहत भी किए जा सकते हैं? इस सवाल पर 7 जजों की बेंच मनी बिल के मामले के तहत विचार करेगी।

# सोनिया से ईडी की पूछताछ खत्म




**सवाल-जवाब**

- पूछा-यंग इंडिया के लेनदेन से जुड़ी कितनी बैठकें 10 जनपथ पर हुईं
- कंपनियों के लेन-देन के सवाल पर सोनिया ने भी वोरा पर फोड़ा ठीकरा
- नई दिल्ली में बुधवार को प्रदर्शन कर रही महिला कार्यकताओं को सुरक्षाबलों ने हिरासत में ले लिया। इस दौरान झड़प भी हुई।
- मुंबई के बोरिवली में युवा कांग्रेस के कार्यकताओं ने ट्रेन रोककर प्रदर्शन किया।

नई दिल्ली, प्रात: किरण, एजेंसी

कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को 3 घंटे पूछताछ की। ईडी ने उन्हें अब तक कोई नया नोटिस नहीं दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईडी ने सोनिया से पूछा कि यंग इंडिया के लेन-देन से जुड़ी कितनी बैठकें आपके घर 10 जनपथ पर हुईं। मंगलवार को भी जब ईडी ने उनसे कंपनियों के लेन-देन के बारे में सवाल किया तो सोनिया ने जवाब दिया- कांग्रेस, एसोसिएट जर्नल और यंग इंडियन से जुड़े सभी लेनदेन पूर्व कोषाध्यक्ष मोतीलाल वोरा देखते थे।

### 3 दिन में 12 घंटे सवाल

पहली बार सोनिया 21 जुलाई को ईडी दफ्तर पहुंची थीं, यहां उनसे 3 घंटे पूछताछ हुई। इसके बाद 5 दिन का ब्रेक मिला। इसके बाद ईडी ने उन्हें 26 जुलाई को बुलाया गया और 6 घंटे तक सवाल किए। फिर बुधवार को ईडी ने सोनिया को पूछताछ के लिए बुलाया, यहां एजेंसी ने उनसे 3 घंटे पूछताछ की। कुल 12 घंटे हुई पूछताछ के दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किए गए हैं।

### कांग्रेस अध्यक्ष से हुए ये अहम सवाल

- यंग इंडिया लिमिटेड संस्था किस क्षेत्र में काम करती है?
- लेनदेन से जुड़ी कितनी बैठकें आपके आवास 10 जनपथ पर हुईं?
- लेनदेन के बारे में आपको क्या जानकारी है? इसके शेयर किस तरह बिके?
- देशभर में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

बुधवार को सोनिया से पूछताछ के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं ने देशभर में प्रदर्शन किया। संसद भवन के बाहर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के कई सांसदों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। कांग्रेस मुख्यालय के बाहर महिला कांग्रेस की कार्यकताओं को सुरक्षाबलों ने उठा-उठाकर बसों में भरा। इस दौरान उनकी सुरक्षा बलों से झड़प भी हुई।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा है कि देश को पुलिसिया स्टेट में बदल दिया है। सोनिया से ईडी की पूछताछ खत्म होने के बाद दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिए गए सभी सांसदों को रिहा कर दिया।

## संक्षिप्त खबर

### रिटर्न दाखिल करने की डेडलाइन 31 जुलाई

नई दिल्ली। आयकर रिटर्न (आईटीआर) फाइल करने की अंतिम समय-सीमा 31 जुलाई है लेकिन 26 जुलाई तक सिर्फ 3.4 करोड़ करदाताओं ने आईटीआर दाखिल किया है। इस बीच सरकार ने भी साफ कर दिया है कि पिछले दो साल की तरह इस बार आईटीआर फाइल करने की डेडलाइन नहीं बढ़ने वाली है। इसके मद्देनजर आयकर विभाग ने करदाताओं से ट्वीट कर समय पर रिटर्न दाखिल करने की अपील की है।

### आप सांसद संजय सिंह संसद की कार्रवाई से निलंबित



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को संसद की कार्रवाई से निलंबित कर दिया गया है। संजय सिंह को स्पीकर चेयर की ओर पेपर फाड़कर फेंकने और नारेबाजी करने के बाद ये एक्शन लिया गया है। संजय सिंह ने गुजरात में जहरीली शराब पीने से हुई मौतों के बारे में सवाल पूछ रहे थे। वो लगातार एक ही बात पर अड़े हुए थे और नारेबाजी भी कर रहे थे। गुजरात में जहरीली शराब पीने से 37 लोगों की मौत हो गई थी जबकि 50 से ज्यादा लोगों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। निलंबित किए जाने पर भड़के संजय सिंह ने एक वीडियो जारी कर कहा, मैंने आज गुजरात में जहरीली शराब पीने से 55 लोगों की मौत का मामला उठाया। मैंने सरकार से इस मुद्दे पर जवाब देने की मांग की। लेकिन सरकार ने जवाब नहीं दिया और मुझे सस्पेंड कर दिया गया। अब शुक्रवार को राज्यसभा की होने वाली कार्यवाही में आप सांसद शामिल नहीं हो पाएंगे।

### स्पाइसजेट पर डीजीसीए सख्त

नई दिल्ली। एविएशन सेक्टर के रेगुलेटर डीजीसीए ने स्पाइसजेट पर कड़ी कार्रवाई की है। अगले आठ हफ्तों तक उसकी 50 फीसदी उड़ानों पर रोक लगा दी है। हाल में स्पाइसजेट के विमानों में तकनीकी गड़बड़ी के कई मामले आए थे। इसके मद्देनजर डीजीसीए ने एयरलाइन पर यह कार्रवाई की है। स्पाइसजेट के विमानों में हाल में 18 दिन के अंतराल में गड़बड़ी के करीब आठ मामले सामने आए थे। इसके बाद डीजीसीए ने छह जुलाई को उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया था। सिविल एविएशन राज्यमंत्री वी के सिंह ने सोमवार को कहा था कि डीजीसीए ने स्पाइसजेट एयरक्राफ्ट्स के स्पॉट चेक्स के दौरान सेफ्टी में उल्लंघन का कोई बड़ा मामला नहीं पाया गया। डीजीसीए ने बुधवार को अपने आदेश में कहा कि स्पाइसजेट एक सेफ और विश्वसनीय सेवा देने में नाकाम रही है। एयरलाइन इस तरह की गड़बड़ियों को रोकने का उपाय कर रही है लेकिन इसके लिए उसे काफी कुछ करने की जरूरत है।

### कॉमनवेल्थ गेम्स में नीरज चोपड़ा की जगह

## पीवी सिंधु संभालेंगी भारत का झंडा

नई दिल्ली, प्रात: किरण

कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 का आगाज बर्मिंघम में गुरुवार (28 जुलाई) से हो रहा है। ओपनिंग सेरेमनी में भारत के खिलाड़ियों का प्रतिनिधिमंडल भी शामिल होगा और इस बार ध्वजवाहक स्टार बैडमिंटन प्लेयर पीवी सिंधु होंगी। पहले यहां पर ध्वजवाहक जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा होने वाले थे, लेकिन वह चोट की वजह से अब कॉमनवेल्थ गेम्स में हिस्सा ही नहीं ले रहे हैं। इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन की तरफ से बुधवार शाम को ऐलान किया गया कि एसोसिएशन ने ध्वजवाहक के तौर पर स्टार शटलर पीवी सिंधु का नाम तय किया है। पीवी सिंधु दो बार की ओलंपिक चैम्पियन हैं, बर्मिंघम में होने वाली ओपनिंग सेरेमनी में वह प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई करेंगी। टीम इंडिया की ओर से स्टार जैवलिन



थ्रोअर नीरज चोपड़ा गोल्ड मेडल लाने के सबसे बड़े दावेदारों में से एक थे। उन्होंने हाल ही में वर्ल्ड एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में सिल्वर मेडल भी जीता था, लेकिन इसी फाइनल इवेंट में वह खुद को चोट लगवा बैठे। इसी के बाद जब नीरज चोपड़ा का टेस्ट हुआ तब उन्हें एक महीने का आराम दिया गया है। इंग्लैंड के बर्मिंघम में 28 जुलाई से कॉमनवेल्थ गेम्स की शुरूआत हो रही है, यह खेल 8 अगस्त तक चलेंगे। भारत अक्सर कॉमनवेल्थ गेम्स में बेहतर प्रदर्शन करता है और टॉप-3 में जगह बनाता है। ऐसे में इस बार भी भारत को यहां इतिहास रचे जाने की उम्मीद है।

# बीएसएनएल का होगा कायाकल्प

## केन्द्र सरकार ने पुनरुद्धार के लिए 1.64 लाख करोड़ के पैकेज को दी मंजूरी

नई दिल्ली, प्रात: किरण

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल ) के रिवाइवल के लिए 1.64 लाख करोड़ रुपये के पैकेज को मंजूरी दी है। कैबिनेट ने साथ ही बीएसएनएल और भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड के मर्जर को भी हरी झंडी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस मर्जर से बीबीएनएल के 5.67 लाख किलोमीटर के ऑप्टिकल फाइबर का पूरा कंट्रोल बीएसएनएल हाथों में आ जाएगा। मंत्रिमंडल ने साथ ही देश के सभी गांवों तक 4जी मोबाइल सर्विसेज पहुंचाने के लिए एक प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। यह काम यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड के जरिए किया जाएगा। इस पर करीब 26,316 करोड़ रुपये की लागत आएगी। कैबिनेट की बैठक के बाद केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। दोनों टेलीकॉम कंपनियों के बीच समन्वय में दिक्कत ना आए और बीएसएनएल का पुनरुद्धार हो इसके लिए सरकार ने बीएसएनएल और बीएसएनएल के विलय को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि हमें विश्वास है कि देश के कोने-कोने में ब्रॉडबैंड सेवा ले जाने में सरकार के इस फैसले से मदद मिलेगी। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 26,316 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड के माध्यम से देश के सभी दूर-दराज के गांवों में 4जी सेवा ले जाने की परियोजना को भी मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि यह परियाजना सुदूर और दुर्गम क्षेत्रों के 24,680 दूर-दराज के गांवों में 4जी मोबाइल सेवाएं उपलब्ध कराएगी। परियोजना में 20 प्रतिशत अतिरिक्त गांवों को शामिल करने का भी प्रावधान है। इसके अलावा, केवल 2जी/3जी कनेक्टिविटी वाले 6,279 गांवों को भी 4जी में अपग्रेड किया जाएगा।



**जानकारी**

- इस मर्जर से बीबीएनएल के 5.67 लाख किलोमीटर के ऑप्टिकल फाइबर का पूरा कंट्रोल बीएसएनएल हाथों में आ जाएगा।

### सत्येंद्र जैन को मंत्री पद से हटाएंगे केजरीवाल?

नई दिल्ली। मनी लॉन्ड्रिंग केस में बंद दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को मंत्री पद से हटाने की मांग को लेकर दायर की गई याचिका को खारिज करते हुए हाई कोर्ट ने इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर बताया है। हाई कोर्ट ने कहा कि इस पर मुख्यमंत्री को विचार करना होगा। कोर्ट ने कहा कि यह काम मुख्यमंत्री का है कि जनता के हित में सही फैसला करें और विचार करें कि क्या एक आपराधिक पृष्ठभूमि या नैतिक पतन के आरोपी को नियुक्त किया जाए और मंत्री के पद पर बरकरार रखा जाए या नहीं। हाई कोर्ट ने कहा कि कोर्ट का काम मुख्यमंत्री को निर्देश देना नहीं है, लेकिन यह कर्तव्य है कि अहम पदों पर बैठे लोगों को हमारे संविधान के सिद्धांतों को कायम रखने में उनकी भूमिका की याद दिलाई जाए। कोर्ट ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री कैबिनेट के सदस्यों के चुनाव और मंत्रिपरिषद की नियुक्ति को लेकर नीति बनाने के लिए अपने विशेषाधिकार का इस्तेमाल करते हैं।

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गोला-बारूद, बेस बनाने की जरूरत : राजनाथ

## रक्षा मंत्री ने उन्नत गोला-बारूद को बताया नए युग के युद्ध की वास्तविकता

नई दिल्ली, प्रात: किरण, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्नत गोला-बारूद नए युग के युद्ध की वास्तविकता है, इसलिए राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भारत में 'आत्मनिर्भर' गोला बारूद बेस बनाने की जरूरत है। उन्होंने निजी क्षेत्र से सशस्त्र बलों की बढ़ती तैयारियों के लिए गोला-बारूद की जरूरतों को पूरा करने के लिए सरकार के साथ काम करने का आह्वान किया। स्थानीय प्रयासों और विदेशी सहयोग से भारत की आत्मनिर्भरता की यात्रा बेहद आसान हो सकती है। रक्षा मंत्री बुधवार को नई दिल्ली में सैन्य गोला-बारूद पर 'मेक इन इंडिया अपॉर्चुनिटीज एंड चैलेंजेज' विषय पर 'अम्मो इंडिया' के दूसरे सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मजबूत और आत्मनिर्भर आधार का निर्माण करने के लिए गोला-बारूद के क्षेत्र में नवाचारों का आह्वान किया है, ताकि सशस्त्र बल भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार रह सकें। रक्षा मंत्री ने उन्नत गोला-बारूद को नए युग के युद्ध की वास्तविकता के रूप में वर्णित किया, जो भारत के लिए इसकी क्षेत्रीय और वैश्विक अनिवार्यताओं और सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए आवश्यक है। रक्षा मंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का आर्थिक विकास उसके हथियारों और गोला-बारूद की क्षमता से दिखता है।




स्वास्थ्य | देश में मंकीपॉक्स के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार हुई सतर्क ...

# वैक्सीन के लिए केंद्र ने कंपनियों से मांगे प्रस्ताव

## देश में अब अब तक 4 मरीज मिले, दिल्ली और नोएडा समेत चार राज्यों में मिले संदिग्ध

नई दिल्ली, प्रात: किरण

देश में मंकीपॉक्स के बढ़ते मामलों को देखते हुए सरकार ऐक्शन मोड में आ गई है। सरकार ने मंकीपॉक्स की वैक्सीन डिवेलप करने के लिए 'एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट' या टेंडर निकाला है। इसके अलावा मंकीपॉक्स की जांच के लिए टेस्टिंग किट का भी टेंडर निकाला गया है। वैक्सीन और टेस्टिंग किट प्राइवेट-पब्लिक पार्टनरशिप मोड से बनाई जाएगी। अब तक देश में मंकीपॉक्स के चार कन्फर्म केस मिल चुके हैं। इनमें से तीन केरल में और एक दिल्ली में है। दिल्ली में पाया गया मंकीपॉक्स का पहला मरीज एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती है। रिपोर्ट्स के मुताबिक वह रिकवर हो रहा है। सरकार की तरफ से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक 10 अगस्त तक कंपनियां टेंडर जमा कर सकती हैं। मंकीपॉक्स के कई संदिग्ध केस भी मिले हैं। इनका सैंपल टेस्ट के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि वे वायरस से संक्रमित हैं या नहीं।




### 80 देशों में दहशत

80 देशों में दहशत फैलाने वाला मंकीपॉक्स अब भारत में धीरे-धीरे ही सही पर पांव पसारने लगा है। देश में अब तक 4 केस की पुष्टि हो चुकी है। बुधवार को दिल्ली में एक और संदिग्ध की पहचान हुई है। यानी देश में अब तक 4 संदिग्ध सामने आए हैं। इस सभी के सैंपल नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी पुणे भेज दिया गया है। हालांकि, अभी तक रिपोर्ट नहीं आई है।

### कई राज्यों ने जारी किया अलर्ट

डब्ल्यूएचओ ने इसे ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया है इसके बाद देश के कई राजों ने अलर्ट जारी कर दिया है। झारखंड के स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश दिए हैं कि अस्पतालों में आइसोलेशन वॉर्ड बनाए जाएं और मरीजों का ध्यान रखा जाए कि कहीं मंकीपॉक्स के लक्षण तो नहीं हैं। वहीं जो लोग विदेश यात्रा से लौटें वे तुरंत जांच करवाएं। उत्तराखंड में भी मंकीपॉक्स को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश में कोविड अस्पतालों में मंकीपॉक्स के लिए भी 10 बेड रिजर्व कर दिए गए हैं। मध्य प्रदेश में भी मंकीपॉक्स को लेकर अलर्ट जारी किया गया है।

### दुनिया में मंकीपॉक्स के 19 हजार मामले

एक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत समेत 80 देशों में 18,840 मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। इनमें से यूरोप में सबसे ज्यादा करीब 12 हजार लोग मंकीपॉक्स की चपेट में आए हैं। वहीं, बीमारी से ग्रस्त टॉप 10 देशों में ब्रिटेन, स्पेन, अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, पुर्तगाल, कनाडा, नीदरलैंड्स, इटली और बेल्जियम शामिल हैं। मंकीपॉक्स से इस साल तीन लोगों की मौत हो चुकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### नगदी सहित कई सामान ले उड़े चोर

काको। नगर पंचायत स्थित एक घर में दिनदहाड़े चोरों ने घुसकर नगदी एवं अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। इस संबंध में पीड़ित सीतामढ़ी जिला निवासी ताहिर आलम ने थाना में आवेदन दिया है। उन्होंने बताया है कि वे काको में किराये पर कमरा लेकर रहते है। वह अपने कमरे से साईट पर गए थे और एक-दो घंटे बाद लौटने पर कमरे का दरवाजा टुटा पाया। अंदर जाकर देखा तो बैग में रखे 41000 रुपये नगद और कुछ अन्य सामान गायब मिला।

### मवेशी चराने को लेकर हुई मारपीट एक घायल

मखदुमपुर। पर्यटन थाना वाणावर के परसोना गांव में मवेशी चराने को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक युवक घायल हो गया है। घायल युवक परसोना गांव निवासी महेश कुमार बताया जाता है। जानकारी के अनुसार महेश का परिवार बधार में मवेशी चरा रहा था इसी दौरान उसके परिवार को अलबेला नगर गांव के कुछ लोगों से मवेशी चराने को लेकर विवाद हो गया और देखते ही देखते दोनो में मारपीट हो गया। वही मारपीट की घटना में युवक घायल हो गया, जिसे ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया गया।

# पंच सरपंच का प्रखंड स्तरीय कन्वेंशन संपन्न

खगड़िया,प्रात : किरण संवाददाता



खगड़िया बिहार प्रदेश पंच सरपंच संघ अलौली का प्रखंड कन्वेंशन ग्राम कचहरी अलौली के सभागार में प्रखंड अध्यक्ष सरवन कुमार के अध्यक्षता में किया गया। कन्वेंशन का विधिवत उद्घाटन प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिलाध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। कन्वेंशन में सर्वप्रथम 23 वां कारगिल विजय दिवस पर शहीद जवानों के प्रति कैंडल जलाकर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई तथा शहीद जवान अमर रहे, शहीदों तेरे अरमानों को मंजिल तक पहुंच जाएंगे, नारों को बुलंद किया गया।

कन्वेंशन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष किरण देव यादव ने कहा कि 5 अगस्त 2022 को राज्यव्यापी आंदोलन के तहत ग्यारह सूत्री मांगों के समर्थन में डीएम के सामने धरना प्रदर्शन सभा किया जाएगा तथा राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू एवं राज्यपाल के नाम डीएम डॉक्टर आलोक रंजन घोष को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

उन्होंने पंच सरपंचों को एमएलसी चुनाव का वोटर बनाने, सम्मान सुरक्षा सुविधा वेतन बीमा भत्ता पेंशन अधिकार देने, ग्राम कचहरी को सर्व बुनियादी सुविधा संपन्न करने, डेढ 2 वर्षों का लंबित वेतन भुगतान करने, न्याय का प्रतीक पाग देने, प्रशिक्षण देने, पंच सरपंच को वेतन बढ़ाने, घोषणा अनुसार सुरक्षा हेतु लाइसेंसी हथियार देने, विकास हेतु फंड मुहैया करने आदि मांगों पर विस्तार से चर्चा किया गया तथा आंदोलन में अधिक संख्या में भाग लेने का आह्वान किया।

कन्वेंशन में शहर बन्नी सरपंच शशिकांत पासवान, इचरुआ सरपंच मीना देवी, मेघौना सरपंच सिद्धार्थ कुमार, हरिपुर सरपंच रंजीत कुमार, बांध चातर सरपंच शंकर राम, गोरियामी सरपंच दिलीप कुमार दीपक, पंच आरिफ खान , बहादुरपुर सरपंच पशुपति पटेल, सरपंच प्रमोद यादव, सिमराहा सरपंच अनुज यादव, उमाकांत आदि ने बिहार सरकार एवं पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी के सोतेला पन व्यवहार के खिलाफ आड़े हाथों लेते हुए आक्रोश व्यक्त किया।

धन्यवाद ज्ञापन अलौली सरपंच रंजू कुमारी ने किया। कन्वेंशन में मांगों के बाबत एकजुटता का इजहार करते हुए जमकर नारे लगाए।

**कार्यक्रम**
- कन्वेंशन में कारगिल विजय दिवस पर शहीद जवानों के प्रति कैंडल जलाकर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई

### सोनिया व राहुल की छवि खराब करना चाहती है सरकार : कांग्रेस

**जहानाबाद।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर ईडी द्वारा की जा रही कार्यवाही के विरोध में देशव्यापी सत्याग्रह धरना का आयोजन किया गया। इसी क्रम में जिला कांग्रेस कमिटी द्वारा महात्मा गांधी के मूर्ति के समक्ष जिला उपाध्यक्ष प्रवक्ता प्रोफेसर भूषण कुमार सिंह के नेतृत्व में सत्याग्रह किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने ईडी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नेताओं ने कहा कि आज पूरे देश में केंद्र के सरकार द्वारा विपक्ष को ईडी और सीबीआई के माध्यम से परेशान किया जा रहा है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी से घबरा गई है, इसलिए भाजपा उनकी छवि खराब करना चाहती है। देश में व्यापक अराजकता का माहौल कायम हो गया है। भाजपा के मंत्री, सांसद व विधायक द्वारा किया जा रहे घोटाले की जांच नहीं की जा रही है। नेताओं ने कहा कि देश में महंगाई चरम पर है। लोग परेशान हैं, युवा बेरोजगार है, सरकारी संपत्ति बेची जा रही है और कारपोरेट मालामाल हो रहा है। इस ओर देश की जनता का ध्यान नहीं जाए, इसलिए सोनिया गांधी और राहुल गांधी पर कार्रवाई कर ध्यान भटकाने का काम हो रहा है। सत्याग्रह आंदोलन में कांग्रेस नेता प्रवीण शर्मा, प्रेम कुमार, रामजी प्रसाद, सहित दर्जनों कार्यकताओं ने भाग लिया।

# 'प्रदूषण से निपटने के लिए बनेगा डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट प्लान'

बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता



सभी तरह के प्रदूषण से निपटने के लिए जिले में डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट प्लान तैयार किया जायेगा। इसकी प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गयी है। विभिन्न प्रकार के प्रदूषण से संबंधित डाटा संकलन का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। शीघ्र ही डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट प्लान तैयार हो जायेगा, जिससे सभी प्रकार के प्रदूषण से निपटा जा सकेगा। इस निमित जिलाधिकारी, कुंदन कुमार की अध्यक्षता में आरएसपी ग्रीन डेवलपमेंट एण्ड लेबोरेटिज प्रा0 लि0, हावड़ा के पर्यावरण विशेषज्ञ, अमित पोद्दार, बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, मुजफ्फरपुर के वैज्ञानिक, शिव शंभु प्रसाद आदि के साथ समीक्षात्मक बैठक सम्पन्न हुयी।

समीक्षा के क्रम में पर्यावरण विशेषज्ञ, अमित पोद्दार द्वारा बताया गया कि डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट प्लान तैयार करने हेतु खनिज, वन, नगर निकाय, पंचायत राज, उद्योग, लोक स्वास्थ्य, लघु सिंचाई आदि विभागों से डाटा संकलन किया जाना है। इसके पश्चात अग्रतर कार्रवाई की जायेगी जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिले में सभी तरह के प्रदूषण से निपटने के लिए डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट प्लान बेहद कारगर साबित होगा। यह बेहद महत्वपूर्ण कार्य है। उन्होंने कहा कि इससे सॉलिड वेस्ट, प्लास्टिक व ई-वेस्ट, इंडस्ट्रियल वेस्ट, घरेलू सीवरेज, ध्वनि प्रदूषण, बॉयो मेडिकल वेस्ट आदि के साथ-साथ जल एवं वायु प्रदूषण से निपटने में सहायता मिलेगी। उन्होंने अधिकारियों को निदेश दिया कि एक महीना के अंदर सभी डाटा संग्रहित हो जाना चाहिए। डाटा संग्रहण में पारदर्शिता बरती जाय। जो फैक्ट है, उसे अवश्य दशार्या जाय ताकि उसी के अनुरूप डिस्ट्रिक्ट एनवायरनमेंट प्लान तैयार किया जा सके।

# बारिश नही होने से अन्नदाता परेशान



सुपौल ,प्रात : किरण संवाददाता

पर्यायवरण असंतुलन की वजह से कभी कम वृष्टि तो कभी अत्यधिक वृद्धि से कही बाढ़ तो कही सुखाड़ से आम जनजीवन को जूझना पड़ता है, यू तो कोशी के इलाके में इस मौसम में हर साल बाढ़ की आफत से लोगो को जूझना पड़ता था, लेकिन इस बार बारिश कम होने से सुखाड़ की स्थिति आ गयी है, पिछले पांच वर्ष की तुलना में इस वर्ष जुलाई में संबसे कम बारिश हुई है, जिसका सीधा असर इलाके के अन्नदाताओं पर पड़ा है, इलाके में मानसूनी बारिश नही होने से किसान मजबूरन पम्पसेट के सहारे धान की रोपनी करने में लगे हैं, इस प्राकृतिक आपदा के मद्देनजर किसानों ने सरकार से मांग कि है कि किसी तरह धान की रोपनी तो कर रहे है यदि समय से डीजल अनुदान राशि एवं उचित मूल्य पर खाद कि व्यवस्था हो जाती तो किसानी में सहूलियत होती ।

### दो पक्षों में हुई मारपीट में 3 घायल

**मखदुमपुर।** बुधवार को बिशुनगंज ओपी क्षेत्र के महंगोपुर गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई, जिसमें 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में महंगोपुर गांव निवासी लालू कुमार, चंद्रमणि यादव एवं इंद्रजीत यादव बताए जाते हैं, जिसमें गंभीर रूप से घायल लालू कुमार को चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार महंगोपुर गांव में लालू यादव के परिवार के लोग बुधवार को अपने खेत का जोताई कर रहे थे। तभी पड़ोसी आकर एकाएक हमला कर दिया, जिसमें 3 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को इलाज के लिए मखदुमपुर स्थित रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल लालू कुमार को विशेष इलाज के लिए पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया है। घायलों ने बताया कि पड़ोसी से पूर्व में मवेशी चराने को लेकर विवाद हुआ था, जिसमें बुधवार को एकाएक हमला कर घायल कर दिया। मामले में प्राथमिकी के लिए थाने में आवेदन दिया गया है।

# डीसीएम ट्रक से 2175 लीटर शराब जप्त चालक गिरफ्तार




कैमूर, प्रात : किरण संवाददाता

स्थानीय थाना क्षेत्र के डिलखिली टोल प्लाजा के मुसहर टोली के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर उत्पाद विभाग एवम एंटी लिकर की टीम के द्वारा एक ट्रक से 2175 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। वहीं शराब को लेकर जा रहे ट्रक चालक को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस के द्वारा शराब सहित ट्रक और चालक को दुर्गावती थाने लाया गया जहां पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है। बताते चलें कि उत्पाद विभाग एवम एंटी लिकर की टीम के द्वारा डिडखिली टोल प्लाजा के पास शराब चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच उत्तर प्रदेश की तरफ से बिहार में प्रवेश कर रहे एक डीसीएम ट्रक को उत्पाद विभाग एवम एंटी लिकर टीम के द्वारा रोक कर चेक किया गया तो उसमें मैंगी के नीचे छिपाकर शराब रखा गया था। जिसके बाद ट्रक एवं चालक को शराब के साथ दुर्गावती थाने लाया गया जहां पर ट्रक की विधिवत तलाशी ली गई तो उसके अंदर से 2175 लिटर शराब को पुलिस ने बरामद किया। पुलिस ने ट्रक के साथ उसके चालक आंसू पिता जुम्मा खाँ ग्राम सिवाना गुठदिया, थाना किशनगढ़ बॉस जिला अलवर को एक मोबाईल और 1400 रुपए नगद के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# भागलपुर :कायाकल्प व एनक्वास को लेकर दिया गया प्रशिक्षण

भागलपुर, प्रात : किरण संवाददाता



सदर अस्पताल के विक्टोरिया भवन में बुधवार को कायाकल्प और एनक्वास (नेशनल क्वालिटी स्टैंडर्ड) की तैयारी को लेकर सभी आठ अरबन पीएचसी के प्रभारियों और एएनएम को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ. उमेश कुमार शर्मा, डीएचएस के डॉ. प्रशांत कुमार, केयर इंडिया के डीटीओ फैसिलिटी डॉ. राजेश मिश्रा, दयानंद मिश्र मौजूद थे। कायाकल्प और एनक्वास को लेकर प्रशिक्षण देने का काम डॉ. प्रशांत और डॉ. राजेश मिश्रा ने किया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रभारियों और एएनएम को बताया गया कि कायाकल्प के निरीक्षण की तैयारी किस तरह से करनी है। साफ-सफाई से लेकर ऑपरेशन थियेटर और लेबर रूम को किस तरह से व्यवस्थित करनी है, इस बारे में जानकारी दी गई। मालूम हो कि कायाकल्प को लेकर जिले के सभी सरकारी अस्पतालों का जल्द ही निरीक्षण होना है। सिविल सर्जन डॉ. उमेश कुमार शर्मा ने बताया कि पिछली बार कायाकल्प में भागलपुर के 11 प्रखंड के अस्पतालों और 6 शहर के अस्पतालों ने बेहतर किया था। इस बार भी बेहतर करने की उम्मीद है। साथ ही एनक्वास को लेकर भी बेहतर तैयारी करनी है। एनक्वास में बेहतर करने पर जिले के अस्पतालों में सुविधाएं बढ़ जाएंगी। इसका लाभ अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ-साथ यहां काम करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों को भी होगा। डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि पिछले बार तो बेहतर अंक मिला था, इस बार कैसे बेहतर करना है, इस बारे में बताया गया। खासकर लेबर रूम और ओटी की व्यवस्था मानक के मुताबिक कैसी होनी चाहिए। यह बताया गया। जहां भी सुधार की गुंजाइश है, उस बारे में ध्यान दिलाया गया। इसके साथ-साथ अब एनक्वास की विजिट पर भी फोकस करने पर ध्यान देने के लिए कहा गया। कुल मिलाकर कायाकल्प को लेकर जिले के अस्पतालों की तैयारी अच्छी है, लेकिन एनक्वास की विजिट को लेकर अभी और बेहतर तरीके से तैयारी करनी है, इस बारे में बताया गया।

एनक्वास पर किया जाएगा फोकसः डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि जिले के अस्पताल लक्ष्य और कायाकल्प में पहले से बेहतर प्रदर्शन करते आ रहे हैं। अब एनक्वास पर फोकस करना होगा। प्रशिक्षण के दौरान कही गई बातों को अमल में लाने के लिए सभी अस्पतालों के प्रभारियों और एएनएम को कहा गया है। सभी अरबन पीएचसी की सुविधाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। इसे और बेहतर किया जाएगा, ताकि कायाकल्प और एनक्वास के मानकों पर भी अस्पताल खरा उतरे।

### योगियां में स्कूली छात्राओं की कजरी गाते ही उमड़े बादल व होने लगी जोरों की बारिश

**रसूलपुर।** हरे रामा कृष्ण बने मनिहारी पहन लिये साड़ी हो रामा.....। समवेत स्वर में स्कूली छात्राओं की यह कजरी सुन न केवल उपस्थित श्रोता दर्शक ही झूमे बल्कि इंद्र भगवान भी खुश हुए और उमड़ घुमड़ कर पानी बरसने लगा। मौका था रसूलपुर थाना की असहनी पंचायत स्थित योगियां हाईस्कूल में चहारदिवारी उद्घाटन के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम। विद्यालय प्रधान लालबाबू यादव के नेतृत्व में संगीत शिक्षिका अर्चना मैम ने अपनी छात्राएं शिल्पी, निक्की, पलक, रेशमा आदि के संग स्वागत गान से लेकर एक से बढ़कर एक गीतों की प्रस्तुति की जिसकी सराहना की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कजरी गायन आकर्षण का केन्द्र रहा। गायन के बाद झमाझम हुई बारिश देख सभी ने कहा कि कजरी एक बरसाती गीत है जिसे सुन प्रकृति भी खुश हो जाती है। समारोह में सारण स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के विधान पार्षद डॉ. वीरेंद्र नारायण यादव, स्थानीय राजद विधायक श्रीकांत यादव ,मुखिया अखिलेश यादव आदि ने कहा कि बच्चों में असीमित प्रतिभाएं होती हैं ।

# पालीगंज पुलिस ने किया 313 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद



पालीगंज, प्रात : किरण संवाददाता

बुधवार को पालीगंज पुलिस ने थाना क्षेत्र के बड़की पैपुरा गांव स्थित निजी विद्यालय से 313 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को पालीगंज पुलिस को थाना क्षेत्र के बड़की पैपुरा गांव स्थित एक निजी विद्यालय में भारी मात्रा में शराब छुपाए जाने की गुप्त सूचना मिली। सूचना पाकर पुलिस ने बड़की पैपुरा गांव पहुंची व उस विद्यालय में छापेमारी किया। उस समय विद्यालय बन्द था। लेकिन जब पुलिस ने विद्यालय की कमरे की तलाशी लिया तो शराब की काटुर्ने पाई। जिसे शराब को जप्त कर पुलिस ने थाने लाई। इस सम्बंध में पालीगंज इंस्पेक्टर विजय कुमार गुप्ता ने बताया कि अलग अलग लेबल के कुल 313 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुई है।

# विश्व स्तनपान सप्ताह:जिले भर में चलेगा जागरूकता अभियान

लखीसराय, प्रात : किरण संवाददाता

- राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक ने पत्र जारी कर सभी सिविल सर्जन दिए निर्देश

जिले में स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए 01 अगस्त से विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जाएगा। जिसके तहत जिले के सभी प्रखंडों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन कर इस सप्ताह को सफल बनाने के लिए सामुदायिक स्तर पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस दौरान स्तनपान कराने से होने वाले फायदे समेत अन्य जानकारियाँ दी जाएगी और घर-घर जाकर लोगों को स्तनपान कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ताकि सामुदायिक स्तर पर लोगों को स्तनपान से होने वाले फायदे की जानकारी मिल सके और स्तनपान सप्ताह का सफलतापूर्वक समापन सुनिश्चित हो सके। इसको लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति के कार्यपालक निदेशक संजय कुमार सिंह ने पत्र जारी कर प्रदेश के सभी सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश दिए हैं। साथ हीं कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सारी तैयारियाँ 01 अगस्त के पूर्व ही कर लेने को कहा है। सिविल सर्जन डॉ देवेन्द्र कुमार चौधरी ने बताया, शिशु के सर्वांगीण शारीरिक व मानसिक विकास के लिए जन्म के पश्चात छः माह तक सिर्फ और सिर्फ माँ का दूध जरूरी है। इससे शिशु का ना सिर्फ शारीरिक और मानसिक विकास होता बल्कि, रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूती मिलती , जो संक्रामक बीमारी से बचाव करता है। इसलिए, सभी शिशु को जन्म के पश्चात छः माह तक सिर्फ और सिर्फ माँ का ही दूध पिलाएं। इसके बाद ही ऊपरी आहार देना शुरू करें। इसके अलावा पुराने ख्यालातों और अवधारणाओं से बाहर आकर जन्म के एक घंटे के अंदर ही बच्चे को दूध पिलाना शुरू कर दें। माँ का यह गाढ़ा-पीला दूध बच्चों के लिए अमृत के समान होता है। वहीं, पूरे सप्ताह शिशु के पोषण का आधार है, माँ का दूध ही सर्वोत्तम आहार है...समेत अन्य नारे के माध्यम से सामुदायिक स्तर पर लोगों को जागरूक किया जाएगा। शिशु को जन्म के पश्चात छः माह तो सिर्फ माँ का दूध ही सेवन तो जरूरी है ही, इसके बाद भी कम से कम दो वर्षों तक ऊपरी आहार के साथ स्तनपान भी जरूरी है। तभी शिशु का सर्वांगीण शारीरिक, मानसिक विकास और स्वस्थ शरीर का निर्माण होगा। साथ ही रोग-प्रतिरोधक क्षमता को भी मजबूती मिलेगी और संक्रामक रोग से भी दूर रहेगा। इसलिए, स्तनपान कराने वाली सभी माताओं को पुराने ख्यालातों और अवधारणाओं से बाहर आकर दो वर्षों तक अपने शिशु को स्तनपान कराना चाहिए।

# जहानाबादः शॉर्ट सर्किट के कारण एटीएम में लगी आग

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

- धुक धुक कर जला एटीएम


जहानाबाद जिले के घोसी बाजार में बुधवार की करीब 9:30 सुबह बजे शॉर्ट सर्किट के कारण पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में अचानक आग लग गई। और एटीएम से धुआं निकलने लगे जब बैंक खोलने के लिए पंजाब नेशनल बैंक के कर्मचारी पहुंचे तो देखा कि एटीएम से धुआ निकल रहा है ।इसकी सूचना अग्निशामक विभाग को दिया गया मौके पर अग्निशामक के गाड़ी पहुंचकर आग पर काबू पाया है। इस घटना की सूचना कर्मचारियों द्वारा बैंक प्रबंधक को दिया ।

मौके पर बैंक प्रबंधक पहुंच कर मामले की जांच में जुट गए हैं ।बैंक प्रबंधक प्रेम कुमार का कहना है कि शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी है। जिसमें एटीएम के कई सामान जलकर नष्ट हो गए उन्होंने कहा कि लगभग ₹500000 नगद एटीएम में रखा हुआ था। लेकिन संभावना व्यक्त की जा रही है कि पैसा सुरक्षित है। एटीएम के देखने वाले तकनीकी के इंजीनियर को बुलाया जा रहा है ।

उसके बाद ही स्पष्ट हो पाएगा आग लगने का कारण क्या और आग कैसे लगी लेकिन संभावना व्यक्त की जा रही है कि शॉर्ट सर्किट के कारण ही आग लगी है । मौके पर अग्निशामक की गाड़ी पहुंच कर आग पर काबू पा लिया हैं। लेकिन जिस तरह से एटीएम में अचानक आग लगी उससे पूरे बैंक परिसर एवं सड़क पर अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया ।भारी संख्या में बाजार के लोग इकट्ठे हो गए। आग की लपटे इतनी तेज थी अग्निशामक विभाग के कर्मचारियों को आग पर काबू पाने के लिए लगभग 1 घंटे काफी मकसद करना पड़ा है। इसके बाद आग पर काबू पाया गया है।

# डेंगू से घबराने की जरूरत नहीं, इसे लेकर विशेष सतर्कता की जरूरत

बांका, प्रात :किरण संवाददाता



बारिश का मौसम चल रहा है। तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव भी हो रहा है। ऐसे मौसम में डेंगू का भी खतरा बढ़ जाता है। अभी के समय में इसे लेकर विशेष सतर्कता की जरूरत है। जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ. बीरेंद्र कुमार यादव कहते हैं कि डेंगू से घबराने की जरूरत नहीं है, बल्कि इससे बचने की जरूरत है। कैसे डेंगू से बचे रहें, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। डेंगू के लक्षण की जानकारी बहुत लोगों को है और इससे कैसे बचा जाए, यह भी जानते हैं। दिन में मच्छर काटने से यह बीमारी होती है, इसलिए इससे बचाव पर फोकस करना चाहिए। डेंगू के सिर्फ गंभीर मरीजों को ही भर्ती करने की जरूरत पड़ती है।

डॉ. यादव ने बताया कि डेंगू के कुछ गंभीर लक्षण हैं। जैसे आंखों के पीछे दर्द होना, हड्डियों के जोड़ों पर भयानक दर्द होना और मच्छर के काटने पर लाल चकते होना। डेंगू के गंभीर मरीज का प्लेटलेट्स काफी कम हो जाता है, इसलिए उसे भर्ती करना पड़ता है। इसके अलावा सिर में दर्द होना, तेज बुखार होना जैसे लक्षण सभी को मालूम हैं। डेंगू से बचाव में सफाई है रामबाण इलाज। अगर सफाई रहेगी तो न कूलर में पानी जमा रहेगा और न ही नारियल के खोली में। साफ रहने पर सभी कुछ खत्म रहेगा। इसलिए नियमित तौर पर सफाई पर ध्यान देने की जरूरत है। इसके अलावा शरीर को पूरी तरह से ढकने वाला कपड़ा पहनें। शरीर का जो हिस्सा ढका नहीं है, उस पर मच्छर भगाने वाला क्रीम लगाएं। साथ ही मच्छरदानी का प्रयोग करें। ऐसा करते रहने से डेंगू से बचे रहेंगे। डॉ. बीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि एडीज मच्छर के काटने से डेंगू होता है। यह मच्छर दिन में काटता और स्थिर एवं साफ पानी में पनपता है। तेज बुखार, बदन, सिर एवं जोड़ों में दर्द और आंखों के पीछे दर्द हो तो सतर्क हो जाएं।

त्वचा पर लाल धब्बे या चकते का निशान, नाक- मसूढ़ों से या उल्टी के साथ रक्तस्राव होना और काला पखाना होना डेंगू के लक्षण हैं। इन लक्षणों के साथ यदि तेज बुखार हो तो तत्काल सदर अस्पताल जाएं और अपना इलाज करवाएं। डॉ. यादव ने कहा कि यदि किसी व्यक्ति को पहले डेंगू हो चुका है तो उसे ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। ऐसे व्यक्ति दोबारा डेंगू बुखार की आशंका होने पर सरकारी अस्पताल या फिर डॉक्टर से संपर्क करें। वेक्टर रोग नियंत्रण पदाधिकारी आरिफ इकबाल ने कहा कि डेंगू से बचने के लिए दिन में भी सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें। इसके साथ-साथ मच्छर भगाने वाली क्रीम या दवा का प्रयोग दिन में भी करें। पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें।

घर के सभी कमरों को साफ-सुथरा रखें। टूटे-फूटे बर्तनों, कूलर, एसी, फ्रीज में पानी जमा नहीं होने दें। पानी टंकी और घर के आसपास अन्य जगहों पर भी पानी नहीं जमने दें। घर के आसपास साफ-सफाई का ध्यान रखें और कीटनाशक दवा का इस्तेमाल करें। गमला, फूलदान का पानी हर दूसरे दिन बदल दें। घर के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों पर भी सतर्कता जरूरी है। मॉल व दुकान चलाने वाले लोग भी खाली जगहों पर रखे डिब्बे और कार्टनों में पानी जमा नहीं होने दें। जमे हुए पानी पर मिट्टी का तेल डालें।

### बथुआ बाजार मुख्य पथ बारिश से हुई झील में तब्दील, बढ़ी परेशानी

**गोपालगंज ।** जिले के फुलवरिया प्रखंड का भागीपट्टी समउर-मीरगंज मुख्य पथ का बथुआ बाजार हल्की बारिश में भी झील में तब्दील हो जाता है। और उक्त पथ से गुजरने वाले लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है. मंगलवार की देर शाम व बुधवार की अहले-सुबह हुई बारिश के कारण उक्त पथ पर झील का नजारा दिख रहा था। बथुआ बाजार मुख्य पथ से जुड़े उक्त सड़क में सबसे बुरा हाल पेट्रोल पंप से लेकर बड़ी मस्जिद के निकट है। जहां गड्ढे में तब्दील सड़क के उपर दो से तीन फीट पानी जमा है। अन्य दिनों में भी वहां कीचड़ युक्त पानी से ही लोगों को गुजरना पड़ता है। जिसके कारण यदा-कदा साईकिल एवं बाईक सवार को दुर्घटनाग्रस्त होना लगा ही रहता है। यातायात का दशकों का दंश झेल रहे बाजार वासियों की मानें तो विभाग के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों के उदासीनता के कारण ही यह स्थिति बरकरार है। बरसात के दिनों में इस मुख्य पथ पर पैदल चलना भी मुश्किल।

# डायरिया प्रबंधन जरूरी, आशा बाँट रही हैं घर-घर ओआरएस के पैकेट

अमरेन्द्र कुमार मिश्र

**आरा।** बदलते मौसम में डायरिया से पीड़ित मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। डायरिया के कारण बच्चों और वयस्कों में अत्यधिक निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) होने से समस्याएं बढ़ जाती एवं कुशल प्रबंधन के अभाव में यह जानलेवा भी हो जाता है। इसके लिए डायरिया के लक्षणों के प्रति सतर्कता एवं सही समय पर उचित प्रबंधन कर इस गंभीर रोग से आसानी से बचा जा सकता है। डायरिया के लक्षण दिखते ही मरीज तथा उसके घरवालों को सजग हो जाना चाहिए।प्राथमिक उपचार के रूप में ओआरएस का घोल दिया जा सकता है जिससे निर्जलीकरण की स्थिति से बचा जा सके। अगर मरीज को इससे राहत न मिले तो बिना विलम्ब किये तुरंत मरीज को चिकित्सक के पास ले जाना चाहिए। ताकि शीघ्र इलाज की समुचित व्यवस्था हो सके। इसमें विलम्ब जानलेवा साबित हो सकता तथा डायरिया से मरीजों की मृत्यु भी हो सकती है।

**ज्यादा घरेलु उपचार से बचें :**

एसीएमओ डॉ. केएन सिन्हा ने बताया कि डायरिया के लक्षण यदि ओआरएस के सेवन के बाद भी रहे तो अविलम्ब मरीज को डॉक्टर के पास ले जाएँ तथा उचित उपचार कराएं। उन्होंने बताया कि नीम हकीम द्वारा बताये गए उपायों से बचना चाहिए तथा चिकित्सीय सलाह लेनी चाहिए।जिले में डायरिया से होने वाली मृत्यु का प्रमुख कारण उपचार में की गयी देरी होती है। उन्होंने बताया कि जिले में डायरिया के बेहतर प्रबंधन तथा जनमानस में इसके लिए जागरूकता फैले इसके लिए जिले की आशा कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। आशा घर घर जाकर ओआरएस के पैकेट का वितरण कर रही हैं। साथ ही, रोग से बचाव तथा उसके लक्षणों के बारे में पूरी जानकारी लोगों को दे रही हैं।

**क्या है डायरिया :**

डायरिया मुख्यतः तीन प्रकार के होते हैं। पहला एक्यूट वाटरी डायरिया, जिसमें दस्त काफी पतला होता एवं यह कुछ घंटों या कुछ दिनों तक ही होता है। इससे निर्जलीकरण (डिहाइड्रेशन) एवं अचानक वजन में गिरावट होने का खतरा बढ़ जाता है। दूसरा एक्यूट ब्लडी डायरिया जिसे शूल के नाम से भी जाना जाता है। इससे आंत में संक्रमण एवं कुपोषण का खतरा बढ़ जाता है। तीसरा परसिस्टेंट डायरिया जो 14 दिन या इससे अधिक समय तक रहता है। इसके कारण बच्चों में कुपोषण एवं गैर-आंत के संक्रमण फैलने की संभावना बढ़ जाती है। चौथा अति कुपोषित बच्चों में होने वाला डायरिया होता है जो गंभीर डायरिया की श्रेणी में आता है। इससे व्यवस्थित संक्रमण, निर्जलीकरण, हृदय संबंधित समस्या, विटामिन एवं जरूरी खनिज लवण की कमी हो जाती है।

## संक्षिप्त खबरें

### रेखा रानी ने दिव्यांगों तथा बुजुर्गों को सहायता उपकरण किये वितरित

नई दिल्ली। पूर्व निगम पार्षद रेखा रानी द्वारा इआरडी केयर फाउन्डेशन के सहयोग से भजनपुरा में लगातार चौथी बार बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों को सहायता उपकरण वितरित किए गए। रेखा रानी ने बताया कि समाज में जरूरतमंद लोगों की सेवा में फाउन्डेशन के संस्थापक संजीव भारद्वाज की सेवाए वाकई सराहनीय है। संस्था के दिल्ली स्टेट कॉर्डिनेटर रणजीत दूबे विकलांग व जरूरतमंद लोगो के प्रति बेहद संवेदनशील है और बड़ी मेहनत और लगन के साथ काम करते है। संस्था बेहद नेक उद्देश्य के साथ बुजुर्गों, दिव्यांग भाई-बहनों एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा कर रही है। उन्होंने बताया कि आज कार्यालय में आए लोगो को 18 वॉकिंग स्टिक्स, 5 व्हीलचेयर, 2 बैसाखी व 6 वॉकर प्रदान किए। कई बेहद बीमार लोग जो कार्यालय नही आ सकते थे उनके घर जाकर उपकरण दिए गए। उन्होंने बताया कि भजनपुरा घोण्डा विधानसभा के अलावा दिल्ली के दूर दराज एरिया से भी लोग सहायता उपकरण के लिए आते है। रोहिणी में भी हमने संस्था के माध्यम से सहायता उपकरण वितरण कैम्प लगवाया क्योंकि वहां के कई जरूरतमंद लोगो ने हमसे संपर्क किया। समाज में हम सभी एक दूसरे से जुड़े हुए है, लोगो के चेहरो की खुशी देखकर बड़ा सुकून मिलता है और तसल्ली होती है कि हम किसी के कुछ काम आ सके। रणजीत दूबे ने कहा कि जल्दी ही यहां एक बड़ा वितरण कैम्प लगाए जाने की योजना है।

### शिवसेना पक्षप्रमुख उद्धव ठाकरे के जन्मदिन पर हवन यज्ञ

नई दिल्ली। शिवसेना पक्षप्रमुख माननीय उद्धव बालासाहेब ठाकरे के जन्मदिवस के उपलक्ष्य मंद दिल्ली शिवसेना द्वारा श्री राम हनुमान मंदिर दिलशाद गार्डन में हवन यज्ञ का आयोजन पंडित रविंदर के सानिध्य में किया गया। इस मौके पर दिल्ली शिवसेना प्रमुख मंगत राम मुंडे ने कहा कि यह हवन यज्ञ विशेष तौर पर उद्धव ठाकरे की लंबी उम्र के लिए किया गया है व दिल्ली का हर शिवसैनिक उद्धव के साथ खड़ा है। इस अवसर पर दिल्ली शिवसेना के वरिष्ठ नेता अर्जुन जैन, अशोक कुमार कपिल, राधे श्याम अरोड़ा, दीपक पवार, राकेश जोशी, संजय पंडित, प्रेम लता (बसंती), बबीता रानी, वीणा देवी, रेखा कुमारी, निशा रानी आदि सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### एकात्म मानववाद से ही समाज में समानता आएगी : महेश शर्मा

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में वृंदावन में चल रहे दिल्ली भाजपा के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन के प्रथम सत्र में केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग के संयोजक महेश शर्मा ने एकात्म मानववाद के बारे में विस्तृत चर्चा की और राष्ट्रीय मंत्री एवं प्रदेश की सह-प्रभारी डॉ अलका गुर्जर ने मोदी सरकार के दूरगामी परिणाम वाली विदेश नीतियों पर प्रकाश डालने का काम किया। दिल्ली की वर्तमान स्थिति एवं दिल्ली सरकार की विफलताओं के बारे में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने एवं चुनाव प्रबंधन को लेकर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक विजेन्द्र गुप्ता ने अपना संबोधन दिया। इसके साथ ही मीडिया और सोशल मीडिया का सही उपयोग करने के बारे में केंद्रीय प्रशिक्षण विभाग के सदस्य हेमंत गोस्वामी एवं हमारा विचार परिवार के बारे में प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन ने विस्तृत चर्चा की।

### एनडीएमसी परिषद की हुई बैठक, कई फैसलों को दी मंजूरी

नई दिल्ली। नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) की बुधवार को आयोजित परिषद की बैठक की अध्यक्षता विदेश और संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने की। इस बैठक में एनडीएमसी अध्यक्ष भूपिंदर सिंह भल्ला, उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, विधायक और सदस्य वीरेंद्र सिंह कादियान, कुलजीत सिंह चहल, विशाखा सैलानी, गिरीश सचदेवा और सचिव विक्रम सिंह मलिक ने परिषद के समक्ष रखी कार्यसूची के विषयों में नागरिक और कर्मचारी पर केंद्रित प्रस्तावों पर विचार किया और उन्हें मंजूरी दी। परिषद की बैठक के बाद एनडीएमसी सदस्य कुलजीत सिंह चहल ने प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए बताया कि परिषद ने नागरिक एवं कर्मचारी केन्द्रित प्रस्तावों से संबंधित विभिन्न एजेंडा विषयों पर विचार कर अनुमोदन के बाद स्वीकृति प्रदान की। परिषद द्वारा पारित किए गए मुख्य मुद्दे प्रदूषण मुक्त नई दिल्ली, 25000 व्यक्तियों का कौशल विकास और एनडीएमसी क्षेत्र के लिए आने वाले 25 वर्षों के लिए कार्य योजना रहे।

# आम आदमी पार्टी ने गुजरात के मुख्यमंत्री से की तत्काल इस्तीफे की मांग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी ने भाजपा के संरक्षण बेची जा रही जहरीली शराब पीने से लगातार हो रही मौतों के खिलाफ बुधवार को भाजपा कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में आम आदमी पार्टी के मंत्री, विधायक और कार्यकर्ताओं ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से अपने पद से तत्काल इस्तीफा देने की मांग की है। भाजपा की दिल्ली पुलिस ने इस प्रदर्शन को रोकने के लिए आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को जबरन हिरासत में लेकर बसों में भरा। इस प्रदर्शन के दौरान आप के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि जब भी सांसद, संसद में इस मुद्दे को उठाने की कोशिश करते हैं तो भाजपा वाले मुद्दा ही बदल देते हैं। आप विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि शराब बंदी के बावजूद गुजरात की हर घर-गली में शराब उपलब्ध है। इससे स्पष्ट है बीजेपी की सरकार के संरक्षण में पूरे गुजरात में एक गैर-कानूनी शराब का नेटवर्क चल रहा है।




सीबीआई की जांच दिल्ली में हो रही है और शराब माफिया गुजरात में फल-फूल रहा है। आप विधायक दिलीप पांडेय ने कहा कि भाजपा दिल्ली में भी गुजरात जैसा माहौल पैदा करना चाहती है इसलिए दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति का बार-बार विरोध करती है।आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री राजेंद्र पाल गौतम ने कहा कि भाजपा इन मौतों की जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं है। गुजरात में बीजेपी की सरकार है, उन्हीं के संरक्षण में जहरीली शराब लगातार बेची जा रही है। भारतीय जनता पार्टी कर क्या रही है? संसद में सांसद इस मुद्दे को उठाने की कोशिश करते हैं तो भाजपा के लोग मुद्दा बदलने की कोशिश करते हैं। संविधान खतरे में है। मुझे लगता है कि पूरे देश के लोगों को बीजेपी का असली चरित्र पता चल रहा है कि किस तरीके से वह संविधान को खत्म कर रही है। भाजपा अलग-अलग एजेंसियों का इस्तेमाल विपक्ष के लोगों के खिलाफ कर रही है। हम डरने वाले नहीं हैं। बीजेपी के भ्रष्टाचार का पुरजोर तरीके से विरोध करेंगे।

आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि गुजरात में शराब बंदी है, यह सभी जानते हैं। इसके बावजूद हर महीने गुजरात में खबर छपती है कि कई लोग जहरीली शराब पीने से मर गए। अब फिर से अखबार में खबर छपी है कि गुजरात में 55 लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हो गई। 150 लोग अस्पताल में भर्ती हैं, पता नहीं कितने लोग बच पाएंगे। पूरे हिंदुस्तान के लिए यह बहुत बड़ा सवाल है। जहां पर 27 सालों से भाजपा का राज है। प्रधानमंत्री खुद वहां मुख्यमंत्री रहे हैं। वहां पर हर महीने जहरीली शराब पीने से मौतें कैसे हो रही हैं? यानी कि गुजरात में हर गांव-गली और शहर में शराब उपलब्ध है। लोगों के पास बूट लेगिंग का काम उपलब्ध है। एक कॉल पर घर में शराब पहुंच जाती है। इसका मतलब बीजेपी की सरकार के संरक्षण में पूरे गुजरात में एक गैर-कानूनी शराब का नेटवर्क चल रहा है। ऐसे में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल अपने पद से इस्तीफा दें। गुजरात का करीब 15 हजार करोड़ का सलाना राजस्व प्राइवेट माफियाओं एवं भाजपा नेताओं की जेब में जा रहा है।

# दिल्ली में कांग्रेसियों ने किया सत्याग्रह

## सोनिया गांधी से ई डी में पूछताछ को लेकर जताया विरोध

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार के नेतृत्व में सभी 14 जिला कांग्रेस कमेटियों में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की मोदी सरकार द्वारा कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी पर राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से नेशनल हेराल्ड मामले पूछताछ के विरोध में सत्याग्रह किया गया। उन्होंने कहा कि 10 साल पहले बंद हुए नेशनल हेराल्ड मामले को पुनः पुनर्जीवित करके ई.डी. द्वारा बिना सबूत पूछताछ करना विशुद्ध राजनीति से प्रेरित द्वेषपूर्ण कार्यवाही लोकतंत्र की हत्या है। दिल्ली में शांतिपूर्ण सत्याग्रह कर रहे भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित प्रदेश अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार को पुलिस ने जबरन गिरफ्तार करके बसंत कुंज पुलिस स्टेशन में ले जाया गया जहां उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया गया। सभी 14 जिलों में आयोजित सत्याग्रह में पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, जिला अध्यक्ष, पूर्व निगम पार्षद, ब्लाक अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल सहित सेल एवं विभागों के पदाधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि कांग्रेस




कार्यकर्ता वही सत्याग्रह पर डटे रहेंगे, डरेंगे नही। केन्द्र सरकार के इशारे पर पुलिस की दमनकारी नीति के तहत कांग्रेस कार्यकताओं जिस तरह का दुर्व्यवहार किया जा रहा है उससे कांग्रेस कार्यकर्ता डरेंगे नही, सत्याग्रह जारी रहेगा। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस का शांतिपूर्ण सत्याग्रह तब तक जारी रहेगा जब तक ई.डी. कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी जी से बेबुनियाद पूछताछ बंद नही कर देती। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा द्वेष भावना से दवाब की राजनीति की शुरूआत करना विपक्षी पार्टियों को देश के ज्वलंत मुद्दों से ध्यान भटकाने के उदेश्य की कार्यवाही है, ताकि कांग्रेस पार्टी देश के हित में किसानों के मुद्दे, महंगाई, बेरोजगारी और देश की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों को न उठा सके। उन्होंने कहा कि देश में बिगड़ते हालातों पर राहुल गांधी जी द्वारा बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी पर पूछे सवालों का जवाब मोदी जी कब देंगे। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि नेशनल हेराल्ड नो प्रॉफिट नो लॉस की नीति पर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ने के लिए शुरू किया गया था और परंतु केन्द्र सरकार ने बदले की भावना से 10 वर्ष पहले बंद हो चुके नेशनल हेराल्ड मामले को ई.डी. दवाब बनाकर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी से तीन दिन और श्री राहुल गांधी जी से पांच दिन तक अनैतिक पूछताछ करके उनकी छवि को धूमिल करने की साजिश की है। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों में मोदी सरकार कांग्रेस पर प्रतिशोध की भावना के तहत कार्यवाही कर रही है, जिसे कांग्रेस कार्यकर्ता सहन नही करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके नेताओं पर शिकंजा कसने की इनकी पुरानी कोशिश है जिसे एक साजिश के तहत अंजाम देने में भाजपा को कभी कामयाबी नही मिली है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास डरने का नही रहा है।

# आइजीआइ बना दुनिया का 13वां सर्वाधिक व्यस्त एयरपोर्ट

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल (एसीआइ) संस्था की ओर वर्ष 2021 के लिए जारी की गई सूची में यात्रियों की संख्या के लिहाज से आइजीआइ विश्व का 13वां सर्वाधिक व्यस्त एयरपोर्ट बन गया है। वर्ष 2020 में आइजीआइ का स्थान इस सूची में 16वां था, इस लिहाज से आइजीआइ ने तीन पायदान आगे की छलांग लगाई है। वर्ष 2021 में आइजीआइ पर लगभग 3.7 करोड़ यात्रियों की आवाजाही रही एयरपोर्ट काउंसिल इंटरनेशनल के अनुसार वर्ष 2021 में आइजीआइ पर लगभग 3.7 करोड़ यात्रियों की आवाजाही रही, वहीं वर्ष 2020 में यह संख्या लगभग 2.8 करोड़ थी। प्रतिशत के हिसाब से यात्रियों की संख्या में यह लगभग 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी है, जो काफी अच्छी मानी जाती है। यदि कोरोना महामारी से पहले के दौर की तुलना करें तो वर्ष 2019 में आइजीआइ से 6.9 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की थी।




दुनिया का सर्वाधिक व्यस्त एयरपोर्ट अमेरिका का अटलांटा एसीआइ की रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2021 में दुनिया का सबसे व्यस्त एयरपोर्ट अमेरिका का अटलांटा रहा। यहां से 7.6 करोड़ यात्रियों ने यात्रा की। इसके एक वर्ष पूर्व यानी वर्ष 2020 में चीन का ग्वांगझोउ एयरपोर्ट यात्री संख्या के हिसाब से व्यस्त एयरपोर्ट था। चीन में यात्रा पर रोक रहने के कारण पिछले साल यह आठवें स्थान पर आ गया था। एसीआइ द्वारा जारी सूची में यदि विमानों की आवाजाही की संख्या पर ध्यान दें तो आइजीआइ एयरपोर्ट से 3.3 लाख विमानों ने उड़ान भरी, जबकि 2020 में महज 2.5 लाख विमानों ने उड़ान भरी थी।

# यमुना में झाग, माइक्रोप्लास्टिक व प्लास्टिक का विकल्प तलाशने के लिए होगा शोध

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली सरकार के पर्यावरण विभाग ने यमुना में झाग, भूजल व यमुना के पानी में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी और सिंगल यूज प्लास्टिक पर तीन अलग-अलग शोध कराने की योजना तैयार की है। इस शोध के जरिये यमुना में झाग के असल कारणों का पता लगाया जाएगा। यमुना के पानी व भूजल में माइक्रोप्लास्टिक होने की भी आशंका है लेकिन अभी तक कोई ठोस शोध नहीं हुआ है, इसलिए शोध के जरिये यमुना के पानी व भूजल में माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी का पता लगाया जाएगा। इसके अलावा सिंगल यूज प्लास्टिक का सस्ता विकल्प तलाशने की कोशिश की जाएगी। इस शोध के लिए पर्यावरण विभाग किसी शोध संस्थान की सेवा लेगा। इसके लिए पर्यावरण विभाग ने विभिन्न संस्थानों से प्रस्ताव मांगे हैं। पर्यावरण विभाग के अनुसार ये शोध शुरू होने के 12 माह में पूरे किए जाएंगे। इस शोध के नतीजों के आधार पर तीनों समस्याओं से निपटने के लिए



एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा। पर्यावरण विभाग का कहना है कि किसी भी समान को ले जाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक सस्ता, मजबूत व स्वच्छ माध्यम है। इस वजह से ही इसका इस्तेमाल अधिक होता है। इस वजह से भारी मात्रा में प्लास्टिक का कचरा उत्पन्न हो रहा है। जिसमें से सिर्फ नौ प्रतिशत का ही रीसाइक्लिंग हो पाता है। सिंगल यूज प्लास्टिक कचरे का ज्यादा हिस्सा कूड़े के साथ लैंडफिल साइट कर गिराया जाता है, जो पर्यावरण के लिए बड़ी समस्या है। शोध के जरिये यह पता लगाया जाएगा कि दिल्ली में किस तरह का सिंगल यूज प्लास्टिक अधिक इस्तेमाल होता है। तीन सालों में कुल खपत में उस सिंगल यूज प्लास्टिक भागीदारी कितनी रही है, रीसाइकिल करके किस तरह के प्लास्टिक का आसानी से दोबारा इस्तेमाल किया जा सकता है। इसके अलावा यह पता लगाने की कोशिश की जाएगी कि प्लास्टिक का किफायती विकल्प क्या हो सकता है और लोगों के बीच किस तरह पहुंचाया जाए, इसलिए मार्केटिंग की रणनीति भी तैयार की जाएगी। यमुना में झाग भी बढ़ी समस्या हो गई है। इसका कारण औद्योगिक इकाइयों से गिरने वाले रसायन, बगैर शोधन के गिरने वाला सीवरेज व डिटर्जेंट हो सकता है। झाग में फास्टफेट होता है। इस वजह से नदी के पानी के ऊपर भारी मात्रा में झाग बन जाता है। इस झाग के असल कारण का पता लगाया जाएगा। शोध में यह भी जानने की कोशिश की जाएगी कि नजफगढ़ व सप्लीमेंट्री ड्रेन में इस झाग के स्त्रोत क्या है। इसके अलावा उन नालों की पहचान की जाएगी जिससे यमुना में झाग युक्त कचरा अधिक गिरता है।

# आर्मी अफसर बनकर रबड़ पाइप की फैक्ट्री मालिक को ठगा 10.47 लाख रुपये गायब

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सेना का अधिकारी बताकर ठगों ने एक कारोबारी को लाखों रुपयों का चूना लगा दिया। ठगों ने पहले कारोबारी को रबड़ के पाइप खरीदने के बहाने अपने जाल में फंसाया और उनके बैंक की सारी जानकारी हासिल करके खाते से 10.47 लाख रुपये की रकम साफ कर दी। पीड़ित मयंक जैन की शिकायत पर शाहदरा जिले का साइबर थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। मयंक परिवार के साथ सैनी एन्क्लेव में रहते हैं। उनकी राजस्थान के नीमराना फेज-एक में रबड़ पाइप की फैक्ट्री है। 30 जून को वह पिता रविंद्र जैन के साथ फैक्ट्री में मौजूद थे। इसी दौरान उनके पिता के मोबाइल पर एक अंजान नंबर से फोन आया और कालर ने खुद को आर्मी अफसर बताकर रबड़ के पाइप खरीदने की इच्छा जाहिर की। पाइप की रकम तय करने के बाद ठग ने पीड़ित के पिता से कहा कि आर्मी के खाते में उनका बैंक अकाउंट जुड़ा हुआ नहीं है, उसे सक्रिय करने के लिए उसने कारोबारी से उसके खाते में पांच रुपये भेजने के लिए कहा। इस पर कारोबारी को शक हुआ




और उसने अपने पिता से कहा कि माल खरीदने वाला व्यक्ति हमें रुपये देगा न कि हम उसे पैसे देंगे। ठग ने उन्हें झांसे में लेने के लिए कहा कि आर्मी का नियम है, उसी खाते में रकम भेजी जा सकती है जिस खाते से आर्मी के बैंक खाते में रकम आई हो।

# नई शराब नीति व सत्येंद्र जैन को बर्खास्त करने की मांग, भाजपा कार्यकताओं ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी दिल्ली में नई शराब नीति को लेकर नाराजगी थमने का नाम नहीं ले रही है। बुधवार को नई शराब नीति व मंत्री सत्येंद्र जैन को बर्खास्त करने की मांग लेकर भाजपा कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। दर्जनों कार्यकर्ता हाथ में पोस्टर व बैनर-झंडे.लेकर आप कार्यालय के पास पहुंचे और केजरीवाल सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। दूसरी तरफ ज्यादातर विधानसभा क्षेत्रों में बड़े-बड़े तिरंगे लगाए गए हैं। इस बार सभी विधायक अपने-अपने विधानसभा क्षेत्र में जहां ये तिरंगे लगे हैं, वहां पर ध्वजारोहण व देशभक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगे। स्कूली बच्चों ने इसके लिए तैयारी व अभ्यास भी शुरू कर दिया है। तुगलकाबाद से विधायक सहीराम पहलवान ने बताया कि तुगलकाबाद रेलवे कालोनी स्थित रानी




झांसी विद्यालय, तुगलकाबाद स्थित सवरेदय कन्या विद्यालय और तेहखंड स्थित राजकीय विद्यालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन सभी जगहों पर बड़े तिरंगे स्थापित किए गए हैं। दिल्ली नगर निगम ने भी हर घर तिरंगा अभियान के लिए तैयारी की है, जिसमें 1550 स्कूलों में इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। स्कूली बच्चे एक से 15 अगस्त के बीच मोहल्लों में प्रभात फेरी निकालेंगे। साथ ही स्कूलों में उनको आजादी के नायकों के बारे में भी बताया जाएगा। निगम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रमुख फ्लाईओवर से लेकर प्रमुख मार्गो पर तिरंगे लगाए जाएंगे। साथ ही स्कूली बच्चों और आरडब्ल्यूए एवं मार्केट एसोसिएशन हर घर तिरंगा अभियान से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि निगम के स्कूलों में एक से 12 अगस्त तक बच्चों को तिरंगा बनाना सिखाया जाएगा। 13 अगस्त को इसी तिरंगे को सभी बच्चे अपने-अपने घर पर लगाएंगे।

## श्री भोले जी महाराज का जन्मोत्सव पर सत्संग समारोह शुरू

नई दिल्ली। द हंस फाउंडेशन की प्रेरणास्रोत एवं आध्यात्मिक विभूति माता श्री मगला जी ने कहा है कि जिस तरह गंगा मां किसी व्यक्ति से उसकी जाति और धर्म नहीं पूछती बल्कि बिना किसी भेदभाव के सभी की प्यास को मिटाती है इसी तरह सत्संग भी किसी के अंदर ऊंच-नीच, छोटा-बडा, जात-पात और अमीरी-गरीबी नहीं देखता। जो भी व्यक्ति सत्संग को ध्यान से सुनकर उसको आचरण में उतारता है, उसका जीवन धन्य हो जाता है। माता श्री मंगला जी हंस ज्योति द्वारा परमपूज्य श्री भोले जी महाराज के पावन जन्मोत्सव के शुभारंभ पर देश के विभिन्न भागों से आये साधु-संतों और श्रद्धालुओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा सत्संग और संतों के सानिध्य ने अंगुलीमाल एवं रत्नाकर जैसे दुष्प्रवति के लोगों का हृदय परिवर्तन कर उन्हें सच्चा संत बना दिया। उन्होंने कहा कि सत्संग समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करता है।

## सरकारी स्कूलों में दाखिला प्रक्रिया शुरू



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

राजधानी दिल्ली के सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में 11वीं में एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया बुधवार सो शुरू हो चुकी है। शिक्षा निदेशालय ने मामले में एक पत्र जारी कर कहा है कि सरकारी स्कूलों में नान प्लान दाखिलों के तहत 11वीं के लिए शुरू हो रही आवेदन प्रक्रिया में छात्रों को ऑनलाइन माध्यम से आवेदन करना होगा। यह जानकारी दी गई है कि एडमिशन प्रक्रिया दो चरणों में होगी। शिक्षा निदेशालय ने पत्र में बताया कि पहले चरण में दाखिले के लिए बुधवार (27 जुलाई) से 3 अगस्त के बीच छात्रों को आवेदन करना होगा। इसमें चयनित छात्रों को 10 अगस्त को स्कूल आवंटित किए जाएंगे। इसके बाद 12 से 20 अगस्त के बीच छात्रों को स्कूल पहुंचकर सभी दस्तावेजों का सत्यापन कराना होगा। दूसरे चरण की शुरूआत 17 अगस्त को होगी, जो कि 25 अगस्त तक चलेगी। इस चरण में चयनित छात्रों को 1 सितंबर को स्कूल आवंटित किए जाएंगे। 2 से 9 सितंबर के बीच छात्रों को स्कूल पहुंचकर सभी दस्तावेजों का सत्यापन कराकर दाखिला लेना होगा। सरकारी स्कूलों में 10वीं और 12वीं में दाखिले के लिए 25 जुलाई को कामन एडमिशन टेस्ट लिया गया था। बुधवार को परीक्षा का परिणाम घोषित किया जा सकता है। इस परीक्षा के लिए छात्रों को 22 जुलाई को प्रवेश पत्र जारी हुए थे। परीक्षा कुल दो घंटे की हुई थी। 12वीं में एडमिशन के लिए सभी विषयों से 25-25 अंकों के प्रश्न पूछे गए थे।

**खतरा** दिल्ली-नोएडा समेत गाजियाबाद में मिले संदिग्ध मरीज

# मंकीपाक्स का बढ़ रहा खतरा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली एनसीआर में मंकीपाक्स के संक्रमण का अब खतरा मंडराने लगा है। दिल्ली में 24 जुलाई को एक मंकीपाक्स का मरीज मिला है। तो वहीं, मंगलवार को दिल्ली में एक संदिग्ध मरीज मिला है, जो गाजियाबाद का रहने वाला है। इसके अलावा नोएडा और गाजियाबाद के जिला अस्पताल में भी मंकीपाक्स एक-एक संदिग्ध मरीज मिला है। सभी संदिग्ध मरीजों के सैंपल लेकर पुणे लैब में भेज दिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही अब स्थिति साफ हो पाएगी। दिल्ली में मिले मरीज का एलएनजेपी अस्पताल में इलाज चल रहा है। नोएडा में मिली संदिग्ध महिला सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल की नई बिल्डिंग में मंगलवार को इलाज के लिए मंकीपॉक्स की संदिग्ध महिला पहुंची थी। ग्रेटर नोएडा निवासी महिला का ब्लड और स्वैब का सैंपल लेकर जांच के लिए पुणे स्थित लैब भेजा गया है। महिला के मुंह और शरीर पर मंकीपॉक्स के लक्षण दिखने के बाद सैंपल लिए गए हैं। महिला की आयु



47 वर्ष बताई जा रही है। महिला अपने पति के साथ लक्षण दिखने पर जांच के लिए पहुंची थी। सैंपल लेने के बाद महिला को होम आइसोलेशन में रहने की सलाह दी गई है। महिला की ट्रेवल हिस्ट्री पता लगाई जा रही है। उनके संपर्क में आए लोगों के सैंपल लिए जाएंगे। गाजियाबाद में मिला मंकीपाक्स का एक संदिग्ध मरीज जिला एमएमजी अस्पताल की ओपीडी में मंगलवार को मंकीपॉक्स का एक संदिग्ध मरीज मिला है। संज्ञान में आते ही जिला सर्विलांस अधिकारी आरके गुप्ता ने मरीज का सैंपल लेकर जांच के लिए पुणे भेज दिया है। मरीज फिलहाल घर पर है। चिकत्सकों ने मरीज के शरीर के दाने देखकर चिकनपॉक्स मानते हुए तुरंत परामर्श लिख दिया लेकिन चिकित्सकों ने इसकी जानकारी सीएमओ को दे दी। दिल्ली में मिला संदिग्ध दिल्ली के लोकनायक अस्पताल में मंगलवार को मंकीपाक्स का एक और संदिग्ध मिला।


- ग्रेटर नोएडा निवासी महिला का ब्लड और स्वैब का सैंपल लेकर जांच के लिए पुणे स्थित लैब भेजा गया है
- सैंपल लेने के बाद महिला को होम आइसोलेशन में रहने की सलाह दी गई है

संदिग्ध दिल्ली से सटे गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) का रहने वाला है। मरीज को हल्का बुखार और शरीर लाल दाने दिख रहे हैं। लोकनायक अस्पताल ने जांच के लिए युवक के खून का सैंपल पुणे स्थित एनआइवी की लैब भेजा है। संदिग्ध दो महीने पहले ही पेरिस (फ्रांस) गया था। संदिग्ध शक्श 20 दिन पहले मुंबई से लौटा है। 24 जुलाई को मिला था मरीज, छठखढ में की गई बेड की व्यवस्था लोकनायक अस्पताल को मंकीपाक्स के इलाज के लिए नोडल अस्पताल बनाया गया है। यहीं पर मंकीपाक्स से पीड़ित 34 वर्षीय मरीज को भर्ती किया गया है। अभी अस्पताल के आइसोलेशन वार्ड में मंकीपाक्स के इलाज के लिए छह बेड की व्यवस्था की गई है। जरूरत पड़ने पर बेड की संख्या बढ़ाई जाएगी।

# कच्चा माल बेचने के नाम पर ठगी करने वाले गुजरात के गिरोह का भंडाफोड़

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

सस्ते दाम पर पैकिंग मैटेरियल (कच्चा माल) बेचने के नाम पर लोगों से ठगी करने वाली गुजरात के गिरोह का उत्तर पूर्वी जिले के साइबर सेल थाना पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने अहमदाबाद से तीन ठगों को गिरफ्तार किया है। इनकी पहचान परमार दिलीप, पवार श्याम और जितेंद्र कुमार चौहान के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से बैंक की आठ चेकबुक , 13 एटीएम कार्ड, पांच मोबाइल, नौ सिमकार्ड बरामद किए हैं। जिला पुलिस ने बताया कि ज्योति नगर निवासी नितिन जैन ने फरवरी 2022 में साइबर थाने में ठगी की शिकायत दी थी। पीड़ित का अपना कारोबार है। वह समान की पैकिंग के लिए कच्चा माल बाहर से खरीदते हैं। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर कच्चा माल सस्ते दाम पर बेचने वाली कंपनी का विज्ञापन देखा था। विज्ञान पर दिए नंबर पर उन्होंने काल की, लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। कुछ देर के बाद दूसरे अंजान नंबर से उनके पास काल आई। आरोपित ने खुद को गुजरात की एक निजी कंपनी का प्रतिनिधि बताया। सैंपल के रूप में आरोपितों ने



उन्हें कुछ माल भेजा, माल ठीक लगने पर कारोबारी ने 19 फरवरी को माल का आर्डर देकर उनके खाते में 3.89 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। रकम देने के बाद भी माल नहीं आया। उन्होंने कंपनी के मोबाइल पर प्रतिनिधियों से संपर्क करने की कोशिश की तो फोन बंद आया। वहीं, लक्ष्मी नगर इलाके में बिजली कनेक्शन काटने का डर दिखाकर ठगों ने बुजुर्ग महिला से 60 हजार रुपये ठग लिए। पीड़िता गुरमीत खन्ना (66) की शिकायत पर लक्ष्मी नगर थाना पुलिस जांच कर रही है। गुरमीत बैंक एन्क्लेव में रहती हैं। दस जुलाई को उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया कि अगर बिजली का बिल नहीं भरा तो कनेक्शन कट जाएगा। उन्होंने जिस नंबर से मैसेज आया था उस पर काल की।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जूनियर डिवीजन), गौतमबुद्धनगर।
इजराय संख्या-4/2021
M/S. S&D International
Through its prop Sh. Sharad Rustagi
R/o 5394/c First Floor Kishore Lal, New Market, Sadar Bazaar Delhi-11006
..... Decree Holder/plaintiff
VERSUS
Matkrt Movers Exports India Pvt. Ltd.
Through Its Director, Sd# J-1 NSEZ
Phase-2 Noida Distt- Gautam Budh Nagar UP 201305
Judgment Debtor/Defendant
हरगाह वादी/डिक्रीदार ने आपके नाम इजराय निस्तारण हेतु माननीय न्यायालय में दायर की है। लिहाजा आपको हुक्म होता है बतारीख के जो 17.08.2022 ई. वक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें हालात से करवाकर वाकिफ किया हो ओर कुल उमूरात अहम मुतल्लिका मुकदमा का जबाब दे सके जिसके साथ कोई ओर शख्स हो कि जो ऐसे सवालात का जबाब दे सकें हाजिर और जबाबदेही दावा की करें और उसी रोज अपनी जुमला गवाहों की जिनकी शहदात पर निजी तमाम दस्तावेज की जिन पर अपनी जबाबदेही की ताईद में इस्तमाल करना चाहते हो पेश करें अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूअ और फैसला होगा।
बरख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारिख 25.07.2022 ई. जारी किया।
आदेशानुसार
सिविल जज (जूनियर डिवीजन) गौतमबुद्धनगर।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (व.स), गौतमबुद्धनगर।
उत्तराधिकार वाद संख्या-282/2021
सतीश कुमार पुत्र स्व. श्री बतन निवासी ग्राम डुगरपुर रीलखा परगना दनकौर तहसील सदर जनपद गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश।
प्रार्थी/वादी
बनाम
1. कृष्ण कुमार पुत्र स्व. श्री बतन
2. अमित कुमार पुत्र स्व. श्री राजपाल
3. महर सिंह पुत्र स्व. श्री जयकरण
4. यशपाल पुत्र स्व. श्री जयकरण
5. ईश्वर पुत्र स्व. श्री जयकरण
निवासीगण ग्राम डूगरपुर रीलखा परगना दनकौर तह. सदर जनपद गौतमबुद्धनगर।
6. श्रीमती दया पत्नी श्री राजेन्द्र निवासी डी-191 सेक्टर-191 सेक्टर-49 नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर।
7. श्रीमती सुरेश पत्नी महेश गढ़ी मैदू दिल्ली
8. श्रीमती मुकेश पत्नी श्री सतवीर निवासी ग्राम दुमसरा जिला पलवल हरियाणा।
विपक्षीगण
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश उत्तराधिकार प्रार्थना पत्र मृतक महीपाल सिंह निवासी डुगरपुर रीलखा परगना दनकौर तहसील जनपद गौतमबुद्धनगर के द्वारा अपनी मृत्यु उपरान्त बैंक पंजाब नेशनल बैंक शाखा दनकौर जनपद गौतमबुद्धनगर बचत बैंक खाता संख्या 6441000100080077 अंकन 14,00000/रु की बावत यह उत्तराधिकार वाद माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है जिसमें सुनवाई हेतु दिनांक 29.07.2022 नियत है जिसको कोई एतराज है तो उक्त दिनांक बावक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात के करार वाकिफ किया गया हो और कुछ उमराई अहम मुतालिका मुकदमा का जबाब दे सके हाजिर हो और जबाब देही दावा करें और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने दस्तावेज पेश करे जिस पर आप अपनी जबादेही के दस्तखत करना चाहते हो अन्यथा वाद तिथि वादी के अलावा किसी को नहीं सुना जायेगा।
मुन्सरिम
सिविल जज (सी.डि)
गौतमबुद्धनगर।

# राजधानी किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, गुरुवार, 28 जुलाई, 2022

## प्रवर्तन निदेशालय ने दिल्ली के सत्येंद्र जैन के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने बुधवार को मनी लान्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन एवं अन्य के खिलाफ यहां एक अदालत में आरोप पत्र दाखिल की। ईडी ने आरोप लगाया है कि जैन के पास आय के ज्ञात स्रोत से अधिक संपत्ति है। इस चार्जशीट में अन्य आरोपियों के नाम भी शामिल किए गए हैं। समाचार एजेंसी आइएएनएस की रिपोर्ट के मुताबिक अदालत ने अभियोजन की शिकायत को स्वीकार कर लिया है।

अदालत अगली तारीख पर होने वाली सुनवाई में इसका संज्ञान ले सकती है। मालूम हो कि केंद्रीय एजेंसी यानी ईडी ने दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को 30 मई 2022 को पीएमएलए की धारा 19 के तहत गिरफ्तार किया था। फिलहाल सत्येंद्र जैन इस मामले में तिहाड़ जेल में कैद हैं। सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पहले ही अदालत खारिज कर चुकी है। प्रवर्तन निदेशालय ने 1 जुलाई को स्वास्थ्य मंत्री के दो सहयोगियों अंकुश जैन और वैभव जैन को गिरफ्तार किया था।

ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने सत्येंद्र जैन, उनकी पत्नी पूनम जैन और अजीत प्रसाद जैन सुनील कुमार जैन वैभव जैन और अंकुश जैन के खिलाफ पीसी अधिनियम, 1988 की धारा 13 (2) के साथ 13 (1) (ई) के तहत मनी लान्ड्रिंग के मामले में छानबीन शुरू की थी। प्रवर्तन निदेशालय ने 2017 में सीबीआई की ओर से दर्ज प्राथमिकी के आधार पर उक्त शिकायत दर्ज की थी।

सीबीआई ने 3 दिसंबर 2018 को सत्येंद्र जैन उनकी पत्नी पूनम जैन एवं अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। केंद्रीय जांच एजेंसी ने आरोप लगाया था कि सत्येंद्र जैन ने 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 के दौरान दिल्ली सरकार में मंत्री के पद पर रहते हुए आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की। सीबीआई ने, उनकी पत्नी पूनम जैन और अन्य आरोपियों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आरोप लगाए हैं।

## रोजगार बजट पर काम कर रही केजरीवाल : सिसोदिया

### चरणबद्ध तरीके से इन बाजारों के पुनर्विकास का किया जाएगा काम : सिसोदिया

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



केजरीवाल सरकार ने दिल्ली की अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने और 20 लाख रोजगार के अवसर तैयार करने के अपने विजन के साथ रोजगार बजट में शामिल योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है इस दिशा में बुधवार को उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया ने संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल, रिटेल मार्केटों के पुनर्विकास, दिल्ली के फूड हबों का विकास व फूड ट्रक पॉलिसी संबंधी चल रहे विभिन्न प्रोजेक्ट्स के प्रगति की समीक्षा की और सभी एजेंसीज को समय रहते सभी प्रोजेक्ट्स को पूरा करने के निर्देश दिए इस मौके पर वित्तमंत्री मनीष सिसोदिया ने कहा कि रोजगार बजट के अंतर्गत आने वाले इन प्रोजेक्ट्स के माध्यम से हमारा फोकस शहर की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के साथ-साथ नए रोजगार सृजित करना है उन्होंने कहा कि रिटेल बाजारों व फूड हबों के पुनर्विकास के माध्यम से हमारा उद्देश्य इन मार्केटों को वैश्विक पहचान देना है साथ ही दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल के द्वारा हम दिल्ली व देश के लोगों को शॉपिंग का विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करना चाहते है सरकार इन सभी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य कर रही है सरकार दिल्ली के प्रतिष्ठित रिटेल बाजारों को नया रूप देने के काम कर रही है, इसके लिए कई बार मार्केट एसोसिएशन सहित विभिन्न स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक की गई व उसके पश्चात पहले फेज के लिए 5 बाजारों का चयन किया गया बैठक में अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में पुनर्विकास के लिए चयनित 5 बाजारों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए उसके लिए, प्लान तैयार किया जा रहा है व चरणबद्ध तरीके से इन बाजारों के पुनर्विकास का काम किया जाएगा दिल्ली सरकार दिल्ली के आइकोनिक फूड मार्केटों के पुनर्विकास पर भी काम कर रही है इस दिशा में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा पिछले सप्ताह पुनर्विकास के पहले चरण के लिए मजनूं का टीला व चांदनी चौक को फूड हब के रूप में विकसित करने की घोषणा की बुधवार को समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों ने उपमुख्यमंत्री को बताया कि फिलहाल में इन दोनों मार्केटों की बुनियादी व भौतिक जरूरतों की पहचान की जा रही है इसके बाद इन दोनों मार्केटों के पुनर्विकास के लिए आने वाले दिनों में एक डिजाइन प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा और उसके बाद सबसे बेहतरीन डिजाइन को चयनित कर इन फूड हबों के रि-डेवलपमेंट का काम शुरू कर दिया जाएगा दिल्ली की रात्रि की अर्थव्यवस्था को और मजबूत करने व नागरिकों को बेहतर नाइटलाइफ देने की दिशा में दिल्ली सरकार जल्द ही दिल्ली की पहली फूड ट्रक पॉलिसी लेकर आने वाली है इस दिशा में अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली फूड ट्रक पॉलिसी के लिए सरकार ने अमेरिका व यूरोपियन शहरों के फूड ट्रक मॉडल को स्टडी किया है और उसके अनुरूप दिल्ली में भी फूड सेफ्टी व हाइजीन का ध्यान रखते हुए इस पॉलिसी को अपनाया जाएगा अभी वर्तमान में दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर फूड ट्रक की शुरूआत करने के लिए सरकार की संबंधित एजेंसी जगहों को चिन्हित कर रही है बैठक में उपमुख्यमंत्री ने बहुचर्चित दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल के प्रगति की भी समीक्षा की 28 जनवरी से 26 फरवरी 2023 तक चलने वाले विश्वस्तरीय दिल्ली शॉपिंग फेस्टिवल के तहत दिल्ली के लोगों और दिल्ली की संस्कृति का अनुभव करने के साथ-साथ शॉपिंग करने के लिए देश और दुनिया भर के लोगों को निमंत्रित किया जाएगा। पूरे फेस्टिवल के दौरान लोगों को शॉपिंग के लिए आकर्षक ऑफर व डिस्काउंट दिया जाएगा शॉप्पिन्फ फेस्टिवल से घरेलू और विदेशी सहित भारी संख्या में पर्यटकों आकर्षित होंगे जिससे होटल, रेस्तरां और अन्य व्यवसायों को बड़े पैमाने पर लाभ होगा।

## दिल्ली से यूपी और बिहार जाने वाली कई ट्रेनें 2 अगस्त तक रहेंगी निरस्त



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्वी तथा पश्चिमी डेडिकेटेड फ्रेट कोरिडोर (डीएफसी) को आपस में जोड़ने के दादरी यार्ड में नान इंटरलाकिंग का काम पूरा किया जाना है। इस कारण अगले कुछ दिनों तक इस रूट पर ट्रेनों की आवाजाही बाधित रहेगी। एक अगस्त को भी निरस्त रहेंगी कई ट्रेनें भारतीय रेलवे से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि पहले यह काम पूरा करने के लिए 23 व 24 जुलाई को इस रूट पर ट्रैफिक ब्लाक लिया गया था, लेकिन किसी कारणवश उसे निरस्त कर दिया गया था। एक अगस्त को यात्रा प्रारंभ करने वाली दरभंगा-नई दिल्ली विशेष (02569) और दो अगस्त को चलने वाली गोमती एक्सप्रेस (12419/12420), नई दिल्ली-दरभंगा विशेष (02570) व टूंडला-दिल्ली एमईएमयू (04183/04184) को निरस्त कर दी गई है। दो अगस्त को चलने वाली नई दिल्ली-गया महाबोधि एक्सप्रेस, नई दिल्ली-दरभंगा बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस और आनंद विहार टर्मिनल-भागलपुर विक्रमशिला एक्सप्रेस, नई दिल्ली-हावड़ा दुरंतो एक्सप्रेस, आनंद विहार टर्मिनल-संतरागाछी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 75 मिनट की देरी से चलेगी। बुधवार से दो अगस्त तक जरूरत के अनुसार, कई ट्रेनों को मार्ग में कुछ देर रोककर चलाया जाएगा। उधर, यात्रियों की सहूलियत और सुविधा के लिए भारतीय रेलवे ने नई सुविधा शुरू की है। इस नई राहत के तहत अब यात्री चलती ट्रेन में भी टिकट बनवा सकते है। इसके अलावा, यात्री अब ट्रेन में सफर करने के दौरान किराया या जुमार्ना डेबिट कार्ड के जरिए भर सकेंगे। 4 जी तकनीक से मिलेगी मदद इस तकनीक को रेलवे बेहतर करने के लिए 4जी के जरिए जोड़ रहा है। अभी तक 2जी सिस्टम होने के कारण कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन ऑनलाइन भुगतान किया जा सकता है। फिलहाल राजधानी और शताब्दी ट्रेन में रेलवे स्टाफ को नई मशीने दी जा चुकी है। अब एक्सप्रेस ट्रेनों के टीटी को ये मशीन दी जाएंगी।

## संक्षिप्त खबरें

### मुश्किल में डाल सकता है वाहन का गलत चालान

नई दिल्ली। यातायात नियमों के उल्लंघन पर पिछले कुछ वर्षो से देशभर में ई-चालान की व्यवस्था लागू है। मोबाइल या सीसीटीवी कैमरे के एक क्लिक से होने वाले ई-चालान ने ट्रैफिक पुलिस का काम आसान कर दिया है, लेकिन सिस्टम की खामियां आम लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन रही हैं। वाहन चालक के पास ई-चालान का ऑनलाइन भुगतान के तो कई विकल्प हैं। लेकिन आप गलत चालान के चक्कर में फंसे तो न तो ऑनलाइन कोई मदद मिलेगी और न ही कोई हेल्प लाइन आपकी हेल्प कर पाएगी। लिहाजा आप पुरानी गाड़ी बेचने जा रहे हैं तो संभल जाएं। क्या है सिस्टम की खामियां, क्या बरतें सावधानी और किस तरह की समस्या में फंस सकते है, यहां जानें हर सवाल का जवाब ? अगर आपको गलती से किसी और का ई-चालान प्राप्त हो रहा है तो उसे ऑनलाइन सही कराना फिलहाल संभव नहीं है। ऐसा दो स्थिति में हो सकता है।

### रोडरेज के झगड़े में मारपीट, दो घायल

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के दयालपुर में रोडरेज के दौरान हुए झगड़े में मारपीट से दो लोग घायल हो गए। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और उन्हें अस्पताल लेकर गई। पुलिस ने मामले में क्रॉस एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, 26 वर्षीय सलमान परिवार के साथ दयालपुर के शक्ति विहार में रहता है। सलमान ने बताया कि 24 जुलाई की रात उसका भांजा गली में स्कूटी चला रहा था। तभी पड़ोस में रहने वाले शुएब की बाइक में स्कूटी टच हो गई। इसके लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। शुएब के भाई समीर समेत अन्य वहां पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने सलमान के साथ मारपीट की। वहीं शुएब के भाई समीर का आरोप है कि झगड़े के दौरान सलमान समेत अन्य ने उसके साथ मारपीट की। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायल सलमान और समीर को जग प्रवेश चंद अस्पताल लेकर गई। मामले में सलमान और समीर दोनों ने शिकायत दी है। पुलिस क्रॉस एफआईआर दर्ज कर जांच कर रही है।

### संस्कृत को विश्व भर में पहुंचाएगा इग्नू

नई दिल्ली। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय और केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय विश्व के कई देशों में संस्कृत के पाठ्यक्रम मिलकर संचालित करेंगे। इस संबंध में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय और इग्नू के बीच समझौता हुआ है। इस अवसर पर केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा कि दोनों के इस अकादमिक समझौते से संस्कृत वैश्विक स्तर पर पहुंचेगी। इस दौरान दोनों विश्वविद्यालयों के बीच स्किल डेवलपमेंट के साथ-साथ वोकेशनल स्टडीज पर विशेष बल दिया जाएगा। केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय को इग्नू के लगभग 270 ओपन लर्निंग व्यवस्था से जोड़ा जाएगा। साथ ही दोनों विश्वविद्यालयों द्वारा संयुक्त कार्यशाला तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों को भी चलाया जाएगा।

## दिल्ली में संघ और विहिप इमारत को मिली बम से उड़ाने की धमकी

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

उदयपुर में दर्जी कन्हैयालाल की नृशंस हत्या समेत देशभर में कई जगहों पर सर तन से जुदा की तर्ज पर हत्याओं के बीच अब दिल्ली स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद, दिल्ली के कार्यालय को उड़ाने की सनसनीखेज धमकी मिली है। मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपित युवक धमकी देते हुए अलग-अलग समय में दोनों कार्यालयों में पहुंचा था। एक जगह पर उसने रेकी की थी, जबकि दूसरी जगह पर कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी दी। उसने कहा कि उसके नबी के बारे में क्या बोले जा रहे हो, क्या समझ रहे हो आप, हमें भी बताना आता है। इस कार्यालय को बम से उड़ा देंगे। दरअसल, पहले वह युवक उदासीन आश्रम स्थित संघ कार्यालय पहुंचा। फिर वहां से झंडेवाला स्थित विहिप के प्रदेश कार्यालय पहुंचा।

वहां वह विहिप के प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र गुप्ता को धमकी देने लगा। उसने कहा कि हमारे आका ने तय किया है इन सब कार्यालयों को बम से उड़ा देना है। जिसपर उन्होंने समझदारी दिखाते




हुए, उसे एक कमरे में बंद कर दिया और पुलिस को बुला लिया। जानकारी के मुताबिक, झंडेवाला पुलिस ने धमकी देने वाले युवक को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ कर रही है। उदासीन आश्रम स्थित संघ कार्यालय में संघ के शीर्ष पदाधिकारी तक प्रवास के दौरान रूकते हैं। वहीं झंडेवाला स्थित विहिप कार्यालय मंदिर परिसर में ही स्थित है। जहां हजारों की संख्या में भक्तों की हमेशा मौजूदगी रहती है। गनीमत यह रही कि धमकी देने वाले युवक के पास कोई विस्फोटक वस्तु नहीं थी अन्यथा कोई बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बढ़ जाती। विहिप प्रवक्ता विनोद बंसल ने युवक से कड़ाई से पूछताछ कर उससे मामले के रहस्योद्घाटन की मांग की है।

## कारगिल विजय दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण और दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाहदरा ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के लिए दिल्ली के न्यायिक सेवा संघ के सहयोग से लिटिल फ्लावर्स इंटरनेशनल स्कूल, कबीर नगर शाहदरा में कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया। स्कूल के बच्चों ने देशभक्ति के गीत, नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक पेश किये। डी.एल.एस.ए. शाहदरा द्वारा उठाया गया यह एक छोटा सा कदम है जिससे छात्रों में राष्ट्र के प्रति अपनेपन की भावना पैदा हो ताकि हम अपने घरों में चैन से सोते समय सीमा पर अपने सैनिकों द्वारा किए गए बलिदानों के बारे में बच्चों को याद दिला सकें और उन्हें उनके मौलिक कर्तव्यों के बारे में याद दिला सकें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अपर सचिव सुमित आनंद और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रणत कुमार जोशी उपस्थित रहे। सुमित आनंद ने अपने वक्तव्य में स्कूल के बच्चों को राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने के लिए प्रोत्साहित किया एवं अपने जीवन के अनुभव साझा किये।

## खैरा डाबर में चौ. ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेदिक संस्थान में बंद है लीच थेरेपी की सुविधा




नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

खैरा डाबर स्थित चौ. ब्रह्म प्रकाश आयुर्वेदिक चरक संस्थान में लीच थेरेपी बंद होने से मरीजों को इन दिनों खासी परेशानी हो रही है। कोरोना महामारी के बाद जब से अस्पताल में ओपीडी सेवाएं शुरू हुई है तब से लीच थेरेपी बंद है। फिलहाल अस्पताल में लीच थेरेपी के लिए आने वाले मरीजों को या तो दूसरे सरकारी अस्पताल में रेफर किया जा रहा या उनका अन्य तरीके से इलाज हो रहा है। देखभाल के अभाव में मर गए लीच सूत्रों की मानें तो कोरोना महामारी के दौरान देखभाल के अभाव के चलते जलौका पालन केंद्र में सभी लीच मर गई। अस्पताल प्रशासन का कहना हैं कि शल्य चिकित्सा विभाग कोशिश कर रहा है कि जल्द-से-जल्द लीच थेरेपी को पुनः शुरू किया जा सके, ताकि मरीजों को यहां-वहां न भटकना पड़े। बाहर से मंगाई गई थी लीच असल में 2018 से पूर्व इलाज के लिए लीच आर्डर पर बाहर से मंगाई जाती थी और 30 रुपये में मरीज की लीच थेरेपी होती थी। 2018 में अस्पताल प्रशासन ने परिसर में जलौका पालन केंद्र की शुरूआत की ताकि मरीजों के इलाज के लिए अस्पताल में ही लीच का प्रजनन किया जा सके। जलौका पालन केंद्र का स्वास्थ्य मंत्री ने किया था उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने इस जलौका पालन केंद्र का उद्घाटन किया था। पर जीव विज्ञान की पर्याप्त जानकारी नहीं होने के कारण अस्पताल प्रशासन जलौका पालन केंद्र का ठीक से संचालन कर पाने में असमर्थ साबित हुआ। यहां इलाज के लिए भी कभी पर्याप्त लीच का प्रजनन नहीं हुआ। अस्पताल प्रशासन इसके लिए कभी किसी जंतुविज्ञानी की मदद लेने का भी प्रयास नहीं किया। आलम यह है कि जलौका पालन केंद्र फिलहाल धूल फांक रहा है। यह सरासर सरकारी रुपयों की बबार्दी का प्रतीक है। अस्पताल में लीच थेरेपी की सुविधा बंद होने के कारण अस्पताल के आसपास कई निजी केंद्र शुरू हो गए है, जहां मरीजों से थेरेपी के नाम पर औने-पौने दाम लिए जा रहे हैं। लोग क्यों लेते हैं लीच थेरेपी विशेषज्ञ बताते हैं कि लीच की खून चूसने की स्वाभाविक खूबी के साथ सामंजस्य बिठाते हुए चिकित्सीय जगत में इसका उपयोग स्वच्छ रक्त के बजाय दूषित रक्त को निकालने में किया जाता है। चिकित्सा विज्ञान में लीच थेरेपी नाम से प्रचलित विधि को आयुर्वेद में जलौकावचारण विधि की संज्ञा दी जाती है।

## महिलाओं से गहने ठगने वाले दो गिरफ्तार

नई दिल्ली। महिलाओं को सम्मोहित कर गहने ठगने वाले दो बदमाशों को जीटीबी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। साथ ही आरोपियों से गहने खरीदने वाले एक रिसीवर को भी पकड़ा है। आरोपी 45 वर्षीय नईम, 32 वर्षीय हन्नन और रिसीवर 39 वर्षीय सुमित वर्मा से तीन जोड़ी कान की बालियां, एक चाकू और एक आर्टिफिशियल चेन बरामद की है। पुलिस के अनुसार, करावल नगर की रहने वाले 60 वर्षीय नजमा 22 जून को जीटीबी अस्पताल गई थी। इस दौरान दो आरोपियों ने उनकी बीमारी दूर करने के बहाने झांसे में लिया और सम्मोहित कर उनके कानों की बालियां निकाल ली और फरार हो गए। नजमा की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी फुटेज की मदद से दोनों आरोपियों की पहचान की गई। आरोपी नईम को शास्त्री पार्क के बुलंद मस्जिद इलाके से गिरफ्तार किया गया। इसके बाद आरोपी हन्नन को सीलमपुर से दबोचा। आरोपियों ने बताया कि वह ठगी के गहने सीलमपुर में ज्वेलर सुमित वर्मा को बेचते हैं। इसके बाद पुलिस ने सुमित वर्मा को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से ठगी के सात मामले सुलझाने का दावा किया है।

## रैपिड रेल स्टेशन के साथ बनाए जाएंगे 3 फुट ओवरब्रिज

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली-मेरठ रैपिड रेल के अंतर्गत न्यू अशोक नगर में निर्माणाधीन रैपिड रेल स्टेशन के साथ तीन फुट ओवरब्रिज होंगे। इससे यहां कनेक्टिविटी (संपर्क) मजबूत और बेहतर होगी। रैपिड रेल के साथ यहां मेट्रो स्टेशन भी है। फुट ओवरब्रिज बन जाने से लोग रैपिड रेल स्टेशन से मेट्रो स्टेशन के आवाजाही कर सकेंगे। यहां एनसीआरटीसी (नेशनल कैपिटल रीजन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन) की ओर से रैपिड रेल स्टेशन का निर्माण कार्य शुरू किया जा चुका है। यह स्टेशन पिलर पर बनाया जा रहा है। इसकी ऊंचाई 22 मीटर होगी। रैपिड रेल स्टेशन का निर्माण मौजूदा अशोक नगर मेट्रो स्टेशन के बहुत करीब किया जा रहा है। इनके बीच दूरी महज 100 मीटर है। परिवहन के दोनों साधनों के बीच कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए दोनों स्टेशनों के बीच में 90 मीटर लंबे और छह से 12 मीटर चौड़े फुट ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इसकी ऊंचाई जमीन से लगभग आठ मीटर होगी। इसके जरिये यात्री स्टेशन परिसर से बाहर निकले बिना ही दोनों परिवहन साधनों में से किसी एक का प्रयोग कर सकते हैं। इससे सड़क पर भीड़भाड़ कम होगी। यह विशेष रूप से महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और अधिक सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्रियों के लिए आरामदायक होगा। चिल्ला गांव और मयूर विहार एक्सटेंशन के आस-पास के इलाकों को जोड़ने के लिए भी 42 मीटर लंबा और 6.5 मीटर चौड़ा फुट ओवरब्रिज बनाया जाएगा। इसके अलावा, स्टेशन की दूसरी तरफ न्यू अशोक नगर क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए प्राचीन शिव मंदिर के पास 45 मीटर लंबा और आठ मीटर चौड़ा फुट ओवरब्रिज का निर्माण किया जाएगा। बता दें कि न्यू अशोक नगर मेट्रो स्टेशन पर बड़ी संख्या में यात्री नोएडा से आते हैं। इन्हें भी फुट ओवरब्रिज का लाभ मिलेगा। भविष्य में मेरठ या हवाई अड्डे जाने के लिए उन्हें आनंद विहार या सराय काले खां स्टेशन जाने के बजाय न्यू अशोक नगर से ही सीधी रैपिड रेल मिल सकेगी।

## दिल्ली में सात जगह खुले इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशन केजरीवाल ने की शुरूआत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली सरकार ने डीटीसी के सात बस डिपो में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए चार्जिंग स्टेशनों की शुरूआत की है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने इसका शुभारंभ किया। राजघाट डिपो पर इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन का मुख्यमंत्री ने निरीक्षण किया। सीएम केजरीवाल बोले- जनता को मिलेगी राहत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राजघाट डिपो में चार्जिंग स्टेशन का शुभारंभ करते हुए कहा कि आज ये सात चार्जिंग स्टेशन शुरू हो रहे हैं।



इससे जनता को बहुत राहत मिलेगी। इससे पहले चार्जिंग के 2000 प्वाइंट शुरू हो चुके हैं। चार्जिंग के के लिए कीमत हुई घोषित आज जिन चार्जिंग स्टेशन को शुरू किया गया है। इन पर दो तरह से वाहन चार्ज किए जा सकेंगे। धीमी चार्जिंग वाले में 3 रुपए और फास्ट चार्जिंग के लिए 10 रुपए प्रति यूनिट चार्ज किया जाएगा।

### ये हैं सात इलेक्ट्रिक वाहन चार्ज स्टेशन

- डीटीसी डिपो द्वारका सेक्टर-8
- डीटीसी डिपो राजघाट
- महरौली टर्मिनल
- नेहरू प्लेस टर्मिनल
- ओखला डिपो, फेज-2
- सुखदेव विहार डिपो
- कालकाली डिपो

## चिंता

### दुकानदार मुनाफा कमाने के चक्कर में चाइनीज मांझे की बिक्री करते हैं


## प्रतिबंध के बाद भी लोगों का काल बन रहा चाइनीज मांझा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली एनसीआर में हर साल रक्षाबंधन और 15 अगस्त के आसपास कई लोगों के लिए चाइनीज मांझा जानलेवा साहिब हो रहा है। दरअसल, दोनों त्योहारों पर पतंगबाजी का सीजन रहता है और लोग जमकर पतंगबाजी करते हैं। उसमें भी चाइनीज मांझे का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि भारतीय बाजार में चाइनीज मांझा पूरी तरह से प्रतिबंधित है, लेकिन दुकानदार मुनाफा कमाने के चक्कर में चाइनीज मांझे की बिक्री करते हैं। हैरत की बात देखिए कि मार्केट व दुकानों पर कुछ लोग कोड वर्ड का इस्तेमाल कर चाइनीज मांझा बेच रहे हैं। हालांकि कोर्ट और एनजीटी की ओर से चाइनीज मांझे की बिक्री पर मनाही है। इसके बाद भी मांझा धड़ल्ले से बेचा जा रहा है।

दिल्ली-एनसीआर में इन लोगों ने गवाई जान 25 जुलाई 2022 को दिल्ली के हैदरपुर इलाके में सुमित की मांझे की चपेट में आने से मौत हो गई।

16 अगस्त 2021 को मंगोलपुरी इलाके में एक 23 वर्षीय युवक की मांझे की चपेट में आने से मौत हो गई।



11 मई 2022 को मेरठ के एक युवक की चाइनजीज मांझे से मौत हो गई। युवक बाइक पर था और उसी समय मांझे से युवक की गर्दन बिल्कुल अलग हो गई। 14 अगस्त 2021 को नजफगढ़ निवासी सौरभ दहिया मंगोलपुरी फ्लाईओवर से उतर रहे थे। तभी चाइनीज मांझा गले में फंसा, जिससे उनकी मौत हो गई।

25 अगस्त 2019 को सोनिया विहार की इशिका (5) पिता के साथ बाइक के आगे बैठी थी। खजूरी खास में मांझा बच्ची के गले में अटका, जिससे पूरा गला कट गया और उसकी जान चली गई।15 अगस्त 2019 को पश्चिम विहार निवासी सिविल इंजीनियर मानव शर्मा (28) बहन के घर से बाइक पर लौट रहे थे। हरि नगर के पास गर्दन में मांझा लिपटा और मौके पर ही दम तोड़ दिया। 12 जुलाई 2019 को बदरपुर फ्लाईओवर पर दीप्ति (3) चाचा के साथ बाइक पर थी। मांझा चाचा की गर्दन में फंसा तो बैलेंस बिगड़ा और बाइक फ्लाईओवर से नीचे गिर गई। दीप्ति की अस्पताल में मौत हुई।कैसे बनता है चाइनीज मांझा दरअसल, चाइनीज मांझा अन्य मांझों की तरह धागों से नहीं बनता है। यह नायलॉन और एक मैटेलिक पाउडर से मिलकर बनाया जाता है। यह प्लास्टिक का जैसा लगता है और स्ट्रेचेबल होता है। जब इसे खींचते हैं तो यह टूटने के बजाय बढ़ जाता है। इसे काटना काफी मुश्किल होता है। इस पर धागे जैसे नायलॉन पर कांच या लोहे के चूरे से धार भी लगाई जाती है, जिस वजह से यह मांझा और भी घातक हो जाता है। एनजीटी ने लगाई थी रोक बता दें कि एनजीटी ने जुलाई 2017 में चाइनीज मांझे की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया था। पीपल्स फॉर एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल की अर्जी पर सुनवाई करते हुए कहा था कि खतरनाक मांझे से पशु-पक्षी और लोग बुरी तरह जख्मी हो जाते हैं। बढ़ते हादसों के मद्देनजर दखल की जरूरत पड़ी थी। एनजीटी ने इस पर पूरी तरह से बैन लगा रखा है। पांच साल की सजा का प्रविधान- चाइनीज मांझे की बिक्री पर पांच साल की सजा और एक लाख रुपये तक के जुमार्ने का प्रविधान है।

इसके बाद भी दुकानदार चाइनीज मांझे की बिक्री कर हादसों को बढ़ावा दे रहे हैं।

## वकील को मिला धमकी भरा नोट

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली के एक वकील को जान से मारने की धमकी मिलने का मामला सामने आया है। अधिवक्ता ने पुलिस से शिकायत कर अपनी सुरक्षा की गुहार लगाई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है और क्राइम ब्रांच पुलिस की एक टीम इस मामले में जांच कर रही है। धमकी भरे नोट में लिखा- यह अललाह का संदेश न्यूज एजेंसी आइएएनएस के अनुसार, दिल्ली के एक वकील विनीत जिंदल ने दिल्ली पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उन्हें बुधवार को एक धमकी भरा नोट मिला था। जिसमें लिखा था. यह अल्लाह का संदेश है, हम जल्द ही आपका भी सिर काट देंगे। इसके बाद अधिवक्ता ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। विदेशों से भी मिल चुकी हैं धमकियां इसके बाद पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि जिंदल ने कहा कि उन्हें पहले भी फोन कर जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। उन्हें कई बार फोन अमेरिका, कनाडा और ताइवान से आए थे। विनीत जिंदल एक सामाजिक कार्यकर्ता भी हैं। उन्होंने हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं



आहत करने के प्रयास को लेकर कई बार पुलिस से शिकायतें दर्ज कराई हैं। हाल ही में उन्होंने 14 जुलाई को भी अजमेर (राजस्थान) के आदिल चिश्ती के खिलाफ भी शिकायत दर्ज कराई थ। आरोप लगाया था कि चिश्ती ने हिंदू समुदाय के देवताओं को निशाना बनाया और विशेष समुदायों के बीच नफरत को भड़काने के लिए उनका मजाक उड़ाया। विनीत जिंदल ने फिल्म काली के विवादित पोस्टर को लेकर भी फिल्म निमार्ता लीना मणिमेकलाई के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। जिंदल ने बताया कि उन्हें पहले भी बब्बर खालसा और सिख जैसे प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से न्याय के लिए धमकी भरे फोन आए थे। पुलिस जिंदल की शिकायत पर जांच कर रही है।

## भजनपुरा इलाके में 11वीं कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म

नई दिल्ली। उत्तर-पूर्वी दिल्ली के भजनपुरा इलाके में 11वीं कक्षा की छात्रा के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मां के एक जानकार व्यक्ति ने डरा-धमकाकर वारदात को अंजाम दिया। पहले होली के दिन उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इसके बाद रविवार को दोबारा वारदात को अंजाम देकर पीड़िता की मां को जान से मारने की धमकी दी गई। परेशान पीड़िता ने सारी बात अपने माता-पिता को बताई। जिसके बाद पुलिस को खबर दी। पुलिस ने छात्रा का मेडिकल करवाया। बाद में पॉक्सो और दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया। वारदात के बाद से आरोपी फरार है। भजनपुरा थाना पुलिस उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के मुताबिक, 14 वर्षीय किशोरी परिवार के साथ भजनपुरा इलाके में रहती है। इसके परिवार में माता-पिता व दो अन्य बहनें हैं। पीड़िता की मां चंडीगढ़ के एक स्कूटी में टीचर हैं। दिल्ली में पीड़िता के पिता व बहने रहती हैं। तीनों ही बहनें पढ़ती हैं। इनके घर मां का एक जानकार व्यक्ति आता-जाता है। आरोप है कि होली के दिन घर पर पीड़िता और उसके पिता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला अदालतों में कार्य रहा स्थगित

गुरुग्राम। जिला अदालत की जिला बार एसोसिएशन द्वारा बुधवार को जिले की विभिन्न अदालतों में कार्य स्थगित रखा गया। जिला बार के प्रवक्ता का कहना है कि पानीपत व पलवल की जिला बार एसोसिएशन के सदस्यों के साथ पुलिस विभाग के अभद्र व्यवहार को लेकर जिला बार ने कार्य स्थगित करने का निर्णय लिया। विभिन्न अदालतों में अधिवक्ता पेश नहीं हुए। प्रॉक्सी अधिवक्ताओं ने पेश होकर मामलों में अगली तारीखें ली। दूर-दराज से आने वाले मुवक्किलों को बड़ी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। इन मुवक्किलों का कहना था कि बुधवार को उनके मामलों की सुनवाई थी, लेकिन कार्य स्थगित होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। जिला बार ने पुलिस विभाग से आग्रह किया है कि पुलिस विभाग को अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता का व्यवहार नहीं करना चाहिए। अधिवक्ता व पुलिस विभाग एक दूसरे के पूरक हैं। ऐसी घटनाओं से दोनों पक्षों को बचना चाहिए, ताकि पानीपत व पलवल जैसी घटनाओं की पुनरावृति न हो सके।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया ईडी की कार्यवाही के खिलाफ धरना-प्रदर्शन

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता




**विरोध**

- देश का ध्यान भटकाने के लिए बदले की भावना से कार्यवाही कर रही है भाजपा सरकार

ईडी द्वारा कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी से बुधवार को की गई पूछताछ के विरोध में कांग्रेस कार्यकताओं द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कुलराज कटारिया ने कहा कि केंद्र सरकार सरकारी संस्थाओं का दुरुपयोग कर कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी को परेशान कर रही है। केंद्र सरकार कांग्रेसियों पर बदले की भावना से कार्यवाही कर रही है। देश की जनता का महंगाई, भ्रष्टाचार आदि से ध्यान भटकाने का काम किया जा रहा है।

भाजपा सरकार में न तो किसान खुश है और न ही युवा वर्ग। आमजन को भी महंगाई के नीचे दबा दिया है। देश पर प्रतिदिन कर्ज का बोझ बढ़ता जा रहा है। देश की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। गरीब और गरीब होता जा रहा है। उन्होंने कहा कि यदि केंद्र की भाजपा सरकार अपनी जनविरोधी नीतियों को बंद नहीं करती है तो विपक्ष सडकों पर उतरकर देशवासियों के हितों की रक्षा करने के लिए आंदोलन करता रहेगा।

पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया ने कहा कि कांग्रेस द्वारा केंद्र सरकार की जनता विरोधी योजनाओं पर सवाल उठाए जाने पर आज कांग्रेसी नेताओं के घर कहीं सीबीआई की रेड तो कहीं ईडी की छापेमारी कराई जाती है यह सब राजनीतिक दुश्मनी के कारण किया जा रहा है, कटारिया ने कहा कि भाजपा एक बात जान ले और समझ ले कि कांग्रेस का कोई भी सिपाही किसी भी कार्रवाई से डरने वाला नहीं है, इस मौके पर उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई भी एजेंसी किसी भी मामले की जांच करती है तो जांच जल्द पूरी करें जिससे कि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके।

कांग्रेसी नेता पंकज डावर ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता महंगाई से त्राहि-त्राहि कर रही है लोगों को मूलभूत सुविधाएं नहीं मिल रही, जनता पर लगातार विभिन्न प्रकार के टैक्स लगाए जा रहे हैं जिससे हालात यह है कि लोगों को दो वक्त की रोजी रोटी के लिए भी लंबा सफर करना पड़ रहा है, पंकज डावर ने कहा कि भाजपा जो भी जनता विरोधी कार्य करेगी सभी कार्यों का विरोध कांग्रेस पार्टी करती रही है और आगे भी करती रहेगी, भाजपा कांग्रेस के सिपाहियों के पीछे चाहे सीबीआई लगाए चाहे ईडी कांग्रेस के सिपाहियों पर कोई फर्क पड़ने वाला नहीं है पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया,राव वीरेंदर, सुधीर चौधरी, राव कमलबीर, कुलराज कटारिया, महेश घोडारोप, पंकज डावर, अशोक भास्कर, अमित भारद्वाज, मनीष खटाना, मुकेश डागर, सुशील भारद्वाज, दिनेश शर्मा, मुकेश सोलंकी, निशित कटारिया, अमित यादव, पूजा शर्मा, निर्मल यादव, सुदेश कुमारी, सतबीर पहलवान, अशोक टांक, भारत मदान, महाबीर बहोरा, नरेश वसिष्ट, सुनील यादव, धर्मेंद्र मिश्रा, अमित शर्मा, शुभम शर्मा, राजेश चेयरमैन, अजीत, हबीब, समशुदीन, चौ नाथोली, इशाक, लोकेश राघव, राकेश शर्मा, जवाहर सरपंच, सुभाष मण्डावर, जकरिया सरपंच, धर्म भारद्वाज, रविंदर निमोट, कर्मबीर लाला खेड़ली, अरुण शर्मा एडवोकेट, जय भगवान, रणबीर कटारिया, सतपाल दहिया, शीश पाल जांघू आदि शामिल रहे।

# कट्टे के दम पर दुष्कर्म करने वाला आरोपी वाराणसी से गिरफ्तार

फरीदाबाद, प्रात : किरण संवाददाता



देसी कट्टे का डर दिखाकर नाबालिग लडकी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को सीआईए सेक्टर-56 पुलिस ने उत्तरप्रदेश के वाराणसी से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बुधवार को बताया कि आरोपी फरजाद उर्फ नदीम फरीदाबाद के गांव फतेहपुर का रहने वाला है। आरोपी नाबालिग लडकी के पडोस में रहता है। पीड़ित लडकी के साथ पहले देसी कट्टे के दम पर कई बार दुष्कर्म कर चुका है।

आरोपी नाबालिग लडकी को 3 जुलाई को कट्टे से डराकर अपने साथ भगाकर ले गया था, जिसकी सूचना पीड़ित लडकी के परिजनों ने थाना धौज में दी। थाना पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज कर लडकी की तलाश शुरू कर दी। मामले की कार्रवाई क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 को मिली जिस पर आरोपी की सूचना असम की मिली लेकिन रेड करने पर आरोपी वहां से फरार हो गया था। आरोपी की अब उत्तर प्रदेश के वाराणसी होने की सूचना मिली जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी को वाराणसी से गिरफ्तार कर नाबालिग लडकी को बरामद कर फरीदाबाद लाया गया। आरोपी से मौके पर तलाशी के दौरान देसी कट्टा व 3 जिन्दा रोंद बरामद हुए थे। बुधवार को लडकी के अदालत में ब्यान दर्ज कराए गए। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि वह टैक्सी गाड़ी चलाता है। आरोपी लडकी के पडोस में ही रहता है। आरोपी ने लडकी को देसी कट्टे का भय दिखाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म करने की वरदात को अंजाम दिया है। आरोपी लडकी को कट्टे से डराकर अपनी स्विफ्ट कार में भगा कर ले गया तथा गाड़ी को दिल्ली में छोड दिया ट्रेन पकड़ कर वाराणसी ले आया। आरोपी से वारदात में प्रयोग गाडी को दिल्ली से बरामद कर लिया गया है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# राजनीति में चापलुसी से नहीं, काम करने से बढ़ता है कद: विनोद तावड़े

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री व हरियाणा प्रभारी विनोद तावड़े ने कहा कि राजनीति में महत्वाकांक्षी होना स्वाभाविक है। लेकिन यह महत्वकांक्षा पार्टी से उपर नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति में चापलुसी करने से नहीं बल्कि काम करने से आगे बढ़ा जा सकता है। संगठन व पार्टी के लिए किया गया काम ही कार्यकर्ता को मंच तक पहुंचाता है। उन्होंने कार्यकताओं से इस बात पर जोर देते हुए कहा कि वे किसी नेता के लिए नहीं बल्कि दल के लिए काम करें। श्री तावड़े बुधवार को गुरुग्राम स्थित भाजपा के गुरुकमल प्रदेश कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर पदाधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर उनके साथ राष्ट्रीय महामंत्री व अल्पसंख्यक मोर्चा प्रभारी डी. पुरूंदेश्वरी व अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीयअध्यक्ष जमाल सिद्दिकी भी उपस्थित थे।देश के अलग-अलग राज्यों से आए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के पदाधिकारियों व कार्यकताओं को संबोधित करते हुए श्री तावड़े ने कहा कि अल्पसंख्यक वर्ग में वोट के लिए कार्यकताओं को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ सकता है। अल्पसंख्यक वर्ग खासकर मुस्लिम समाज से पार्टी के लिए वोट एकजुट करना कठिन है लेकिन असंभव नहीं हैं । उन्होंने कहा कि पहले सजगता से अपनी भूमिका तय करें, क्या देखते हैं और क्या बोलते हैं उस पर मंथन करें तभी फिल्ड में उतरें। विनोद तावड़े ने कहा कि कार्यकर्ता अपने समाज के लोगों के दिल में उतरकर उनका विश्वास जीते और मोदी सरकार की अल्पसंख्यकों के लिए बनाई गई योजनाओं की जानकारी दें। पार्टी में किसी भी धर्म को लेकर कोई शंका नहीं है। 1947 के बाद जो यहां रह रहा है वह भारत का नागरिक है। उन्होंने कार्यकताओं को सुझाव देते हुए कहा कि वे ज्यादा से ज्यादा लोगों को पार्टी से जोड़ें और आवाम को जानकारी दें कि मोदी सरकार का लक्ष्य सबका साथ, सबका विकास करना है।तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर श्री तावड़े ने तीन दिनों तक अपनी सेवाएं दे रहे संगठन के कार्यकताओं का सम्मान किया। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रशिक्षण शिविर के अंतिम वर्ग के कार्यक्रम में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश प्रभारी राजीव जैन, हुसैन खान अल्पसंख्यक मोर्चा, दिल्ली प्रदेश प्रभारी वह प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम संयोजक जाकिर हुसैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा उत्तर प्रदेश प्रदेश प्रभारी सईद अहमद, रहीश, आदि भी उपस्थित रहे।

# मानवता अभी भी है जीवित, घायल को उपचार के लिए पहुंचाया अस्पताल



**गुरुग्राम।** आपाधापी जिंदगी में मानव के पास किसी की सहायता करने का समय ही नहीं है, लेकिन मानवता अभी भी लोगों में जीवित है। इस प्रकार की संवेदनशीलता कुछ लोगों में होती है। ऐसी ही एक घटना बुधवार की प्रातः देखने को मिली। प्रातः राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित हीरो होण्डा चौक के फ्लाईओवर पर सडक दुर्घटना हो गई, जिसमें एक अज्ञात वाहन दोपहिया वाहन चालक को टक्कर मारकर फरार हो गया। राह चलते सामाजिक कार्यकताओं राजेश पटेल, विजय तिवारी, राजीव ठाकुर, शैलेंद्र आदि ने टक्कर से घायल हुए व्यक्ति को किसी तरह से उठाया और मानवता का परिचय देते हुए उसे उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। इन सामाजिक कार्यकताओं का कहना है कि हर किसी में संवेदना अवश्य होनी चाहिए। ऐसी परिस्थितियों में घायल हुए व्यक्ति को उपचार की सख्त जरुरत होती है। इसको अपना धर्म मानकर कार्य करना चाहिए।

# उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ का यादव समाज ने किया अभिनंदन: विरेन्द्र यादव

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



- यादव समाज का में सदा ऋणी रहूंगा: जगदीप धनखड़

विरेन्द्र यादव चेयरमैन ने बताया कि यादव समाज के सम्मानित सदस्यों और भाजपा किसान मोर्चा गुरुग्राम के कार्यकताओं ने एनडीए के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार किसान पुत्र जगदीप धनखड़ से दिल्ली निवास पर मुलाकात कर उनका अभिनंदन किया।

इस अवसर पर किसान मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर, राष्ट्रीय महामंत्री डॉक्टर शंभू ,राष्ट्रीय मीडिया पेनल्स्टि मनोज यादव व यादव समाज से नरेंद्र यादव रिटायर्ड एचसीएस अधिकारी ,विंग कमांडर प्रीतम यादव ,मुकेश यादव, करण सिंह यादव, वेद प्रकाश यादव ,धर्म नंबरदार, मुकेश जैलदार, सुबेदार आनन्द यादव, दिनेश यादव ,सूबेदार ओम प्रकाश यादव, सुभाष यादव, किसान मोर्चा से श्री सीताराम सिंगल, मनोज तंवर ,जयपाल राघव ,अनिल यादव ,अमयू यादव , डॉ ललित शर्मा , संजय शर्मा, केशव कुमार, सुनील ठक्कर सहित गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।नरेन्द्र यादव सुचना आयुक्त, धर्म नंबरदार , मुकेश जैलदार सहित सम्मानित सदस्यों ने यादव समाज की तरफ से सम्मान की सूचक पगड़ी पहनाकर ओर भगवान कृष्ण की प्रतिमा भेंट कर जगदीप धनखड़ का अभिनंदन किया और उनको जीत की अग्रिम बधाई दी।

जगदीप धनखड़ ने कहा कि मेरे जीवन में यादव समाज का बहुत बड़ा योगदान है और मैं सदैव यादव समाज का ऋणी रहूंगा।किसान मोर्चा के कार्यकताओं ने किसान पुत्र जगदीप धनखड़ को किसानों की पहचान हल भेंट कर उनका अभिनंदन व सम्मान किया। किसान मोर्चा के कार्यकताओं ने धनखड़ को बताया कि आज हम किसान भाईयों का सीना गर्व से चौड़ा हो गया हैं कि एक किसान का बेटा भी उपराष्ट्रपति व उच्च संवैधानिक पदों पर बैठ सकता है। देश की पहली आदिवासी महिला को राष्ट्रपति के पद पर आसीन ओर किसान के बेटे को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करके मोदी ने सीध कर दिया है कि मोदी सरकार किसान , मजदूर, पिछड़े, व आदिवासी समाज के लिए समर्पित है।

# पीवीआर ने सिनेमा एडवरटाईजिंग में लेटेस्ट इन्नोवेशन किया प्रस्तुत

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

कोरोना काल के बाद सिनेमा व्यवसाय भी पटरी पर आने के प्रयासों में जुटा है। कोरोना काल में सिनेमा व्यवसाय को भी बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। देश की सबसे बड़ी सिनेमा प्रदर्शनी पीवीआर सिनेमाज ने एडवरटाईजिंग स्पेश में लेटेस्ट इन्नोवेशन की घोषणा की है। पीवीआर के सीईओ गौतम दत्ता ने बताया कि देश में पहली बार 270 डिग्री ऑनस्क्रीन एक्सपीरिएंशल इन सिनेमा एडवरटाईजिंग प्रस्तुत की है, ताकि ब्रांड के प्रति लोगों की उत्सुकता बढ़ाई जा सके। उन्होंने बताया कि मारुति सुजूकी सिनेमा में ऑल न्यू 2022 मारुति सुजूकी ब्रेजा का लॉन्च करने के लिए इस प्लेटफार्म का उपयोग करने वाला पहला एडवरटाईजर बन गया है। इस उत्पाद के एक्सपीरिएंशल व्यू का प्रदर्शन दिल्ली, गुडगांव, मुंबई, बैंगलोर के पीवीआर सिनेमाज में किया जा रहा है।

### कृषि यंत्रों का फर्रुखनगर में कमेटी ने किया भौतिक सत्यापन

**गुरुग्राम।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अनुदान पर दिए जाने वाले कृषि यंत्रों का अनाज मंडी फर्रुखनगर में अतिरिक्त उपायुक्त द्वारा गठित कमेटी द्वारा भौतिक सत्यापन किया गया। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के सहायक कृषि अभियन्ता यादवेंद्र सिंह ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2022-23 में कृषि मशीनीकरण को बढावा देने के लिए राज्य व केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के तहत कृषि यन्त्रों पर अनुदान दिया जा रहा है। इसमें किसानों को 40 से 50 प्रतिशत अनुदान पर कृषि यंत्र दिए जाएंगे। इसके लिए आनलाईन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। यादवेंद्र ने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग, छोटे व मंझले, महिला किसानों को 50 प्रतिशत पर कृषि उपकरण दिए जाएंगे तथा बड़े किसानों को 40 प्रतिशत की दर से अनुदान उपलब्ध करवाया जाएगा। योजना के तहत विभिन्न कृषि यन्त्रों जैसे कि कॉटन सीड ड्रिल, ट्रैक्टर माउंटेड स्प्रे पंप, डायरेक्ट सीडेड राइस मशीन, इत्यादि पर अनुदान उपलब्ध करवाया जाएगा।

# भाजपा गुरुग्राम में संगठनात्मक नियुक्तियां



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने संजय गाबा एडवोकेट, सुमित कपूर को जिला कार्यकारिणी सदस्य भाजपा नियुक्त किया साथ ही प्रदेश संयोजक मजदूर संघ भाजपा सतीश नागर ने जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ से विचार-विमर्श कर मुकेश कौशिक गाडोली को मजदूर संघ भाजपा गुरुग्राम का जिला संयोजक नियुक्त किया। जिला अध्यक्ष ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी और कहा कि आशा करती हूं की संगठन जो दायित्व आपको दिया है उस पर आप पूर्ण निष्ठा से काम करेंगे। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि जो विश्वास पार्टी संगठन ने हम पर जताया है उस पर पूर्ण निष्ठा से कार्य करेंगे और संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। इस दौरान जिला महामंत्री मनीष गाडोली, महेश यादव कार्टरपुरी, राजेश अरोड़ा,जितेंद्र चौहान, यादराम जोया पार्षद, जयवीर यादव, रामवीर भाटी, निधि राघव, सुनील यादव , निधि कोटिया, उपस्थित रहे।

# जूनियर वूमेंस स्वीमिंग सीरिज प्रतियोगिता के पंजीकरण एक अगस्त से: नवीन गोयल

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



- खेलो इंडिया के तहत होगी जूनियर वूमेंस स्वीमिंग सीरीज प्रतियोगिता

खेलो इंडिया के तहत जूनियर वूमेंस स्वीमिंग सीरीज प्रतियोगिता का आयोजन दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में किया जा रहा है। आगामी 20 और 21 अगस्त 2022 को होने वाली इस प्रतियोगिता को चार जोन में बांटा गया है। प्रतियोगिता के लिए एक अगस्त 2022 से पंजीकरण शुरू होंगे। यह जानकारी स्वीमिंग एसोसिएशन गुरुग्राम जिला प्रधान नवीन गोयल ने दी।

श्री गोयल ने बताया कि जोन-1 में हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल, चंडीगढ़, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कश्मीर और लद्दाख को शामिल किया गया है। जोन-1 यानी नार्थ जोन की जूनियर वूमेंस स्वीमिंग सीरीज 20 और 21 अगस्त को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता के लिए दो ग्रुप बनाए गए हैं। साल 2004, 2005 और 2006 में जन्म लेने वाली महिला तैराकों का अलग ग्रुप है और साल 2007 से साल 2011 तक जन्म लेने वाली महिला तैराकों का अलग ग्रुप बनाया गया है। स्वीमिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तहत पंजीकृत तैराक इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले तैराकों को अपनी एसएफआई आईडी के साथ ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एक अगस्त से 15 अगस्त तक करवाना होगा। 15 अगस्त के बाद रजिस्ट्रेशन बंद कर दिए जाएंगे। केवल रजिस्ट्रेशन करवाने वाली महिला तैराक ही प्रतियोगिता में भाग ले सकेंगी। नवीन गोयल ने बताया कि हरियाणा तैराकी संघ के प्रधान सांसद धर्मबीर सिंह के नेतृत्व में तैराकी में खिलाडियों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से यह आयोजन हो रहा है। भारत सरकार के खेलो इंडिया के तहत यह प्रतियोगिता कराई जा रही है। प्रतियोगिता में पहले पांच स्थानों पर आने वाले तैराकों को 2 हजार से 6 हजार तक कि इनाम राशि दी जाएगी।

# आयुक्त ने की निगम पार्षदों के साथ बैठक



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

- आजादी का अमृत महोत्सव के तहत 13 से 15 अगस्त तक फहराया जाएगा हर घर तिरंगा

देशवासियों में देशभक्ति की भावना पैदा करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा 13 से 15 अगस्त तक हर घर पर तिरंगा फहराने का निर्णय लिया गया है।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए नगर निगम गुरूग्राम के संयुक्त आयुक्त-3 सतीश यादव ने जोन-3 क्षेत्र के निगम पार्षदों के साथ बैठक की तथा उनसे अभियान को अपने-अपने वार्ड में सफल बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि निगम पार्षद अपने-अपने वार्ड के नागरिकों के साथ मिलकर उन्हें हर घर तिरंगा अभियान के बारे में प्रेरित करें। नगर निगम गुरूग्राम द्वारा निगम क्षेत्र के नागरिकों को 3 लाख तिरंगे झंडे मुहैया करवाए जाएंगे। प्रत्येक घर तक तिरंगा पहुंचाने के लिए सफाई कर्मचारियों व एमपीएचडब्ल्यू स्टाफ की ड्यूटियां लगाई जा रही हैं।

बैठक में निगम पार्षद रमारानी राठी, कुलदीप बोहरा, महेश दायमा, भाजपा नेता अनिल यादव व वार्ड-32 से पार्षद प्रतिनिधि अनिल यादव सहित जोनल टैक्सेशन ऑफिसर मुकेश सिंगला, सफाई निरीक्षक हरीश मेहता उपस्थित थे।

# संगठन में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ना हम सभी की जिम्मेदारी : स्मृति

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता




- भाजपा के तीन दिवसीय अल्पसंख्यक मोर्चा प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

कार्यकर्ता अपनी पूरी क्षमता से संगठन के लिए काम करें। संगठन में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ना हमारी जिम्मेदारी है। मोदी सरकार की आठ साल की उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएं और उनसे संपर्क करके योजनाओं की जानकारी दें। यह बातें बुधवार को केंद्रीय मंत्री व अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार स्मृति ईरानी ने गुरुग्राम स्थित भाजपा के गुरुकमल प्रदेश कार्यालय में अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दिकी ने की। इस मौके उनके साथ डी. पुरूंदेश्वरी, राष्ट्रीय महामंत्री उपस्थित रहीं।केंद्रीय मंत्री ने अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकताओं व पदाधिकारियों से रूबरू होते हुए कहा कि आज मैं आपको लोगों को कुछ सुनाने नहीं बल्कि आपके विचार व मुद्दे सुनने आई हूं। आप लोग 40 करोड़ (अल्पसंख्यक) आवाम के साथ काम करने वाले लोग हैं उनकी क्या समस्याएं उनको आप लोग अच्छे तरीके से जानते हैं। आज के पहले सत्र की खासियत यह रही कि केंद्रीय मंत्री ने मंच पर खड़े होकर भाषण नहीं बल्कि कुर्सी पर बैठे-बैठे ही पदाधिकारियों व कार्यकताओं से रूबरू हुईं और उनसे सुझाव मांगे।

कार्यकताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आप लोगों के सुझावों को गंभीरता से लिया जाएगा और उन पर मंथन करने के लिए आपकों मंत्रालय भी बुलाया जाएगा ताकि किसी भी समस्या पर विचार किया जा सके और उस पर पॉलिसी बनाई जा सके। ईरानी ने कहा कि संगठन ने काम करने का मौका दिया है तो हम सभी का दायित्व है कि हम समाज व देश के हर तबके लिए काम करें। सरकार की पॉलिसी को अपने समाज व गरीब लोगों तक पहुंचाकर उनको लाभ दिलाएं ताकि लोगों का झुकाव पार्टी की ओर बढ़े। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हैंडीलूम व हैंडीक्राफ्ट क्षेत्र में 2 करोड़ लोग काम करते हैं जिनमें 70 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय के लोग शामिल हैं। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि वे हर तबके के लोगों से मिलकर मोदी सरकार के आठ सालों के विकास कार्यों की उपलब्धियों को बताएं और बच्चों तथा महिलाओं को पार्टी व संगठन से जोड़ने का काम करें।

# ठोस कचरा प्रबंधन नियमों की अवहेलना पर किए गए चालान



**गुरूग्राम।** ठोस कचरा प्रबंधन नियम-2016 की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए नगर निगम गुरूग्राम पूरी तरह से गंभीर है तथा अवहेलना करने वालों के लगातार चालान किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को सैक्टर-29 क्षेत्र में तीन प्रतिष्ठानों का चालान किया गया है। सफाई निरीक्षक जितेन्द्र कुमार अपनी टीम के साथ सैक्टर-29 में सफाई व्यवस्था का जायजा ले रहे थे। इस दौरान उन्होंने मचान रेस्टोरेंट का निरीक्षण किया तथा वहां पर ठोस कचरा प्रबंधन नियम की अवहेलना पाए जाने पर उसका 25 हजार रूपए का चालान किया। इसके अलावा, टीम ने दा हेवन होटल तथा एशियन सूईट होटल का भी 5-5 हजार रूपए का चालान किया।

# ग्राम संरक्षक योजना के तहत मैंने गांव को नहीं, गांव ने मुझे गोद लिया: अनुराग रस्तोगी

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



- एसीएस ने गांव में जन समस्याएं सुनने के साथ गांव में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की

हरियाणा सरकार में आबकारी एवं कराधान विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) अनुराग रस्तोगी ने कहा कि ग्राम संरक्षक योजना के तहत गांव बहोड़ा कलां को मैंने नही अपितु गांव ने मुझे गोद लिया है। उन्होंने कहा कि जीवन में कोई व्यक्ति कितनी ही ऊंचाई पर पहुँच जाए उसे अपनी जड़ों को कभी नही भूलना चाहिए। ऐसे में समाज के अंतिम पायदान के व्यक्ति तक विकास को ले जाना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।

एसीएस श्री रस्तोगी आज प्रदेश सरकार की ग्राम संरक्षक योजना के तहत स्वयं द्वारा गोद लिए गांव बहोड़ा कलां में किए जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा करने पहुँचे थे। उनके इस दौरे में गुरुग्राम जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव व अतिरिक्त उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा भी उनके साथ थे। रस्तोगी ने सर्वप्रथम गांव में पहुँचकर स्कूलीं बच्चों का मार्गदर्शन करने उपरान्त गुरुग्राम जिला के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ स्कूल के खेल मैदान में पीपल का पौधा लगाकर जिला में चलाए जा रहे पौधागिरी अभियान में अपना योगदान दिया।

**तीन चरणों में कराया जाएगा गांव में स्थित तालाबों का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण का कार्य**

एसीएस रस्तोगी ने ग्रामीणों के समक्ष ही गांव में होने वाले विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि गांव में स्थित तीनों तालाबों का जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण का कार्य तीन चरणों में कराया जाए। जिसमें पहले चरण में गांव के पानी की निकासी के लिए तालाब के नजदीक ही अतिरिक्त टैंक बनाया जाए।

उसके उपरान्त दूसरे चरण में दिसंबर व जनवरी माह में तालाब की खुदाई करवाई जाए व अंतिम चरण में उसकी चारदीवारी व अन्य सौंदर्यीकरण के कार्य करवाए जाए। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेंद्र सारवान ने उन्हें बताया कि गांव में तीनों तालाबों के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। तीनों तालाबों के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण के कार्य पर करीब सवा करोड़ के खर्च का एस्टीमेट तैयार किया गया है।

सम्पादकीय

# रास्ते भर रास्ता ढूंढते हैं

देश में इस वर्ष मानसून लगभग अपने सामान्य गति से चल रहा है. कुछ क्षेत्रों में सामान्य से अधिक बारिश ने जनजीवन को काफी प्रभावित किया है. हालांकि मानसून का आना देश में सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है. लेकिन अति वर्षा से कई इलाकों में बाढ़ और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण स्थानीय नागरिकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है. विशेषकर पहाड़ी क्षेत्रों के लिए आर्थिक रूप से मानसून अहम तो है लेकिन इससे उनकी दैनिक दिनचर्या सबसे अधिक प्रभावित होती है. अत्यधिक वर्षा से ग्रामीण क्षेत्र अन्य इलाकों से कट कर रह जाते हैं. इसकी मुख्य वजह सड़क का नहीं होना है. कच्चे और फिसलन भरे रास्तों पर चलना दूभर हो जाता है.

वैसे तो पहाड़ी क्षेत्र का नाम सुनते ही न जाने कितनी कल्पनाएं हमारे दिमाग में बन जाती हैं. पहाड़ी क्षेत्र है तो ठंडी हवाएं चलती होंगी, शुद्ध वातावरण होगा, गर्मी का नामों-निशान नहीं होगा. प्रतिदिन बारिश से मौसम सुहावना रहता होगा आदि. पहाड़ी क्षेत्रों का ग्रामीण जीवन किसी स्वर्ग से कम नहीं होगा. परंतु कल्पनाओं से हकीकत बिल्कुल विपरीत है. जब यहां लगातार बारिश आती है तो लोगों की जान को मुसीबत हो जाती है. कई बार बादल फटने अथवा जमीन धंसने की घटनाओं से जान माल का काफी नुकसान होता है. इस समय भी इस पहाड़ी राज्य में अत्यधिक बारिश तबाही मचा रहा है. दूर दराज के कई गांव ऐसे हैं जो अन्य इलाकों से कट गए हैं क्योंकि पक्की सड़क नहीं होने के कारण वहां पहुंचना मुश्किल हो गया है. बिजली और संचार की व्यवस्था भी लगभग ठप हो गई है. ऐसे में कल्पना करना मुश्किल नहीं है कि वहां का सामाजिक जीवन किस प्रकार कष्टकर होता होगा? बच्चों की पढ़ाई कितनी प्रभावित होती होगी?

उत्तराखंड के बागेश्वर जिला स्थित कपकोट ब्लॉक का बघर गांव, जो पहाड़ की चोटी पर बसा है. यह पहाड़ पर बसा आखिरी इंसानी गांव है. यहां पर आकर सीमा समाप्त हो जाती है. इसके आगे कोई गांव नहीं है. इस गांव में सड़क न होने की वजह से लोग बहुत मुसीबत का सामना करते हैं. एक तो यह आखिरी गांव है जहां सड़क की कोई सुविधा नहीं है. इससे ग्रामीणों विशेषकर स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है. सड़क की सुविधा न होने के कारण किशोरियों को जंगल के रास्ते से स्कूल जाना पड़ता है जिसकी वजह से उन्हें स्कूल आने जाने में काफी देर हो जाती है. इसके अलावा उन्हें हर समय रास्ते में किसी अनहोनी का भी डर सताता रहता है. इस संबंध में गांव की किशोरियों नेहा और बबली का कहना है कि हमारा स्कूल गांव से 4 किमी दूर है और जहां सड़क की सुविधा भी नहीं है, जिस कारण हमें जंगल के रास्ते से स्कूल जाना पड़ता है.

इन्हीं परेशानियों के कारण न तो हम समय से स्कूल पहुंच पाते हैं और न ही घर. जिससे हमारी पढ़ाई पर भी बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है. जब स्कूल जाते समय हमें जंगलों से गुजरना पड़ता है तो जानवरों का भी भय बना रहता है. अगर ऐसे में कोई जंगली जानवर आ जाए तो हम कहीं भाग भी नहीं सकते हैं. रास्ते सही नहीं होने के कारण न तो हम भाग सकेंगे और न ही मदद के लिए किसी को बुला सकेंगे. वह बताती हैं कि जब बारिश होती है तो जंगल के कच्चे रास्ते कीचड़ से भर जाते हैं. ऐसे में हमें डर भी लगता है कहीं हम फिसल कर खाई में गिर न जाएं. उन्होंने कहा कि यदि स्कूल आने जाने के लिए सड़क मिल जाए तो हमें एक सुरक्षित रास्ता मिल जाएगा, जिससे हम स्कूल और घर समय पर पहुंच सकते हैं, जिससे हमारी शिक्षा भी प्रभावित नहीं होगी.

सड़क न होने से परेशान गांव वासी लाल सिंह और पवन सिंह का कहना है कि हम मजदूरी करने वाले लोग हैं, हमें रोज काम करने के लिए गांव से बाहर जाना पड़ता है. गांव में जहां थोड़ी सड़क ठीक है वह भी बारिश के दिनों में खराब हो जाती है. उन पर पानी भर जाता है जिससे आने-जाने में बहुत दिक्कतों का सामना करना पड़ता है. रास्ता सही न होने के कारण हमें राशन और खाने-पीने की सामग्री आदि लाने में भी मुश्किल आती है. बरसात के दिनों में हम दो या तीन दिन तक घर से बाहर भी नहीं निकल पाते हैं. इन दिनों यहां बादल फटने का डर भी हर समय सताता रहता है.

# संसद मानसून सत्र : जिद छोड़े विपक्ष


सिद्धार्थ शंकर

संसद के मानसून सत्र के दौरान राज्यसभा की कार्यवाही में विघ्न डालने और सभापति के समक्ष अभद्र व्यवहार करने के चलते विपक्ष के 19 सांसदों को सदन की कार्यवाही से एक सप्ताह के लिए निलंबित कर दिया गया है. जिन सांसदों को निलंबित किया गया है उनमें तृणमूल सांसद सुष्मिता देव, डॉ शांतनु सेन, डोला सेन, शांता छेत्री, मोहम्मद अब्दुल्ला, एए रहीम, कनिमोझी, एल यादव और वी वी. शिवादासन, अबीर रंजन विश्वास, नदीमुल हक शामिल हैं. एक दिन पहले लोकसभा में भारी हंगामे के बीच स्पीकर ओम बिरला ने कांग्रेस के 4 सदस्यों को निलंबित कर दिया था. ज्योतिमणि, माणिकम टैगोर, टीएन प्रथापन और राम्या हरिदास को पूरे सत्र के लिए निलंबित किया गया है. कायदे से हंगामा करने वाले सांसदों के खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए, लेकिन जब भी ऐसा होता है, तब हंगामा करके अपने निलंबन को निमंत्रण देने वाले सांसद यह रोना रोने लगते हैं कि उन्हें बोलने से रोका जा रहा है. इतने से भी संतोष नहीं होता तो आपातकाल लग जाने या फिर तानाशाही कायम हो जाने का शोर मचाया जाने लगता है. इन दिनों ऐसा ही हो रहा है. हैरत नहीं कि हंगामा करके संसद न चलने देने वाले सांसद यह मानकर चल रहे हों कि वे अपने उद्देश्य में सफल हैं. बड़ी बात नहीं कि उनके नेताओं की ओर से उन्हें शाबाशी भी मिल रही हो. चूंकि राजनीतिक दल संसद में हंगामा करने को एक तरह की उपलब्धि मानने लगे हैं, इसलिए संसदीय कार्यवाही का स्तर लगातार गिरता जा रहा है. यदि इस गिरावट को रोका नहीं गया तो ऐसी भी स्थिति बन सकती है कि संसद के चलने या न चलने का कोई महत्व न रह जाए. मानसून सत्र के पहले ही दिन संसद के दोनों सदनों में कार्यवाही के स्थगित होते ही साफ संकेत मिल गया कि आने वाले दिनों में संसद में हंगामा तय है. सत्र में कुल 17 कार्य दिवस होंगे और यह 12 अगस्त तक चलेगा. करीब 32 विधेयक रखे जाएंगे, उनमें से कितने पारित हो सकेंगे, यह बताना मुश्किल है. अगर केवल हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित हुई, तो फिर कामकाज कैसे होगा? संसद सत्र से पहले ही यह तय हो गया था कि महंगाई, ईंधन की कीमतें, अग्निपथ योजना, बेरोजगारी और डॉलर के मुकाबले रुपए के गिरने जैसे मुद्दों को उठाया जाएगा. अब इनमें जीएसटी का मामला भी प्रमुखता से जुड़ गया है. महंगाई बढ़ी है, तो संसद को चलाना भी महंगा हुआ है. सांसदों को सत्र की शुरुआत में ही देखना चाहिए कि संसद को चलाने में प्रतिदिन कितना खर्च आता है. मानसून सत्र काफी महत्वपूर्ण होता है क्योंकि बजट सत्र के बाद यह सत्र आता है. बजट सत्र में जो विधेयक पारित नहीं हो पाते हैं, उन्हें मानसून सत्र में पारित करने की कोशिश की जाती है. लेकिन, विपक्षी दल मानसून सत्र में हंगामे करते हुए कार्यवाही में बाधा लाते हैं. संसद की कार्यवाही का एक मिनट का खर्च लगभग 2.5 लाख रुपए है. इसका मतलब एक घंटे की कार्यवाही में लगभग 1.5 करोड़ रुपए का खर्च आता है. खास बात यह है कि, यह जो करोड़ों का नुकसान होता है, यह सरकार का नहीं बल्कि आम जनता का होता है. संसद की कार्यवाही के लिए जो पैसे खर्च किए जाते हैं, वह आम जनता की कमाई से होता है. सरकार आम जनता से टैक्स के रूप में पैसा वसूल करती है. हर साल की तरह इस साल भी विपक्षी दल मानसून सत्र में हंगामे कर रहे हैं. जिस वजह से रोज कार्यवाही को स्थगित करना पड़ रहा है. 18 जुलाई से शुरू हुए मानसून सत्र में आज तक ऐसा एक भी दिन नहीं गया होगा, जिस दिन हंगामे के कारण संसद की कार्यवाही स्थगित न हुई हो. इस साल विपक्षी दल हंगामे करने का कोई भी कारण नहीं छोड़ रहा है. पिछले साल भी ऐसा ही कुछ हुआ. जिस वजह से मानसून सत्र में लगभग 133 करोड़ का नुकसान हुआ है. पिछले साल सदन नहीं चलने से करीब 133 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ था. यह नुकसान सरकार का नहीं बल्कि करदाताओं का हुआ है. सरकार आम जनता से टैक्स के नाम पर जो पैसा लेती है वही पैसा सदन चलाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है. पिछले साल संसद के मानसून सत्र में 107 घंटों के निर्धारित समय में से केवल 18 घंटे ही काम किया. जिस वजह से आम जनता को करोड़ों का नुकसान हुआ. पिछले साल मानसून सत्र में लोकसभा में 19 जुलाई से 30 जुलाई तक 54 घंटे काम होना था, लेकिन विपक्षी दल के हंगामे के कारण सिर्फ 7 घंटे ही काम हुआ. वहीं, राज्यसभा में करीब 53 घंटे काम होना था, लेकिन 11 घंटे ही काम हो सका. दोनों सदनों में कुल 107 घंटे काम होना था, लेकिन 18 घंटे ही काम हुआ.

# सत्ता के लिये धार्मिक परम्परायें सर्वोपरि या संविधान की रक्षा?

**यह वह अशोक स्तंभ है स्वरूप है जो भारतीय संविधान के मुख्य पृष्ठ पर अंकित है। और इसी संविधान का अनुच्छेद 51ए प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिये अनेक कर्तव्य सुनिश्चित करता है। और इसी क्रम में यह उल्लेख है कि प्रत्येक नागरिक भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे, भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो। वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे तथा व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊँचाइयों को छू ले। सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री द्वारा अशोक स्तंभ के उद्घाटन के समय किया जाने वाला कर्मकाण्ड संविधान की उक्त परिभाषा के अंतर्गत सही था?**





**निर्मल रानी**
**लेखिका स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं**

पिछले दिनों सेंट्रल विस्टा नामक परियोजना के अंतर्गत भारत के नव निमार्णाधीन संसद भवन पर अशोक स्तंभ की एक विशालकाय विवादित प्रतिमा स्थापित की गयी। जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिन्दू रीति रिवाज एवं कर्मकाण्ड के साथ किया। यह वह अशोक स्तंभ है स्वरूप है जो भारतीय संविधान के मुख्य पृष्ठ पर अंकित है। और इसी संविधान का अनुच्छेद 51ए प्रत्येक भारतीय नागरिक के लिये अनेक कर्तव्य सुनिश्चित करता है। और इसी क्रम में यह उल्लेख है कि प्रत्येक नागरिक भारत की प्रभुता, एकता और अखंडता की रक्षा करे और उसे अक्षुण्ण रखे, भारत के सभी लोगों में समरसता और समान भ्रातृत्व की भावना का निर्माण करे जो धर्म, भाषा और प्रदेश या वर्ग पर आधारित सभी भेदभाव से परे हो।

वैज्ञानिक दृष्टिकोण, मानववाद और ज्ञानार्जन तथा सुधार की भावना का विकास करे तथा व्यक्तिगत और सामूहिक गतिविधियों के सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष की ओर बढ़ने का सतत प्रयास करे जिससे राष्ट्र निरंतर बढ़ते हुए प्रयत्न और उपलब्धि की नई ऊँचाइयों को छू ले। सवाल यह है कि क्या प्रधानमंत्री द्वारा अशोक स्तंभ के उद्घाटन के समय किया जाने वाला कर्मकाण्ड संविधान की उक्त परिभाषा के अंतर्गत सही था? इस के अलावा भी भारत के प्रधानमंत्री भारत नेपाल अथवा अन्य किसी देश में किसी मंदिर अथवा धार्मिक आयोजन में शरीक होते हैं तो उनका पहनावा देखकर तो कोई यह कह ही नहीं सकता कि वे किसी धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के प्रधानमंत्री हैं। बल्कि ऐसा प्रतीत होता कि भारत को जिस हिन्दू राष्ट्र बनाने की बात की जा रही है वह हिन्दू राष्ट्र बन चुका है और यही उस हिन्दू राष्ट्र के पहले प्रधानमंत्री हैं।

दो वर्ष पूर्व राफेल लड़ाकू विमान के पूजा पाठ यहाँ तक कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा विमान पर निम्बू व हरी मिर्च लटकाने जैसी अंधविश्वासपूर्ण परंपरा का पूरी दुनिया में मजाक उड़ाया गया। क्या इन्हीं अंधविश्वासी कारगुजारियों से संविधान के अनुरूप जनता में वैज्ञानिक और मानववादी चिंतन विकसित किया जायेगा? कभी इसी अंधविश्वासी कुनबे का कोई नेता यहां तक दावा कर बैठता है कि हमारे मंत्रोच्चारण मात्र से चीन की सेना पराजित हो जायेगी। कहीं कांवड़ियों पर उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पुष्प वर्षा कराई जा रही है और मुख्यमंत्री स्वयं हेलीकॉप्टर से कांवड़ यात्रियों का अभिवादन कर रहे हैं। तो कहीं उत्तरांचल के मुख्यमंत्री कांवड़ियों के पैर धोते दिखाई दे रहे हैं। राष्ट्रपति का उम्मीदवार बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू विभिन्न मंदिरों में झाड़ू लगाती नजर आईं। कहीं ब्राह्मण मण्डली द्वारा कथित तौर पर उनका शुद्धिकरण किये जाने के वीडिओ वायरल हुए। प्रधानमंत्री, उनके अनेक मंत्रिमंडलीय सहयोगी तथा अनेक भाजपाई मुख्य मंत्रियों व मंत्रियों से जुड़ी इसी तरह की अनेक खबरें व उनके चित्र अक्सर सामने आते रहते हैं।

परन्तु पिछले दिनों ठीक इसके विपरीत एक समाचार तमिलनाडु राज्य की धर्मपुरी लोकसभा क्षेत्र से प्राप्त हुआ। इस क्षेत्र के लोक सभा सदस्य डॉक्टर सेंथिल कुमारको पी डब्ल्यू डी द्वारा शुरू की जाने वाली एक सड़क परियोजना के शुभारंभ के लिये आमंत्रित किया गया था। विभाग की ओर से अवसर पर भूमि पूजन कराये जाने के उद्देश्य से ब्राह्मणों को भी आमंत्रित किया गया था। समारोह स्थल पर जब सांसद ने पूजा सामग्री सहित ब्राह्मण को मौजूद देखा उसी समय वे आग बबूला हो उठे। उन्होंने सवाल किया कि यहाँ केवल ब्राह्मण ही क्यों? चर्च के फादर इमाम आदि क्यों नहीं? सभी को इसमें शामिल करना चाहिये? उन्होंने निर्देश दिया कि भविष्य में किसी भी सरकारी समारोह में किसी धर्म विशेष के लोगों को न बुलाया जाये। क्योंकि यही तमिलनाडु का द्रविण मॉडल है और मुख्य मंत्री एम के स्टालिन भी यही चाहते हैं। गौर तालाब है कि मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के किसी भी उद्घाटन समारोह की शुरूआत किसी भी धर्म विशेष के धार्मिक रीति रिवाजों से नहीं की जाती है। बल्कि संविधान उल्लिखित धर्मनिरपेक्ष बिंदुओं का ही पालन किया जाता है। बेशक उत्तर भारतीय राजनीतिज्ञों की नजरों में दक्षिण भारत के केरल व तमिलनाडु जैसे राज्य खटकते रहते हों परन्तु हकीकत यह है कि अपनी इसी संवैधानिक, धर्मनिरपेक्ष व संविधान सम्मत सोच व विचारधारा के चलते ही आज जहां केरल में 0.7 तथा तमिलनाडु में 4.9 प्रतिशत गरीबी है वहीं बिहार, उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश में क्रमशः 51.9, 37.8 तथा 36.7 प्रतिशत गरीबी है। इन राज्यों में शिक्षा का आंकड़ा भी कम-ओ-बेश इसी अनुपात में है।

प्रायः विभिन्न मंचों पर यह बहस होती ही रहती है कि मानववादी चिंतन तथा वैज्ञानिक व तर्कशील सोच हमें और हमारे देश को आगे ले जाएगी या फिर धार्मिक रीति रिवाज, उनकी आड़ में पनपने वाले पाखण्ड, दकियानूसी सोच और इसी से जुड़ी वोट बैंक की वह राजनीति जो किसी धर्म विशेष को प्रसन्न कर सत्ता तक पहुँचने में सहायक होती है? इतिहास में यह दर्ज है कि जब गजनवी ने सोमनाथ मंदिर को लूटा उस समय भी वहां मौजूद ब्राह्मण मण्डली वहां उपस्थित हजारों लोगों को यह विश्वास दिलाती रही कि अभी श्लोकों के उच्चारण से गजनवी की सेना तबाह हो जाएगी। परन्तु आक्रांता गजनवी मंदिर का सोना लूट कर ले भागा और सैकड़ों लोगों की हत्या कर दी। कितना हास्यास्पद है कि आज चीन से लड़ने के लिये फिर से वही भाषा बोली जा रही है? अतीत से हम कोई सबक सीखने के बजाये उसी दकियानूसी व अवैज्ञानिक विचारों को फिर खाद पानी दे रहे हैं? जिस गाय के गोबर और गौमूत्र को पूरे विश्व के किसी भी आधुनिकतम व प्रगतिशील देश में कोई वैज्ञानिक महत्व व मान्यता न दी जा रही हो उस गोबर और गौमूत्र को हम जबरन औषधि यहाँ तक कि अमृत के रूप मान्यता देने के लिये व्याकुल हैं। ऐसे ही अवैज्ञानिक प्रयासों के अंतर्गत कहीं किसी धर्म विशेष का धर्मग्रन्थ स्कूलों में पढ़ाया जाने लगा तो कहीं ज्योतिष विद्या सिखाए जाने का समाचार मिल रहा है। जो कभी दूसरों पर तुष्टीकरण का आरोप लगाया करते थे उन्होंने अपनी कारगुजारियों को तृप्तीकरण का नाम दे दिया है।

धर्म विशेष के धर्म भीरुओं को हो सकता है यह सब अच्छा भी लग रहा हो। हो सकता है कि किसी को मजार पर चादरें चढ़ाना और इफ़्तार पार्टी से सुकून मिलता हो। परन्तु केरल और तमिलनाडु जैसे जो राज्य धर्म के बजाये वैज्ञानिक सोच को प्राथमिकता देते हों वहां की शिक्षा व आर्थिक सम्पन्नता का स्तर देखकर तो ऑखें खोलनी ही चाहिए। और यह स्थिति यह सोचने के लिये भी काफी है कि आखिर सत्ता के लिये धार्मिक परम्परायें सर्वोपरि हैं या संविधान की रक्षा?

# डिजिटल शासन के नए युग में परास्त होते गरीब

**केंद्रीकृत डेटा डैशबोर्ड नीतियों का आकलन करने, मानवीय गरिमा और अधिकारों तक पहुँचने में जितनी मदद करती है, उतने ही अक्सर तकनीकी खामियां किसी को अधिकारों तक पहुंचने से रोकती भी हैं। चिंता की बात यह है कि इंटरनेट और अन्य सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों तक पहुंच के बिना गरीब लोगों को नुकसान हो रहा है, क्योंकि वे डिजिटल जानकारी प्राप्त करने, ऑनलाइन खरीदारी करने, लोकतांत्रिक तरीके से भाग लेने, या कौशल सीखने और कौशल प्रदान करने में असमर्थ या कम सक्षम हैं। मौजूदा डिजिटल प्रौद्योगिकी की बढ़ती पैठ किसी देश की अधिक सामाजिक प्रगति से जुड़ी है। लेकिन निश्चित समय में बिना ज्ञान या इंटरनेट तक पहुंच के लोग प्रगति के चक्र में पीछे छूट जाएंगे। ये सच है कि इंटरनेट कनेक्टिविटी और आईसीटी उसकी भविष्य की सामाजिक और सांस्कृतिक पूंजी को बढ़ा मगर इससे उन लोगों के बीच आर्थिक असमानता पैदा होती है।**





**प्रियंका सौरभ**
**लेखक वरिष्ठ स्तंभकार है**

सम्मान के साथ जीने का अधिकार एक संवैधानिक अनिवार्यता है। हालाँकि, यह आज शासन में डिजिटल पहल की चचाओं में शायद ही कभी प्रकट होता है। केंद्रीकृत डेटा डैशबोर्ड नीतियों का आकलन करने, मानवीय गरिमा और अधिकारों तक पहुँचने में जितनी मदद करती है, उतने ही अक्सर तकनीकी खामियां किसी को अधिकारों तक पहुंचने से रोकती भी हैं। चिंता की बात यह है कि इंटरनेट और अन्य सूचना और संचार प्रौद्योगिकियों तक पहुंच के बिना गरीब लोगों को नुकसान हो रहा है, क्योंकि वे डिजिटल जानकारी प्राप्त करने, ऑनलाइन खरीदारी करने, लोकतांत्रिक तरीके से भाग लेने, या कौशल सीखने और कौशल प्रदान करने में असमर्थ या कम सक्षम हैं।

मौजूदा डिजिटल प्रौद्योगिकी की बढ़ती पैठ किसी देश की अधिक सामाजिक प्रगति से जुड़ी है। लेकिन निश्चित समय में बिना ज्ञान या इंटरनेट तक पहुंच के लोग प्रगति के चक्र में पीछे छूट जाएंगे। ये सच है कि इंटरनेट कनेक्टिविटी और आईसीटी उसकी भविष्य की सामाजिक और सांस्कृतिक पूंजी को बढ़ा मगर इससे उन लोगों के बीच आर्थिक असमानता पैदा होती है जो प्रौद्योगिकी का खर्च उठा सकते हैं और जो नहीं उठा सकते। प्लेटफॉर्म और ऐप-आधारित समाधान गरीबों को पूरी तरह से सेवाओं से वंचित कर सकते हैं या आगे स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुँच को कम कर सकते हैं। जैसे स्लॉट बुक करना फोन, कंप्यूटर और इंटरनेट के बिना उन लोगों के लिये बहुत कठिन हों सकता है।

तकनीकी प्रगति तक पहुंच और अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में इसकी समग्र सफलता के बीच सीधा संबंध है। कम डिजिटल गैप वाले देश अधिक डिजिटल गैप वाले देशों की तुलना में अधिक लाभान्वित होते हैं। डिजिटल डिवाइड कम आय वाले बच्चों की सीखने और बढ़ने की क्षमता को भी प्रभावित करता है। इंटरनेट एक्सेस के बिना, छात्र आज की गतिशील अर्थव्यवस्था को समझने के लिए आवश्यक तकनीकी कौशल विकसित करने में असमर्थ हैं. लगभग 65 फीसदी युवा विद्वान घर पर इंटरनेट का उपयोग असाइनमेंट को पूरा करने के साथ-साथ चर्चा बोर्डों और साझा फाइलों के माध्यम से शिक्षकों और अन्य छात्रों से जुड़ने के लिए करते हैं। एक हालिया अध्ययन से संकेत मिलता है कि व्यावहारिक रूप से 50 फीसदी छात्रों का कहना है कि वे इंटरनेट से जुड़ने में असमर्थता के कारण या कुछ मामलों में कंप्यूटर खोजने में असमर्थता के कारण अपना होमवर्क पूरा करने में असमर्थ हैं। इससे एक नया रहस्योद्घाटन हुआ है, 42 फीसदी छात्रों का कहना है कि इस नुकसान के कारण उन्हें निम्न ग्रेड प्राप्त हुआ।

अगर हम ध्यान से देखे तो भारत की सामाजिक-आर्थिक समस्याओं का संबंध ह्लडिजिटल डिवाइडह्व से है, जो डिजिटल क्रांति के युग के दौरान और फिर भारत में इंटरनेट क्रांति के युग के दौरान बनी रही। ग्रामीण भारत सूचना गरीबी से पीड़ित था और आज भी कहीं न कहीं है। एक तथ्य यह है कि ह्लजैसे-जैसे आय बढ़ती है, वैसे-वैसे इंटरनेट का उपयोग भी होता हैह्व, यह दृढ़ता से सुझाव देता है कि आय असमानताओं के कारण कम से कम आंशिक रूप से डिजिटल विभाजन बना रहता है। आमतौर पर, एक डिजिटल विभाजन गरीबी और आर्थिक बाधाओं से उपजा है जो संसाधनों को सीमित करता है और लोगों को नई तकनीकों को प्राप्त करने या अन्यथा उपयोग करने से रोकता है। शीर्ष पर कुछ लोगों द्वारा सूचना को नियंत्रित किया जाता है जो इसे नीचे वालों तक सीमित रखते हैं। डिजिटल डिवाइड होने पर सोशल मीडिया के युग में राजनीतिक सशक्तिकरण और लामबंदी मुश्किल है। डिजिटल डिवाइड आबादी के अमीर-गरीब, पुरुष-महिला, शहरी-ग्रामीण आदि क्षेत्रों में बनता है।

अंतर को कम करने की जरूरत है, तभी ई-गवर्नेंस के लाभों का समान रूप से उपयोग किया जा सकेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में ई-गवर्नेंस की पहल जमीनी हकीकत की पहचान और विश्लेषण करके की जानी चाहिए। सरकार को विभिन्न हितधारकों जैसे नौकरशाहों, ग्रामीण जनता, शहरी जनता, निर्वाचित प्रतिनिधियों आदि के लिए उपयुक्त, व्यवहार्य, विशिष्ट और प्रभावी क्षमता निर्माण तंत्र तैयार करने पर भी ध्यान देना चाहिए। परिवार के कमाऊ सदस्य को काम पर जाते समय फोन साथ रखना होता है। फोन और इंटरनेट तक पहुंच न केवल एक आर्थिक कारक है बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक भी है। अगर एक परिवार के पास सिर्फ एक फोन है, तो इस बात की अच्छी संभावना है कि पत्नी या बेटी इसका इस्तेमाल करने वाली आखिरी होगी।

आने वाले दशक में इस बात की खास जरूरत है कि एक ऐसी प्रक्रिया को अस्तित्व में लाया जाए जिससे तकनीकी क्रांति के फायदों को सब तक पहुंचाना मुमकिन हो सके. डिजिटल क्रांति के साथ डिजिटल समावेश होना चाहिए और परिवर्तन के साथ-साथ जनता का सशक्तिकरण भी होना चाहिए। नहीं तो लूट जीतने वालों के पास जाएगी और डिजिटल शासन के इस नए युग में गरीब परास्त बने रहेंगे। ऐसा होना सबका साथ सबका विकास के लिए अधिक महत्वपूर्ण है। क्षेत्रीय भाषाओं के माध्यम से ई-गवर्नेंस भारत जैसे राष्ट्रों के लिए प्रशंसनीय है जहां कई भाषाई पृष्ठभूमि के लोग प्रतिभागी हैं। भारत में ई-गवर्नेंस को गति मिल रही है, लेकिन जन जागरूकता और डिजिटल डिवाइड ऐसे महत्वपूर्ण मुद्दे हैं जिन्हें संबोधित किया जाना है। ई-गवर्नेंस उपायों की सफलता काफी हद तक हाई-स्पीड इंटरनेट की उपलब्धता पर निर्भर करती है, और निकट भविष्य में 5जी तकनीक का देशव्यापी रोल-आउट हमारे संकल्प को मजबूत करेगा। स्कूल/कॉलेज स्तर पर डिजिटल साक्षरता पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। राष्ट्रीय डिजिटल साक्षरता मिशन को सभी सरकारी स्कूलों में बुनियादी सामग्री के लिए और उच्च कक्षाओं और कॉलेजों में उन्नत सामग्री के लिए प्राथमिक स्कूल स्तर पर डिजिटल साक्षरता शुरू करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उच्च डिजिटल साक्षरता से देश भर में कंप्यूटर हार्डवेयर को अपनाने में भी वृद्धि होगी। इसके अलावा, जब ये छात्र अपने परिवार के सदस्यों को शिक्षित करेंगे, तो यह गुणक प्रभाव पैदा करेगा।

# राष्ट्रपति पद को भी दलीय राजनीति में घसीट ही लाई भाजपा

अनिल जैन

अपने देश में राष्ट्रपति का पद प्रधानमंत्री की तरह राजनीतिक नहीं होता है। प्रधानमंत्री देश का भी होता है और किसी दल का भी होता है, लेकिन राष्ट्रपति पद के लिए चुना गया व्यक्ति अपने निर्वाचन के बाद किसी दल का नहीं रह जाता। अलबत्ता उसकी निष्पक्षता का पलड़ा आम तौर पर सरकार की तरफ ही झुका रहता है। इसके बावजूद सैद्धांतिक रूप से वह दलीय सीमाओं से परे देश का राष्ट्रपति होता है। ओडिशा के आदिवासी समुदाय से आने वाली द्रौपदी मुर्मू देश की 15वीं राष्ट्रपति बन गई हैं। वे देश की पहली आदिवासी और दूसरी महिला राष्ट्रपति हैं। प्रतीकात्मक तौर पर यह पूरे देश के लिए गर्व और भारत के अपाहिज होते जा रहे लोकतंत्र के लिए सम्मान की बात है कि बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाली सर्वाधिक वंचित समुदाय की एक महिला देश की प्रथम नागरिक बनी हैं। मगर इस गर्व और सम्मान की बात के साथ ही बेहद शर्मनाक बात यह है कि देश की इस प्रथम आदिवासी राष्ट्रपति को दलीय राजनीति का मोहरा बनाने की हर मुमकिन कोशिश की जा रही है। इस सिलसिले में द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रपति पद निर्वाचित होने की आधिकारिक घोषणा के तुरंत बाद भारतीय जनता पार्टी ने उनकी जीत का जश्न मनाते हुए राजधानी दिल्ली सहित देश के कई शहरों में विजयी जुलूस निकाले हैं और देश के आदिवासी बहुल इलाकों में उनकी जीत पर पूर्व नियोजित जलसे हो रहे हैं। राष्ट्रपति के चुनाव में अपने उम्मीदवार की जीत पर भाजपा का विजयी जुलूस निकालना कोई सामान्य घटना नहीं है, क्योंकि इससे पहले कभी ऐसा नहीं हुआ। ऐसा इसलिए नहीं हुआ, क्योंकि राष्ट्रपति किसी पार्टी का नहीं बल्कि देश का सर्वोच्च संवैधानिक पद होता है। द्रौपदी मुर्मू जब तक चुनी नहीं गई थीं तब तक वे भाजपा और उसके नेतृत्व वाले गठबंधन यानी एनडीए की उम्मीदवार थीं। फिर उन्हें तो भाजपा और उसके सहयोगी दलों के अलावा कुछ विपक्षी पार्टियों ने भी घोषित रूप से समर्थन दिया था। यही नहीं, जिन विपक्षी पार्टियों ने उनके खिलाफ अपना उम्मीदवार मैदान में उतारा था, उन पार्टियों के भी कुछ सांसदों और विधायकों ने पार्टी लाइन से हटकर विपक्षी उम्मीदवार यशवंत सिन्हा के बजाय द्रौपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान किया था। ऐसे में उनकी जीत के बाद उन्हें किसी दल के दायरे में कैसे रखा जा सकता है? अपने देश में राष्ट्रपति का पद प्रधानमंत्री की तरह राजनीतिक नहीं होता है। प्रधानमंत्री देश का भी होता है और किसी दल का भी होता है, लेकिन राष्ट्रपति पद के लिए चुना गया व्यक्ति अपने निर्वाचन के बाद किसी दल का नहीं रह जाता। अलबत्ता उसकी निष्पक्षता का पलड़ा आम तौर पर सरकार की तरफ ही झुका रहता है। इसके बावजूद सैद्धांतिक रूप से वह दलीय सीमाओं से परे देश का राष्ट्रपति होता है। इस बुनियादी बात को भाजपा के नेता भी निश्चित रूप से जानते होंगे लेकिन इसके बावजूद उन्होंने द्रौपदी मुर्मू की जीत पर जुलूस निकाले। आजाद भारत के इतिहास में इससे पहले राष्ट्रपति पद के 15 चुनाव हुए लेकिन किसी भी चुनाव के बाद विजयी जुलूस नहीं निकला, चाहे केंद्र में किसी भी पार्टी या गठबंधन की सरकार रही हो या राष्ट्रपति किसी भी पार्टी से जुड़े रहे हों। पिछली बार यानी 2017 में भी केंद्र में भाजपा की सरकार थी और राष्ट्रपति पद के लिए चुने गए रामनाथ कोविंद भाजपा के उम्मीदवार थे। वे भी बड़े अंतर से चुनाव जीते थे लेकिन उनकी जीत पर भी विजयी जुलूस नहीं निकाला गया था। यह पहली बार हुआ कि राष्ट्रपति चुनाव के बाद सत्तारूढ़ पार्टी ने अपने उम्मीदवार की जीत पर जुलूस निकाल कर वैसे ही जश्न मनाया जैसे नेताओं के सांसद, विधायक या निगम पार्षद चुने जाने पर उनके समर्थक जुलूस निकालते हैं। द्रौपदी मुर्मू की जीत पर अगर भाजपा के सामान्य कार्यकताओं ने जुलूस निकाला होता तो उसे उत्साही कार्यकताओं की फौरी प्रतिक्रिया मान कर नजरअंदाज किया जा सकता था लेकिन राजधानी दिल्ली में भाजपा के इस जुलूस की अगुवाई खुद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने की। दिल्ली सहित देश के कई शहरों में बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाए गए जिन पर नव-निर्वाचित राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीरें छपी थीं। जाहिर है कि जुलूस निकालने और व्यापक पैमाने पर जश्न मनाने की योजना पहले ही बन चुकी थी। यह कहना भी गैरजरूरी है कि यह योजना सत्ताशीर्ष के निर्देश पर या उसकी सहमति से ही बनी होगी। ऐसा मानने या समझने की वजह यह है कि भाजपा ने देश के एक लाख तीस हजार ऐसे गांव चिह्नित किए हैं जो या तो आदिवासी बहुल हैं या जहां आदिवासी आबादी खासी संख्या में है। इन गांवों में द्रौपदी मुर्मू की जीत का जश्न मनाने की योजना है, जिसकी तैयारी पार्टी ने पहले से कर रखी है। भाजपा की स्थानीय शाखाएं जश्न के आयोजन कर रही हैं। यह सही है कि भाजपा ने देश का पहला आदिवासी राष्ट्रपति बनाने की पहल की और बेहद साधारण परिवार की द्रौपदी मुर्मू को उम्मीदवार बनाया।

## संक्षिप्त खबरें

### कार व बाइक की आमने सामने की हुई भिड़त, युवक घायल

नांगल सोती। मंगलवार की शाम 7 बजे स्थानीय मायापुरी स्थित हनुमान मंदिर के सामने चंदक की ओर से तेज गति से आ रही स्विफ्ट कार ळश्र0त्क9240 ने मंडावली की ओर से आ रही हीरो स्पलेंडर बाइक में टक्कर मार दी टक्कर से बाइक सवार युवक बिजेंदर निवासी काजीवाला गंभीर रूप से घायल हो गया वही किसी राहगीर द्वारा इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई जिसके बाद नांगल थाना अध्यक्ष श्यामवीर सिंह एसआई देवानंद मय पुलिस फोर्स के मौके पर पहुंच गए और घायल युवक को उपचार के लिए चंदक भिजवाया।

### पुलिस ने दबोचा एक अभियुक्त

स्योहारा। बुधवार को थाना स्योहारा पुलिस द्वारा 01 नफर अदियुक्त मुफीद पुत्र गामा अली को मुकदमा अपराध संख्या 370/22 धारा 458, 354, 504 506 आईपीसी में गिरफतार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### पुलिस ने मजनुओं पर कसा शिंकजा

धामपुर। मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिये चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर प्रचलित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक किया तथा हेल्पलाईन नम्बर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गयी। इस दौरान सडकों पर तथा कालेजों के आसपास बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा।

### छात्राओं व महिलाओं को किया गया जागरूक

किरतपुर। मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिये चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर प्रचलित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक किया तथा हेल्पलाईन नम्बर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी गयी। इस दौरान सडकों पर तथा कालेजों के आसपास बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा।

### एसपी ने प्रमोशन होने पर निरीक्षकों को दी बधाई

बिजनौर। बुधवार को पुलिस अधीक्षक बिजनौर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन के सभागार कक्ष में जनपदीय पुलिस के उ0नि0 पद से निरीक्षक पद पर प्रोन्नत हुए 16 अधिकारीगण को स्टार लगाकर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर व पुलिस उपाधीक्षक (प्रशिक्षु) आदि मौजूद रहे।

### सीआरपीसी का एक अभियुक्त गिरफ्तार

स्योहारा। थाना स्योहारा पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त मोहम्मद साबिर पुत्र नन्हे निवासी थाना स्योहारा जनपद बिजनौर वाद संख्या 586/18 धारा 128 सीआरपीसी में गिरफ्तार कर कोर्ट के समक्ष पेश किया गया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न, चीनी मिल नजीबाबाद की प्रबंध समिति की बैठक

## मुख्यमंत्री व प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में किसानों का हित सर्वोपरिः जिलाधिकारी

बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता



किसान सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद की प्रबंध समिति की कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री व प्रदेश सरकार की प्राथमिकताओं में किसानों का हित सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि सहकारी चीनी मिल ऋण लेना बंद करें तथा बिना कारण किराया व ब्याज न दें। उन्होंने कहा कि डिस्टीलरी को ठीक प्रकार चलायें। इस अवसर पर समिति ने गत वर्ष के एजेण्डे का अनुमोदन किया। जिलाधिकारी ने सहकारी मिल के मुजफ्फरनगर स्थित गोदाम में रखी चीनी को जल्द से जल्द बिक्री करने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि इससे एक ओर जहां मिल को आमदनी होगी वही गोदाम के लिये आगे किराया भी नही देना होगा और यह भी मिल की बचत होगी।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति ने पेराई सत्र 2022-23 हेतु गन्ना मूल्य भुगतान एवं मिल के सामान्य कार्यों हेतु जिला सहकारी बैंक लि0, बिजनौर से रू0 80.00 करोड एवं उ0प्र0 सहकारी बैंक लखनऊ से रू0 191.69 करोड कुल रू0 271.69 करोड़ कैश क्रेडिट लिमिट की स्वीकृति प्रदान की। जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति ने पेराई सत्र 2022-23 हेतु गन्ना मूल्य भुगतान तथा मिल के अन्य खर्चों हेतु चालू पूंजी की व्यवस्था के लिए जिला सहकारी बैंक बिजनौर से रू0 80.00 करोड एवं उ०प्र0 सहकारी बैंक लखनऊ से रू0 191.69 करोड़ कुल रू0 271.69 करोड ऋण सीमा के प्रस्ताव स्वीकार किया। महाप्रबंधक चीनी मिल सुखवीर सिंह ने बताया कि सहकारी चीनी मिल नजीबाबाद द्वारा वर्तमान पेराई सत्र का 80 प्रतिशत गन्ना मूल्य भुगतान किसानों को कर दिया गया है। इस अवसर पर महाप्रबंधक चीनी मिल सुखवीर सिंह सहित समिति के अन्य सदस्य व अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# आगामी त्योहार पर नहीं डाली जाए कोई नई परंपराः उपजिलाधिकारी



नौगांवा सादात, प्रात : किरण संवाददाता

कोतवाली परिसर में आगामी मोहर्रम को लेकर पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें एसडीएम और थाना प्रभारी और धर्मगुरु शामिल हुए।बैठक मे अधिकारियों ने त्योहार को आपसी भाईचारे संग मनाएं जाने की अपील की। साथ ही कोई नई परंपरा नहीं डालने की बात कही।इस दौरान लोगों ने मोहर्रम को लेकर प्रशासन से क्षेत्र सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की। इस पर प्रशासन ने उन्हें इस ओर उचित कदम उठाए जाने का आश्वासन दिया।बुधवार को थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक मे उप-जिलाधिकारी अशोक शर्मा से क्षेत्र के लोगो ने मोहर्रम को लेकर साफ सफाई और बिजली व्यवस्था को सही करने की अपील की। उप-जिलाधिकारी और थाना प्रभारी ने भरोसा जताया कि मोहर्रम के त्योहार पर साफ सफाई और बिजली व्यवस्था को सुचारू रूप से सही कर दिया जायेगा। थाना प्रभारी ने कहा, सावन का महीना चल रहा है। शिवभक्त जल भरकर वापस आ रहे है। ऐसे समय मे हम सभी को मिलजुलकर कावड़ यात्रा और मोहर्रम को आपसी प्यार और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। इस मौके पर शहर के गणमान्य लोग हुसैन अब्बास, गुलाम अस्करी उर्फ भुट्टो, वकार हैदर, शजर अब्बास, अली अनसर, मौलाना हसन, आशी , आदिल अब्बास, हसनैन, जामीन अब्बास, मोहम्मद अब्बास, हिमायू, तारीख रजा , शाह रजा शाही आदि लोग मौजूद रहे।

# दुल्हन करती रही बारात का इंतजार दूल्हा परिवार सहित घर से फरार

हसनपुर, प्रात : किरण संवाददाता

बारात ले जाने से दो घंटे पहले दूल्हा परिवार संग घर से भूमिगत हो गया। घर पर ताला लटका हुआ है। मामला थाने पहुंच गया। पुलिस ने दूल्हे की तलाश शुरू कर दी है। लड़की वालों का कहना है कि हम गरीब हैं दहेज में कुछ नहीं था। इसलिए शादी से बचने के लिए दूल्हा और उसके घर कहीं चले गए। जबकि यह लड़की और लड़के की पसंद की शादी होने जा रही थी।

दोनों एक दूसरे को पसंद करते थे। कन्या पक्ष के घर शादी की तैयारियां धरी रह गई।मामला नगर के एक मोहल्ले का है। जहां एक बीस वर्षीय युवती की दूसरे मोहल्ले के रहने युवक के साथ परिवार वालों ने शादी तय की थी। लड़का और लड़की दोनों एक दूसरे को पसंद करते थे।

इसलिए दोनों की खुशी के लिए लड़की पक्ष के लोग शादी के लिए तैयार हो गए थे। लड़का टेलर है जबकि लड़की का पिता रिक्शा चलाकर परिवार का पालन पोषण करता है। मंगलवार शाम को बरात आनी थी। युवती के घर शादी की खुशियां चल रही थी। मेहमान आए हुए थे। पंडाल भी लगा हुआ था।

दावत भी चल रही थी। सभी बहुत खुश थे। बरात आने का इंतजार किया जा रहा था लेकिन बरात समय पर नहीं पहुंची तो लड़की पक्ष के लोगों ने लड़के के घर पर फोन किया। फोन बंद आया। तो लड़के वालों के घर जा कर देखा। मालूम हुआ कि घर पर ताला लटका हुआ है।

आसपास जानकारी करने पर पता चला कि बरात जाने से दो घंटे पहले ही दूल्हा परिवार के लोगों के साथ घर पर ताला लगातार चला गया है। काफी खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला तो लड़की पक्ष के लोग कोतवाली पहुंच गए।

उन्होंने तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने दूल्हे की खोजबीन शुरू कर दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार त्यागी का कहना है कि मामला जानकारी में है। जांच पड़ताल की जा रही है। जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।

# हर घर तिरंगा के अन्तर्गत ग्रामीणों ने निकाली तिरंगा यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता, मनोज शर्मा

**रहरा।** जिलाधिकारी बीके त्रिपाठी के निर्देश पर गंगेश्वरी ब्लॉक की ग्राम पंचायत रूखालू सहित दर्जनों गांवों में हर घर तिरंगा यात्रा के अन्तर्गत तिरंगा रैली निकाली गई।जिसमें ग्राम प्रधान,सचिव,क्षेत्र पंचायत सदस्य, रोजगार सेवक, राशन डीलर,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित सैकड़ों ग्रामीण भी सामिल हुए।गौरतलब है कि जिलाधिकारी बालकृष्ण त्रिपाठी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने गंगेश्वरी ब्लॉक कार्यालय में हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने को ग्राम प्रधान ,ग्राम पंचायत सचिव, रोजगार सेवक ,राशन डीलर व बीडीसी सदस्य के साथ आंगनवाड़ी सदस्य की सामूहिक बैठक की गई थी।जिसमें सभी से आगामी 11 अगस्त से 17 अगस्त तक सभी सरकारी प्रतिष्ठानों व सामूहिक व निजी जगह पर आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हर घर झंडा कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लेने का



आह्वान किया गया था। जिसके सापेक्ष गंगेश्वरी ब्लॉक के रुखालू, सिरसा गुर्जर के साथ देहरी गुर्जर ग्राम पंचायत में ग्राम पंचायत सचिव कपिल कुमार की अगुवाई में सभी ने हर घर झंडा दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत रैली का आयोजन किया।जिसमें ग्राम प्रधान, रोजगार सेवक, आशा, आंगनवाड़ी कार्यकत्री ,राशन डीलर, पंचायत सहायक सहित ग्राम वासियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया सभी ने ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान को हर घर झंडा कार्यक्रम को सफल बनाने का आश्वासन दिया।

# दरोगा अभीतेंद्र को मिला प्रमोशन, बने इंस्पेक्टर



रहरा, प्रात : किरण संवाददाता

बीते दिनों रहरा थाने में तैनात दरोगा अभीतेंद्र को प्रमोशन मिल गया था।वह अब निरिक्षक पद प्रोन्नत हो गए।अब अभीतेंद्र के कंधों पर तीन स्टार लगे है। उनकी यह उपलब्धि से पुलिस महकमे ने शुभकामनाएं दीं।साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।गौरतलब है कि सोमवार की देर शाम पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी सूची मे एसआई अभीतेंद्र की पदोन्नति करते हुए उन्हें इंस्पेक्टर बनाया गया है। एस एसआई अभितेन्द्र सिंह को इंस्पेक्टर बनने पर रहरा थाना वरुण कुमार ने स्टार लगाकर बधाई दी। तथा मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया। इंस्पेक्टर बनने के बाद अभितेन्द्र सिंह ने समस्त पुलिस स्टाफ व क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। बता दे ऐसा ही अभितेन्द्र सिंह करीब 19 माह से रहरा थाना के उपनिरिक्षक पद पर तैनात हैं।

### वाहन चोर गैंग का पदार्फाश,एक आरोप गिरफ्तार

**अमरोहा।** देहात थाना पुलिस ने बुधवार को वाहन चोर गैंग का पदार्फाश किया। गैंग मुरादाबाद और अमरोहा से बाइक चोरी करता था। पुलिस ने गैंग के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। जबकि उसके दो साथी फरार हैं। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की दो बाइकें भी बरामद हुई है। मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।यह जानकारी अमरोहा देहात थाना प्रभारी ब्रिजेश कुमार सिंह ने दी। बताया कि बुधवार थाना पुलिस अंबरपुर चौराहे के पास चैकिंग कर रही थी। इस दौरान दो बाइकों पर सवार तीन लोगों को रुकने का इशारा किया। इस पर वे भागने लगे। पुलिस ने पीछा कर एक बाइक पर सवार सिरसाखुमार निवासी शहजाद पकड़ा लिया। जबकि इसके दो अन्य साथी बाइक छोड़कर फरार हो गए।पूछताछ में शहजाद ने बताया कि उसने दो दिन पहले ही मुरादाबाद और अमरोहा के मानकजुड़ी गांव के पास से दो बाइकें चोरी की थी। आज भी वह अपने दो साथियों संग बाइक चोरी करने की फिराक में था।

# विधानसभा अध्यक्ष ने सदर विधायक महबूब अली को किया सम्मानित



अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता

समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता पूर्व कैबिनेट मंत्री/ सदर विधायक महबूब अली को छठी बार भारी मतों से निर्वाचित होने पर विधानसभा अध्यक्ष ने सम्मानित किया।इस दौरान सदर विधायक महबूब अली ने विधानसभा अध्यक्ष का आभार प्रकट किया।और कहा कि यह सम्मान मेरी समस्त विधानसभा क्षेत्र लोगों का है।यह अमरोहा वासियों की महोब्बत का नतीजा है जो मुझे छठी बार अमरोहा विधानसभा से निर्वाचित होकर जनता की सेवा करने का मौका मिला।और आज विधानसभा अध्यक्ष द्वारा मुझे( अमरोहा)वासियों को सम्मानित किया। मै आज विधानसभा अध्यक्ष एवं अमरोहा की जनता का शुक्रगुजार हूं।

# 01 अगस्त से जनपद में प्रारम्भ होगी मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाहीः डीएम

बिजनौर, प्रात : किरण संवाददाता

मतदाता सूची में सम्मिलित मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने के सम्बन्ध में राजनैतिक दलों, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन कलैक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुये जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की स्वस्थ परम्परा है और मतदाता सूची उसका आधार है। उन्होंने शुद्व, पारदर्शी व त्रुटिविहीन मतदाता सूची बनाने के लिये कहा। बूथ स्तर पर दिनांक 07 अगस्त व 21 अगस्त को विशेष कैम्पों का आयोजन भी किया जाएगा। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार निर्वाचक नामावली में सम्मिलित मतदाताओं की प्रविष्टियों के प्रमाणीकरण और भविष्य में उन्हें बेहतर



चुनावी सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने की कार्यवाही दिनाँक 01 अगस्त, 2022 से प्रारम्भ की जाएगी। मतदाताओं से स्वैच्छिक रूप से आधार नम्बर एकत्र किए जाने के सन्दर्भ में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा निम्नानुसार कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने कहा कि सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसील स्तर पर राजनैतिक दलों की बैठक आयोजित कर उन्हें बी०एल०ओ० के घर-घर भ्रमण कार्यक्रम की प्रति उपलब्ध कराकर उनसे सहयोग की अपील करेगें। उन्होंने बताया कि विशेष कैम्प दिवस पर कोई मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में शामिल विलोपन संशोधन कराना चाहता है अथवा नया संशोधित मतदाता पहचान पत्र प्राप्त करना चाहता है, तो उसे आयोग द्वारा नवीनतम फार्म-6,7 व 8 उपलब्ध कराया जायेगा तथा संबंधित फार्मों को भरने में बीएलओ उनकी सहायता करेगे।

उन्होंने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के नियम-23 के अनुसार सम्मिलित मतदाताओं द्वारा आधार नम्बर निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960 के उप नियम-26 बी द्वारा अधिसूचित फार्म-6 बी में दिया जायेगा। ऑनलाइन फार्म-6 बी भरने हेतु ईआरओ नेट, एनवीएसपी पोर्टल, गरूडा ऐप एवं वोटर हेल्पलाईन ऐप इत्यादि पर उपलब्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, मतदाता सूची में सम्मिलित किसी भी प्रविष्टि को इस आधार पर अपमार्जित नहीं करेगा कि किसी मतदाता द्वारा आधार नम्बर प्रस्तुत/सूचित नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि विशेष कैम्पों का आयोजन विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बूथ स्तर पर दिनांक 07 अगस्त, 2022 (रविवार) एवं दिनांक 21 अगस्त, 2022 (रविवार) को विशेष कैम्पों का आयोजन किया जाएगा। सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सुपरवाइजर, विशेष अभियान दिवसों पर बी० एल० ओ० की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बूथों का भ्रमण करेगें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0रा0/ उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, बीजेपी प्रतिनिधि धीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस, मुनेश त्यागी, बीएसपी प्रतिनिधि मो0 सित्तीकी, सपा प्रतिनिधि अख्लाक, आरएलडी प्रतिनिधि यादराम सिंह चन्देल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# धूमधाम से मनाया वेंक्टेश्वरा समूह का स्थापना दिवस, दर्जनों कार्यक्रम हुए आयोजित

गजरौला, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस बहुत ही धूमधाम तरीके से मनाया गया। इसी दिन समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि ने अपने जन्मदिवस पर अमरोहा, मेरठ समेत वेस्ट यू0पी0 के गरीब लोगो के लिए एक दर्जन से अधिक कल्याणकारी योजनाओ का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर, यज्ञ, सांस्कृतिक संध्या, वृक्षारोपण, हवन, भण्डारा समेत एक दर्जन से अधिक आयोजन किये गये। वेंक्टेश्वरा समूह के स्थापना दिवस एवं उज्जवल भारत-उज्जवल भविष्य (बिजली महोत्सव) कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी बी0के0 त्रिपाठी, समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, कुलपति डॉ0 पी0के0 भारती आदि ने सरस्वती माँ के सन्मुख दीप प्रज्जवलित



करके किया।अपने सम्बोधन में समूह चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि ने कहा कि वेंक्टेश्वरा समूह पिछले एक दशक से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं स्वास्थय सेवाओ में अग्रणी रहा है।आज इसके 23वें स्थापना दिवस पर हम प्रधानमंत्री मोदी एवं यशस्वी मुख्यमंत्री योगी के बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बी0पी0एल0 कार्डधारक दो सौ गरीब महिलाओ की निशुल्क डिलीवरी करेंगे। इसके अलावा साठ साल से ऊपर आयु के गरीब बुजुर्गो की आँखों का निशुल्क ऑपरेशन, निशुल्क चश्मा समेत बी0कॉम0, बी0बी0ए0, बी0सी0ए0 पाठयक्रमों में प्रतिवर्ष एक दर्जन गरीब बच्चियों को निशुल्क शिक्षा देंगे। इसके साथ ही उन्होने एक दर्जन चिकित्सा एवं शिक्षा की निशुल्क कल्याणकारी योजनाओ का शुभारम्भ किया।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला, अधिशासी अभियन्ता प्रेमपाल सिंह, पी0आर0ओ0 ऊर्जा विभाग बिरेन्द्र सिंह चौहान, कुलसचिव डॉ0 पीयूष पाण्डे, मेरठ परिसर निदेशक डॉ0 प्रताप सिंह, डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 राकेश यादव, अलका सिंह, विम्स सलाहकार डॉ0 आर0एन0सिंह, डीन मेडिकल डॉ0 संजीव भट्, मुख्य प्रबन्धक विम्स एम0ए0 चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 एन0के0 कालिया, एच0आर0 हेड शिवशंकर, एडीशनल लीगल डायरेक्टर देवप्रताप सिंह, डॉ0 ईकराम इलाही, डॉ0 संजय तिवारी, डॉ0 मोहित शर्मा, डॉ0 विवेक सचान, डॉ0 योगेश्वर शर्मा, डॉ0 एस0एन0 साहू, डॉ0 राजवर्धन, डॉ0 ऐना ब्राउन, डॉ0 उमेश कुमार, प्रदीप शर्मा, सी0एफ0ओ0 विकास भाटिया, सी0ए0 दशमीत बग्गा, गुरूदयाल सिंह कटियार, बालाजी मलयप्पन, संदीप भान, लीगल मैनेजर लक्ष्मन्न आर, मारूफ चौधरी, विशाल शर्मा, डॉ0 विपिन कुमार, राजीव सिंह, अरूण गोस्वामी, सतेन्द्र सिंह बघेल, राकेश दोनिया, मौ0 फैजान, संजीव राय, संजीव राजपूत, नीरज गिरि, दीपक, ब्रजपाल, प्रीतपाल मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

### बाईक फिसलने से युवक की मौत

**मंडावर।** थाना क्षेत्र के गांव दयाल वाला के हरपाल सिंह पुत्र रामकुमार अपनी बाइक से मंडावर की ओर आ रहे थे। जब वह शेखपुरा तालाब के पास पहुंचे तो उनकी बाइक मोड होने के कारण सिलिप हो गई तो वह गिर गए उनके मुंह पर काफी चोट आ गई। जिससे उनकी हालत काफी गंभीर हो गई बाइक सवार युवक के चार बच्चे थे। तीन लड़की व एक लड़का अपने पीछे अपना परिवार व बच्चों को रोता छोड़ गए। आपको बताते चले की हरपाल सिंह अपनी और परिवार की गुजर बसर करने के लिए घर पर ही पुराने जींस के कपडे को काटकर किसी बर्तन बनाने वाली कम्पनी के लिए ब्रश बनाकर भेजते थे। जिससे उनके परिवार का भरण पोषण चल रहा था,। मंडावर जाते समय मोड़ पर गाड़ी फिसलने के कारण शरीर पर काफी चोट आई जो की मौके पर इकट्ठा हुए लोगो ने पुलिस की मदद से बिजनौर अस्पताल में भिजवा दिया। जहाँ इलाज के दौरान हरपाल सिंह ने दम तोड़ दिया जिसके शव को पोस्टमार्टम के लिए मोरचरी में रखवा दिया है। हरपाल की मौत से पूरे परिवार में कोहराम मच गया है और गांव के लोग भी गम में है।

# इकराम जैदी के सेवानिवृत होने पर कारवाने खुलूस ने किया स्वागत

अमरोहा, प्रात : किरण संवाददाता

शहर की प्रख्यात शिक्षण संस्थान आई एम इंटर कॉलेज से सेवानिवृत्त होने पर साहित्यिक संस्था कारवाने खुलूस के तत्वधान नगर के मौहल्ला मजापोता स्थित नवाब मंजिल में गत रात्रि एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें शिक्षा व सहित से जुड़े हुए लोगों ने हिस्सा लिया और इकराम हुसैन जैदी की सेवाओ पर रोशनी डालते हुए उनकी प्रशंसा की।कारवाने खुलूस के अध्यक्ष महबूब हुसैन जैदी की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में विचार रखते हुए विलायत अली नकवी पूर्व लेक्चरर आई एम इंटर कालेज ने कहा की इस विद्यालय में इकराम जैदी ने अपने कार्यों से सभी का दिल जीता है, प्रबंधक वसीम हैदर नकवी,पूर्व प्रबंधक इंजीनियर ऐजाज हैदर व सय्यद हसन मुज्तबा नकवी ने भी इकराम हुसैन जैदी के कार्यों की प्रशंसा की। इकराम हुसैन जैदी ने कहा की यह शिक्षण संस्थान मुझे अपनी जान से भी प्यारा है, मैं सेवानिवृत्त तो हो रहा हूं लेकिन इससे मेरा रिश्ता कभी खत्म नहीं होगा। नवाब मुराद अली खा ने सभी का स्वागत व अध्यक्ष महबूब हुसैन जैदी ने कार्यक्रम में शरीक सभी लोगो का आभार प्रकट किया जबकि संचालन इस्लाम आलमी एडवोकेट ने किया। इस दौरान इकराम हुसैन जैदी को शाल पहना कर और माल्यार्पण करके स्वागत किया गया।स्वागत समारोह में वकारुल हसनैन खान,



इस्तेजाब हुसैन, आजादार हुसैन, इमदाद हैदर आबिदी, जिशान हैदर, शफात हुसैन, कैप्टन अशर रजा, मास्टर अली अब्बास, नवाज़िश हुसैन, हुसैन मोहम्मद जान, खलील मुज्तबा, हकीम हामिद हसन ,आलमगीर खुसरो, सईद हसन, रजा तहसीन, अरमान हुसैन, अख्तरुल अब्बास गुलजार , मेहताब हुसैन, अली अब्बास तकवीं, नाज अख्तर, हसन अली आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश स्तर पर भव्य तिरंगा यात्रा का करे आयोजन: गिरीश अवस्थी

लखनऊ। आजादी के अमृत महोत्सव पर 15 अगस्त को आजादी की 75 वी वर्षगांठ पर भारतीय मानवाधिकार परिवार के सदस्य जिला, मण्डल एवम्प्रदेश स्तर पर अपने मुख्यालयों पर भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन करेंगे। भारतीय मानवाधिकार परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश कुमार अवस्थी ने जिला, मण्डल एवम्प्रदेश अध्यक्ष को निर्देशित करते हुए इस भव्य तिरंगा यात्रा में प्रत्येक वर्ग के प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने एवम् इसकी अग्रिम सूचना राष्ट्रीय कार्यालय को देने को कहा। श्री अवस्थी ने आजादी के अमृत महोत्सव को केन्द्र व राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप मनाने को कहा।

### पौधारोपण और जल संरक्षण के लिए किया जागरूक

हसनपुर। बुधवार को नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में नमामि गंगे के तहत ग्राम स्तरीय दो दिवसीय गंगा दूत प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें गंगेश्वरी के गांव गंगाचोली निवासी जिला परियोजना अधिकारी सचिन चौधरी ने बताया कि पहले दिन प्रशिक्षण में 50 युवाओं को ट्रेनिंग दी गई है। इस दौरान गंगा की सफाई, जल संरक्षण, पौधारोपण और कचरा प्रबंधन को लेकर जागरूक किया गया। गंगा दूतों को गंगा की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि अत्यधिक जल दोहन से भूगर्भ जलस्तर घट रहा है। भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए जल संरक्षण जरूरी है। नमामि गंगे के तहत क्षेत्र के गांव गंगाचोली, गंगाचोली मिलक, श्याम पुरी, एवं भैंस रोली गांव के युवाओं ने भाग लिया। प्रशिक्षण में युवाओं को बताया गया कि किस तरह हम गंगा को स्वच्छ रख सकेंगे। कहा कि गंगा को स्वच्छ रखने के साथ-साथ हमें आसपास साफ सफाई का भी विशेष ध्यान रखना है।

### एआरटीओ ने किया पांच वाहनों का चालान

बिजनौर। जनपद में संचालित स्कूली वाहनों को बार बार निर्देशित किया जाता रहा है कि स्कूली वाहनों को स्कूली मानकों के अनुरूप कराकर एवं फिटनेश कराकर ही स्कूली छात्र छात्राओं का परिवहन का कार्य सम्पादित किया जाये जिसके क्रम में बुधवार को गौरी शंकर ठाकुर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बिजनौर द्वारा ऐसे पांच वाहनों का विभिन्न धाराओं में चालान किया गया जो कि न तो स्कूल के नाम से पंजीकृत थे और न ही स्कूलों द्वारा अनुबंध पर थे छात्रों के परिवहन का कार्य कर रहे थे। गौरी शंकर ठाकुर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन बिजनौर द्वारा बताया गया कि भविष्य में इस प्रकार के वाहनों की चैकिंग की जायेगी तथा कमियां पाये जाने पर चालान की कार्यवाही की जायेगी।

### प्रेस क्लब पत्रकार एकता सेवा ट्रस्ट ने थाना प्रभारी को दी बधाई

मंडावर। थाने में तैनात थाना प्रभारी संजय कुमार को भी पदोंन्नति होने पर उन्हें प्रेस क्लब पत्रकार एकता सेवा ट्रस्ट के सभी साथियों ने सविधान के रचियता डॉ भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा भेट कर बधाई दी संजय कुमार ने जिस दिन से मंडावर थाने का चार्ज लिया है। जब से ही जनता के दिलो में छाये हुए है। उनके व्यवहार और कार्य को देखते हुए सभी उनकी तारीफ करते है और थाने का किसी भी व्यक्ति को कोई काम हो तो सीधे उनसे मिल सकते है। सभी को उनका व्यवहार अच्छा लगता है। मंडावर थाने से पहले भी नगीना देहात के इंचार्ज भी रहे वहा भी इनके कार्य और व्यवहार से सभी खुश रहते थे।

# हर फाइल में भ्रष्टाचार शामिल यही भाजपा का रामराज है : अखिलेश

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता



**आरोप**

● गंगा एक्सप्रेस-वे के नाम पर किसानों का उत्पीड़न एवं भ्रष्टाचार चरम पर: अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि नीचे से लेकर ऊपर तक, नख से लेकर शिखर तक भ्रष्टाचार में भाजपाई नेता, मंत्री, अधिकारी डूबे हुए हैं और घूस के रेट हर विभाग-कार्यालय में निश्चित हैं। हर फाइल में भ्रष्टाचार शामिल है। यही भाजपा का रामराज है।

मुख्यमंत्री जी के गृह जनपद गोरखपुर में बांसगांव से भाजपा सांसद के ऊपर बुजुर्ग अधिवक्ता की जमीन पर कब्जा करने का आरोप लग रहा है। गंगा एक्सप्रेस-वे के नाम पर किसानों का उत्पीड़न एवं भ्रष्टाचार चरम पर है। भाजपा सरकार में किसानों की जमीन का बैनामा कराए बगैर ही एक्सप्रेस-वे के नाम पर काम शुरू करवा दिया गया। खबर है कि उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश की सीमा पर परिवहन की आवाजाही में वसूली की जा रही है। इसमें मंत्री, विधायक, अधिकारी और स्थानीय पुलिस सभी शामिल हैं।

भाजपा सरकार और उसके मंत्रीगण बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे पर इतरा रहे थे और इसे बड़ी उपलब्धि बता रहे थे। प्रधानमंत्री जी ने खुद इससे जनता को लाभ मिलने का बयान दिया था। 15 हजार करोड़ की लागत से बना ये एक्सप्रेस-वे 15 दिन भी नहीं चल पाया और रोजाना जगह-जगह धंसता जा रहा है। रोजाना हो रही दुर्घटनाएं चिंताजनक है। हमीरपुर में एक्सप्रेस-वे के अंडरपास में भी दरारें आ गई हैं। इटावा में सड़क धंस गई। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटनाओं की जांच में गई टीम ने उसमें तमाम खामियों को इंगित किया है। समाजवादी सरकार में बने आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे की गुणवत्ता की प्रशंसा सभी कर रहे है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर वायुसेना के लड़ाकू विमान तथा माल वाहक हरक्यूलिस विमान भी उतर चुके हैं। भाजपा सरकार में बने बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे के अलावा अन्य निर्माणकार्यों की भी पोल खुल रही है। भाजपा सरकार के निम्नस्तर के निर्माण कार्यों की वजह से जनता की जान जोखिम में है और वह प्रतिदिन दुर्घटनाओं का शिकार हो रही है। आखिर भाजपा सरकार के निर्माण कार्यों की खामियों और लापरवाहियों का खामियाजा जनता क्यों भुगते? जनता टैक्स का पैसा भी दे और इलाज पर भी खर्च करे यह कब तक चलेगा?

भाजपा की उत्तर प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त है। सभी विभागों में ट्रांसफर पोस्टिंग का खेल खेला जा रहा है। जनता इस खेल में पिस रही है। जांच की आंच में बड़े-बड़े नाम आ रहे हैं। नमामि गंगे योजना में करोड़ों रुपए खर्च हो चुके हैं लेकिन गंगा अविरल, निर्मल नहीं हुई। यमुना स्वच्छ नहीं हुई। समाजवादी सरकार में गोमती नदी की सफाई के साथ-साथ गोमती रिवरफ्रंट बना था जो लोगों के आकर्षण का केन्द्र था। भाजपा सरकार ने इस गोमती रिवरफ्रंट को भी बर्बाद कर दिया है। जितना भ्रष्टाचार भाजपा राज में हो रहा है उतना तो पहले कभी किसी सरकार में नहीं हुआ। भ्रष्टाचारी, झूठी, जुमलोवाली भाजपा की डबल इंजन सरकार अब जनता की बर्दाश्त के बाहर होती जा रही है।

# लखनऊ में मासूम की हत्या कर दफनाया शव

लखनऊ, एजेंसी

दुबग्गा के सैदपुर गांव में दो दिन पूर्व बाप व सौतेली मां ने छह माह की मासूम की हत्या कर शव को गांव के ही शमशान में दफना दिया। बाप ने मासूम के बीमार होने पर मौत होना ग्रामीणों को बताया। संदेह होने पर पहली पत्नी व मासूम की सगी मां ने दुबग्गा पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर बाप व सौतेली मां को हिरासत में ले लिया।

एसीपी काकोरी की मौजूदगी में मासूम के शव को क्रब से खुदवा कर बाहर निकाला गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कारवाई की जायेगी। सैदपुर गांव निवासी संजय रावत ने करीब चार वर्ष पूर्व काकोरी थाना के लाधौसी गांव निवासी प्रमिला रावत से की थी। प्रमिला से दो वर्षीय बेटी सृष्टि है। दहेज की मांग को लेकर दोनो में विवाद रहता था। जिसकी वजह से बीते एक वर्ष से प्रमिला अपने मायके लाधौसी में रह रही थी। मायके में ही प्रमिला ने दूसरी बेटी को जन्म दिया था, जो करीब छह माह की हो गई थी। जिसका नाम मिष्टी था। ग्रामीणों के मुताबिक पहली पत्नी के मायके में रहते हुए संजय ने प्रेम प्रसंग के चलते करीब 15 दिन पूर्व उन्नाव के हसन गंज निवासी मीना से दूसरी शादी कर ली। जिसको लेकर विवाद चल रहा था। बीती 21 जुलाई को दुबग्गा पुलिस कोतवाली पर विवाद के निपटारे के लिए पंचायत हुई, जिसमें दोनों का निपटारा कराया दिया गया। दोनों बेटी सृष्टि व मिष्टी पिता संजय रावत को दे दी गई। पहली पत्नी प्रमिला मायके चली गई।

वहीं संजय दूसरी पत्नी मीना व दोनों बेटियों के साथ अपने घर पर रह रहा था। बीते सोमवार को संजय ने ग्रामीणों को बताया कि छह माह की बेटी मिष्टी बीमार थी, जिसकी वजह से उसकी मौत हो गई है। संजय ने सोमवार रात में मृतिका मिष्टी का अंतिम संस्कार गांव में ही शमशान में कर दिया। जब इसकी जानकारी पहली पत्नी को हुई । तो उसे संदेह हुआ, जिसको लेकर प्रमिला ने मंगलवार को दुबग्गा पुलिस हत्या का आरोप लगाते हुए तहरीर दी।

### विद्यार्थियों को जीवन कौशल सिखाना आज के दौर में शिक्षकों की प्रमुख जिम्मेदारी :सैय्यद

**लखनऊ** । विद्यार्थियों को जीवन कौशल सिखाना आज के दौर में शिक्षकों की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। जिससे विद्यार्थियों की मनोवैज्ञानिक समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। यह बात राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्या सैय्यद शहजादी ने कही। वह बुधवार को को ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के भ्रमण पर थी। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से संवाद किया। उन्होंने अल्पसंख्यक विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति के संबंध में आने वाली विभिन्न समस्याओं के विषय में संकाय अधिष्ठाता, विभागाध्यक्षों, अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं विषय प्रभारियों से चर्चा की। उन्होंने कहा कि कई अल्पसंख्यक विद्यार्थी कंप्यूटर तथा टेक्नोलॉजी का समुचित ज्ञान ना होने के कारण छात्रवृत्ति का फार्म भरने से ही चूक जाते हैं। इसलिए उन्हें टेक्नोलॉजी का उपयोग करना सिखाया जाये। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों का मनोबल एवं आत्मविश्वास बढ़ाने में शिक्षकों की अहम भूमिका हो सकती है। आज के दौर की शिक्षा सिर्फ कक्षा तक ही सीमित नहीं होनी चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य जीवन पथ में उनका मार्गदर्शन करने का होना चाहिए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एनबी सिंह एवं अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# डॉ. अब्दुल कलाम का पूरा जीवन अनुकरणीय

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

**श्रद्धांजलि**

● पुण्यतिथि पर एकेटीयू में उनकी प्रतिमा पर किया गया माल्यार्पण, दी गयी श्रद्धांजलि

देश के महान वैज्ञानिक और राष्ट्रपति होते हुए भी डॉ. कलाम बेहद सरल, सहज और विनम्र थे। उन्हें अपने पद का कोई अहम नहीं था। उनका पूरा व्यक्तित्व अनुकरणीय है। यह बातें बुधवार को डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में पूर्व राष्ट्रपति डॉ.अब्दुल कलाम की सातवीं पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि देते हुए कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार मिश्र ने कही।

उन्होंने कहा कि उनके सपनों का भारत बनाने की जिम्मेदारी अब हमारे कंधों पर है। यदि हम लोग मिलकर उनके सपनों को साकार करने में अपनी भूमिका निभाते हैं तो सही मायने में यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस मौके पर उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को एक घंटे निशुल्क पढ़ाने की जिम्मेदारी दी। उन्होंने कहा कि जिस तरह डॉ. कलाम वैज्ञानिक और राष्ट्रपति होते हुए भी एक शिक्षक की भी भूमिका में रहे, उसी तरह हम सब भी अपनी जिम्मेदारियों के साथ एक शिक्षक का दायित्व भी निभा सकते हैं।

आईटी बीएचयू के पूर्व निदेशक प्रो. एसएन उपाध्याय ने कहा कि डॉ. कलाम की सीख हमारे जीवन को बदल सकती है। युवाओं को उनके सपने को साकार करने में अपना योगदान देना चाहिए। कुलसचिव नंदलाल सिंह ने कहा कि यह हम सब के लिए गर्व की बात है कि हम डॉ. कलाम साहब के नाम पर रखे विश्वविद्यालय में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने अपना पूरा जीवन बेहद सादगी से जीते हुए राष्ट्र को समर्पित कर दिया।

# लखनऊ वकिास प्राधकिरण का उपाध्यक्ष बना 12 वर्ष का अनुराग



लखनऊ, एजेंसी

नेपाल में अंतरराष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता गोल्ड मेडल जीतने वाला 12 वर्ष का मास्टर अनुराग बुधवार को जब लखनऊ वकिास प्राधकिरण के उपाध्यक्ष की कुर्सी पर बैठा तो इसी विभाग में काम करने वाले पिता दीपक कुमार वर्मा की खुशी का ठिकाना न रहा। मास्टर अनुराग ने लविप्रा उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी को भी बखूबी निभाया। अनुराग ने आम आवंटियों से जुड़ी जनहित गारंटी के कार्यो की समीक्षा की। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अनुराग को वीसी सर के नाम से संबोधित करते हुए अपनी रिपोर्ट सौंपी। लविप्रा के उपाध्यक्ष डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने मास्टर अनुराग को बुधवार को कार्यालय बुलाकर पुरस्कृत किया। इस दौरान उपाध्यक्ष ने बच्चे का उत्साहवर्द्धन करते उसे भरी बैठक में अपनी कुर्सी पर बैठाया। मीटिंग हाल में वरिष्ठ अधिकारियों के बीच अनुराग कुछ असहज महसूस कर रहा था। इस पर उपाध्यक्ष डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने अनुराग से उसकी पढ़ाई-लिखाई के साथ ही डाइट के बारे में पूछा। उपाध्यक्ष से प्रोत्साहन मिलने पर अनुराग का मनोबल बढ़ गया। उसने मुस्करा कर सभी सवालों के जवाब दिए।

इस दौरान सभी अधिकारियों ने जनहित गारंटी के कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में बताया गया कि पिछले एक सप्ताह में नामांतरण के 78 और फ्री-होल्ड के 16 प्रकरणों का निस्तारण किया गया है। इस पर उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अगले सप्ताह तक सभी पुराने प्रकरणों का शत-प्रतिशत निस्तारण सुनिश्चित करा लिया जाए। इस दौरान सचिव पवन कुमार गंगवार ने कहा कि अगली बैठक से पहले रिफंड के सभी मामले शून्य कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि देवपुर पारा योजना के ईडब्ल्यूएस और एलआईजी के आवंटियों को अविलंब ब्याज सहित रिफंड किया जाए।

# अखिलेश यादव ने मैराथन धाविका काजल से की भेंट



लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव से आज प्रयागराज की मैराथन धाविका कु0 काजल ने अपने पिताजी श्री नीरज कुमार बिंद के साथ भेंट किया। काजल ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव को सम्बोधित ज्ञापन में कहा कि वह कक्षा 6 की छात्रा है और खेल में उसकी रुचि है। वह मैराथन खेल में देश के लिए ओलम्पिक में मेडल लाना चाहती है 10 अप्रैल 2022 को धाविका काजल प्रयागराज से मुख्यमंत्री आवास तक दौड़कर 15 अप्रैल को लखनऊ पहुंची। काजल को स्पोर्ट्स हॉस्टल लखनऊ में दाखिला के लिए मुख्यमंत्री जी ने आश्वासन दिया लेकिन अभी तक उसका स्पोर्ट्स हॉस्टल में दाखिला नहीं हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने मैराथन धाविका कु0 काजल को भविष्य में सफलता की शुभकामना दी और समाजवादी पार्टी की ओर से एक लाख रुपए की राशि प्रदान कर प्रोत्साहित किया। उन्होंने स्पोर्ट्स कॉलेज के दाखिला में हर सम्भव सहयोग करने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सर्वश्री राजेन्द्र चौधरी, डॉ0 राजपाल कश्यप पूर्व प्रदेश अध्यक्ष समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, प्रमिल यादव सदस्य जिला पंचायत, तेज बहादुर निषाद, रजनीकांत बिंद राज साहनी, शुभम यादव सहित अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

# समिति ने लगाया चाणक्य क्लीनिक पर कोविड 19 टीकाकरण शिविर



चंदौसी, प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय मानव कल्याण समिति के तत्वाधान में विनायक मार्ग स्थित चाणक्य क्लीनिक पर कोविड 19 टीकाकरण शिविर लगाया गया।भारतीय मानव कल्याण समिति के प्रबन्धक डॉ टी एस पाल ने बताया कोविड से बचाव के लिए कैम्प में संयुक्त चिकित्सालय की टीम द्वारा 18 वर्ष से 60 वर्ष तक के 150 लोगो को बूस्टर डोज,15 प्लस आयु के युवाओं को 40 दूसरी डोज एवम 12 प्लस आयु की बच्चों को 20 दूसरी डोज लगाई गई।कुल 210 डोज वैक्सीन लगी।सतर्कता ही बीमारी से बचाव है।हर वैक्सीन हमेशा सुरक्षा कवच का काम करती है।सीएमएस डॉ हरवेंद्र सिंह ने कहा बढ़ रहे कोरोना केस को देखते हुए खुद की सुरक्षा के लिए बूस्टर अवश्य लगवाए।संचारी रोग से बचाव हेतु गंदगी एवम जल का भराव अपने आसपास न होने दें।स्वच्छता का विशेष ध्यान रखे। दिल्ली में मिले नए वेरिएंट मंकीपॉक्स से डरने की आवश्यकता नही है बल्कि किसी भी सिम्टम्स जैसे लाल दाने,चक्कते या बुखार कुछ भी परेशानी दिखाई दे तो मुझसे कभी भी समय संपर्क कर सकते है। इस दौरान आशा गोस्वामी,मुनीष वार्ष्णेय,आकाश शर्मा,विवेक चौहान,कमरुल निशा,मनवीर,मोहित वार्ष्णेय,यातेश शर्मा,डॉ जयशंकर दुबे,रोशन लाल,आभा रानी,प्रीति अरोरा,सौरभ बाबू का विशेष सहयोग रहा।

### आप यूथ विंग लखनऊ के जिलाध्यक्ष बने डॉ अनूप कुमार

**लखनऊ** । आम आदमी पार्टी यूथ विंग ने बुधवार को 8 जिला अध्यक्षों के नाम की घोषणा कर दी है। इन सभी नवनियुक्त जिलाध्यक्षों की घोषणा आप यूथ विंग प्रदेश अध्यक्ष पंकज अवाना ने की है। अवाना ने नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को बधाई दी और उम्मीद की है कि सभी नवनियुक्त यूथ विंग जिलाध्यक्ष अपने जिलों में संगठन को मजबूत करेंगे और केजरीवाल की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे । आम आदमी पार्टी आगामी नगर निगम चुनाव में मजबूत भागीदारी के लिए पूरी ताकत से जुटी है। संगठन को नए रूप से निर्मित करने का काम तेजी से किया जा रहा है। बूथ स्तर तक पार्टी के कार्यकताओं का चयन हो रहा है। संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए अभियान भी गति पकड़ रहे हैं। संगठन का उद्देश्य नगर निगम चुनावों में भारी जीत हासिल करना है। यूथ विंग ने बदांयू से आदित्य गुप्ता, बलिया से कमलेश सिंह ,कानपुर नगर से मो. हाविद, शाहजहांपुर से सिद्धांत सिंह, चित्रकूट से योगराज सिंह ,अमेठी से सन्तोष कुमार ,एटा से हेमन्त वघेल को अध्यक्ष बनाया है।

# देवाधिदेव भगवान शिव की भक्ति शुभ और अमिट फलदायक: सरिता गुप्ता

संभल, प्रात : किरण संवाददाता



शिव तेरस पर्व पर हिंदू जागृति महिला मंच के सदस्यों ने नगर के अमृत कूप मंदिर पर देवाधिदेव भगवान शिव का पूजन अर्चन करके सामूहिक आरती की। प्रसाद वितरण कर सत्संग एवं कीर्तन किया गया। नगर के अमृतकूप मंदिर पर महिला मंच के आह्वान पर अनेक शिव भक्त एकत्र हुए। वहां शिवालय में मुख्य यजमान सरिता गुप्ता एवं प्रभात गुप्ता ने भगवान शिव का पूजन अर्चन किया। तत्पश्चात सभी भक्तों ने अपनी-अपनी थाली में बेलपत्र धतूरा मिष्ठान चावल कलावा तथा अभिषेक करने हेतु जल थाली में सजाया। प्रज्वलित दीपक से भगवान शिव की सामूहिक आरती विधान पूर्वक की गई। आरती करने वालों पर पुष्प वर्षा भी की गई। श्रद्धा भक्ति और विश्वास के साथ सभी भक्तों ने भगवान शिव की जय जयकार करते हुए सत्संग एवं कीर्तन का भी आयोजन किया जो देर रात तक चलता रहा। इस अवसर पर हिंदू जागृति महिला मंच की जिला अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने कहा कि देवाधिदेव भगवान शिव सर्वाधिक शीघ्र प्रसन्न होते हैं। अपने भक्तों को मनचाहा वरदान देते हैं। सारे कष्टों और पापों को दूर करते हैं।ऐसे में श्रावण मास में आने वाली शिवरात्रि का पर्व सभी शिव भक्तों के लिए आस्था विश्वास और श्रद्धा का केंद्र होता है। आज हिंदू जागृति महिला मंच के तत्वाधान में सभी भक्तों ने अमृत कूप मंदिर पर शिव आराधना पूजन सामूहिक आरती सत्संग कीर्तन में भाग लेकर भगवान शिव से मनौतियां मांगीं। इस अवसर पर सुबोध कुमार गुप्ता, आशा गुप्ता, प्रदीप कुमार शुक्ला, अरुण कुमार अग्रवाल, विकास कुमार वर्मा, नवनीत कुमार, शिव शंकर शर्मा, वीरेंद्र कुमार गुप्ता, बिशनलाल, महावीर सिंह आदि भक्तों ने अपने विचार व्यक्त किए। महिला मंच की नगर अध्यक्ष गुंजा गुप्ता, प्रीति शर्मा, शालिनी रस्तोगी, सुनीता यादव, सुनीता गुप्ता, सीमा आर्या आदि ने कार्यक्रम की व्यवस्था संभालने में सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन प्रभात गुप्ता ने किया।

# देवरानी से परेशान होकर जेठानी ने लगा ली फांसी

संभल, प्रात : किरण संवाददाता

नरौली क्षेत्र को ग्राम पंचायत गांव कासमपुर जागरूप में आज दोपहर लगभग 11. 30 बजे के आसपास जेठानी और दौरानी में किसी बात को लेकर झगड़ा हो झगड़े से परेशान होकर दौरानी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गांव की कमला देवी पति स्व जयसिंह इनके तीन बेटे सबसे बडे चन्द्रवीर, सोनू ,राजा बाबू और एक बेटी जिसमें दो बेटा और एक बेटी की शादी हो गई है सबसे छोटे बेटे की शादी नही हुई है।

छोटी पति चन्द्रवीर जो अपनी दौरानी देवकुमारी पति सोनू से दोपहर किसी बात को लेकर झगड़ा करने लगी और बाद में देवकुमारी ने परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली देवकुमारी की शादी तीन साल पहले हुई थी इनकी एक लगभग सवा साल की बेटी भी है नायरा गांव वालों ने बताया कि दोपहर जेठानी और दौरानी में झगड़ा हो रहा था थोड़ी देर बाद जेठानी बहार किसी काम से चली गई उसके बाद देवरानी के पास उसकी छोटी बहन शिवानी पिछले दो महीने से रहे रही थी जब वो बहार से खेल कर आई तो देखा कि मैन गेट बन्द है तो बराबर के घर से छोटी सी दीवार कूद कर अन्दर गई तो देखा कि उसकी जीजी देवरानी का कमरा अन्दर से बन्द है तो जोर से आवाज दी लेकिन अन्दर से कोई आवाज नही आई तो जंगला में से झांककर देखा कि उसकी बड़ी जीजी देवरकुमारी फांसी के फंदे पर झूल रही है तो उसकी चीख निकल गई और फौरन बहार आकर जोर जोर से रोने लगी और चिल्लाने लगी इतनी देर में उसी की जेठानी छोटी आ गई और फौरन किसी तरह से उसे नीचे उतारा।

इसके बाद किसी ने लगभग 3.30 बजे देवकुमारी के पिता कल्लू जिगनिया थाना सोनकपुर को सूचना दी कि तुम्हारी बेटी की तबियत सही नही है और फौरन आ जाओ उसके बाद लडकी के पिता कल्लू ने अपने घर वाले और रिश्तेदारो को सूचना दी तो मौके पर सब घर वाले पहुँचे देवकुमारी का पति सोनू बहार काम करता है।

# मंकीपॉक्स वायरस को लेकर अलर्ट, सीएम ने दिया अस्पतालों में बेड रिजर्व रखने का आदेश

लखनऊ , प्रात : किरण संवाददाता



● सीएम योगी ने राज्य में लोगों को मंकीपॉक्स के लिए कोविड अस्पतालों में 10 बेड आरक्षित रखने का निर्देश दिया

मंकीपॉक्स वायरस के फैलने की आशंका के बीच सीएम योगी ने प्रशासन को आदेश दिया है कि एहतियातन कोरोना अस्पतालों में दस बिस्तर आरक्षित किए जाएं। इसके अलावा जागरूक्ता कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। मंकीपॉक्स वायरस फैलने की आशंका के बीच यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने राज्य में लोगों को मंकीपॉक्स के लिए जागरूक करने और कोविड अस्पतालों में न्यूनतम 10 बेड आरक्षित रखने का निर्देश दिया है। जानकारी के मुताबिक सीएम योगी ने अधिकारियों को लोगों को मंकीपॉक्स के लक्षणों, इसके उपचार और भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में जागरूक करने का निर्देश दिया है। मंकीपॉक्स एक वायरल जूनोसिस (जानवरों से मनुष्यों में प्रसारित होने वाला वायरस) है, जिसमें चेचक जैसे लक्षण होते हैं।

मंकीपॉक्स में आमतौर पर बुखार, सिरदर्द, चकत्ते, गले में खराश, खांसी और सूजी हुई लिम्फ नोड्स जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। भारत में अब तक मंकीपॉक्स के चार मामले, केरल में तीन और दिल्ली में एक मामले दर्ज किया गया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों यूपी में अफ्रीकन स्वाइन फ्लू के संक्रमण से सूअरों के मरने की खबर आई थी। सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा है कि चूंकि सुअर फार्म भी कई लोगों के लिए आजीविका का एक साधन है, इसलिए अफ्रीकी स्वाइन फ्लू के कारण नुकसान का सामना करने वालों को वित्तीय मदद देने के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया जाना चाहिए। एक तरफ प्रशासन अफ्रीकन स्वाइन फ्लू को फैलने से रोकने की कोशिश कर रहा है तो दूसरी तरफ मंकीपॉक्स को लेकर अलर्ट जारी हुआ है।

# डेढ़ माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

संभल, प्रात : किरण संवाददाता

चंदौसी गोशाला रोड स्थित वसुंधरा एंकलेव में विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत । मौके पर पहुंचे परिजनों ने ससुराल पक्ष पर गला घोंटकर हत्या करने का लगाया आरोप विधि वार्ष्णेय माह की शादी को ढाई माह का समय बीता था तथा वह डेढ़ माह की गर्भवती भी बताई जा रही है। घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा रही। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पोहची पुलिस। राजमोहल्ला निवासी मनोज वार्ष्णेय की पुत्री विधि वार्ष्णेय की शादी तीन मई को गोशाला रोड स्थित वसुंधरा एंकलेव निवासी युवक से हुई थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक ठाक रहा। मृतिका के पिता मनोज वार्ष्णेय ने बताया कि सोमवार की रात नौ बजे जानकारी हुई कि उसकी पुत्री की मौत हो गई है। घटना की जानकारी होने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो मकान की दूसरी मंजिल पर पुत्री का शव फर्श पर पड़ा था , जबकि मौके पर मृतक महिला की सास व ननद मौजूद थे।घर से परिजनों को पीएनबी बैंक की चेक बुक का एक चेक के कुछ फटे हुए हिस्से भी मिले,मृतका के परिजनो ने बताया की शादी के बाद से ही विधि परेशान रहती थी, मृतका ने अपनी छोटी बहन के मोबाइल पर घटना से कुछ समय पहले एक मैसेज भी किया था जिसमे उसने में परेशान हूँ लिखा था। बिबहिता की रहस्यमय मौत ने ससुराल पक्ष पर कई सवालिया निशान लगाये हैं ,जिसकी तफ्तीश करना अभी पुलिस कर रही है,हालाकि इस घटना में पुलिस ने मृतका की नंद और सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि पति घर से फरार बताया जा रहा है। जबकि ससुर को रविवार को दिल्ली किसी कार्य से जाना बताया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कोरोना संक्रमित एक मरीज भर्ती

पटना सिटी। एनएमसीएच में कोरोना संक्रमित एक मरीज को भर्ती किया गया है। एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ मुकुल कुमार सिंह ने बताया कि गांधी मैदान के पास का रहने वाला 34 साल के युवा को कोरोना पॉजिटिव रिपोर्ट होने पर भर्ती किया गया है। उसे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के एमसीएच में भर्ती किया गया है। यहां एकमात्र कोरोना का मरीज यही भर्ती है।

### सीपीआई चौक शाखा का सम्मेलन 31 को

पटना सिटी। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) चौक शाखा का सम्मेलन 31 जुलाई को होगा। पटना साहिब अंचल परिषद के सचिव देवरत्न प्रसाद ने बताया कि रविवार को पूर्वाह्न 11.30 बजे दिन बिहार हितैषी पुस्तकालय मंगल तालाब में होगा। सम्मेलन को ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के पूर्व राष्ट्रीय महासचिव सह भाकपा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य विश्वजीत कुमार एवं सीपीआई के राज्य कमेटी सदस्य एवं पूर्व पार्षद मोहन प्रसाद संबोधित करेंगे। सम्मेलन के पर्यवेक्षक जयप्रकाश मालाकार एवं प्रभारी सीपीआई पटना साहिब अंचल के सहायक सचिव शंभू शरण प्रसाद होंगे।

### अज्ञात वाहन की ठोकर से अधेड़ की मौत

बाढ।अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना क्षेत्र के बुडरा गांव निवासी एक अधेड़ की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो जाने की सूचना है। इस संबंध में जानकारी देते हुए अपर थानाध्यक्ष रविंद्र कुमार ने बताया की मंगलवार की देर रात किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बुडरा गांव निवासी 50 वर्षीय रमेश राय बुरी तरह से जख्मी हो गए थे। जिनकी इलाज के क्रम में मौत हो गई।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु बाढ़ अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। इधर मृतकों के परिजनों के बीच मातम का माहौल बना हुआ है।

### शराब मामले के एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बाढ़।अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना क्षेत्र के राजपुरा गांव से शराब मामले में एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसआई बजरंगी कुमार ने बताया की पूर्व के शराब बरामदगी मामले में सुजीत कुमार राय पिता उल्लास राय ग्राम राजपुरा आरोपी था। इस कांड में 8 लीटर झारखंड निर्मित देसी शराब बरामद किया गया था।जिसको पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। जिसके उपरांत आगे की करवाई की जा रही है।

# भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा के राष्ट्रीय नेताओं का पटना साहिब में कार्यक्रम

## आगमन को महिला कार्यकर्ताओं में उत्साह : नंदकिशोर

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

भाजपा राष्ट्रीय महिला मोर्चा की महामंत्री दीप्ति रावत और राष्ट्रीय कार्यसमिति की सदस्य नीतू गर्ग 28-29 जुलाई को पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी।

भाजपा के पूर्व मंत्री सह पटना साहिब विस क्षेत्र के विधायक नंदकिशोर यादव ने खाजेकलां सामुदायिक भवन में क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं की बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 30- 31जुलाई को पटना में पहली बार आयोजित भाजपा के सात मोर्चों की राष्ट्रीय कार्यसमिति की संयुक्त बैठक में राज्य के जिन 200 विधानसभा क्षेत्रों को चुना गया है, उसमें पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र का भी चयन कार्यकताओं के लिए गौरव की बात है। श्री यादव ने बताया कि महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती दीप्ति रावत और राष्ट्रीय कार्यसमिति की सदस्य नीतू गर्ग 28 व 29 जुलाई को पटना साहिब में 11 विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत करेंगी। इनमें पांच धार्मिक स्थानों का परिभ्रमण भी शामिल है। 28 आईटीआई, बिस्कोमान कालोनी में बैठक करेंगी और क्षेत्र की महिला कार्यकताओं से बातचीत कर उनका उत्साहवर्धन करेंगी। साथ ही केंद्र सरकार की ओर से महिला सशक्तीकरण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देंगी। वार्ड 70 में प्रधानमंत्री नामित गरीबों के कल्याण के लिए चल रही योजनाओं के कम से कम



10 लाभार्थियों से बात कर उनके घर जाएंगी। अपराह्न 4 बजे खाजेकलां सामुदायिक भवन में सोशल मीडिया के प्रभारियों के साथ संवाद होगा। नीतू गर्ग तकनीकी एक्सपर्ट भी हैं। शाम में बड़ी पटनदेवी में पूजा-अर्चना के बाद महापौर सीता साहू के आवास पर वार्ड पार्षदों के साथ बैठक होगी। दूसरे दिन 29 जुलाई को कार्यक्रमों की शुरूआत प्राचीन श्री जल्ला महावीर मंदिर और तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में मत्था टेकने से शुरू होगी। श्री यादव ने कहा कि अरोड़ा हाउस में आंगनबाड़ी, आशा व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से सामाजिक संवाद के बाद वार्ड 61 के मेहंदीगंज पार्क में पौधारोपण करने के बाद अपराह्न ढाई बजे प्रकाशपुंज का भ्रमण करेंगी। इसके निर्माण के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी ने 50 करोड़ दिये थे। राज्य सरकार ने भी राशि प्रदान की है। अपराह्न 4 बजे छोटी पहाड़ी में लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाने के बाद भद्र घाट में आयोजित गंगा आरती में शामिल होंगी। शशाम सात बजे मंगल तालाब स्थित पाटलिपुत्र परिषद भवन में प्रबुद्धजनों के साथ संवाद निर्धारित है, जिसमें इलाके के प्रमुख चिकित्सक, अधिवक्ता, व्यवसायी, अभियंता एवं प्रभावी मतदाता शामिल होंगे। बैठक में भाजपा के प्रदेश मंत्री रूपनारायण मेहता, महिला मोर्चा की महानगर अध्यक्ष कांति केसरी, दिनेश पटेल, किरण शंकर, अधिवक्ता नवीन कुमार सिन्हा, विनय केसरी, सुरेश सिंह पटेल, रंजीत कुमार सिन्हा, लल्लू शर्मा सहित मंडलों के अध्यक्ष, महामंत्री व विभिन्न मंच-मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बालू लदा ट्रैक्टर से एक महिला को रौंदा

## घटनास्थल पर ही मौत हो गई



दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बुधवार की सुबह लगभग 8:30 बजे एम्स के सामने डीएवी स्कूल में पहली कक्षा में पढ़ने वाली अपनी बेटी आसना को छोड़ घर वापस लौट रही महिला को एम्स के मुख्य गेट के सामने ही बेलगाम रफ्तार से जा रहे बालू लोड ट्रैक्टर ने कुचल दिया. महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई. वहीं हादसे के बाद वहां आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर दिया. मृतका की पहचान एम्स के नजदीक वाल्मी के पास बृंदावन कॉलोनी रोड नंबर 1 में रहने वाली अनामिका देवी उम्र लगभग 32 वर्ष के रूप में हुई है.मृतका के पति अखिलेश कुमार हाजीपुर के जोनल रेलवे कार्यालय में चीफ ऑफिस सुपरिटेंडेंट के पद पर तैनात हैं. मृतका को दो ही बच्चियां है, जिनमें 16 वषीर्या आसना डीएवी वाल्मी में पहली कक्षा में पढ़ती है जबकि दूसरी बेटी अभी महज 4 वर्ष की है. इधर दोनों बच्चियों के सर से ममता का साया सदा के लिए उठ चुका था. उधर स्कूल से परिजन बच्ची को घर लेकर चले आये. महज 6 साल की आसना अपनी मां की दुर्घटना में मौत होने की खबर से अनजान विलाप करते परिजनों को देख रोने लगती है. उसे तो यह भी आभास नहीं है कि उसे दुलार प्यार करने वाली मां अब हमेशा के लिए उसे छोड़ कर चली गयी. स्थानीय लोगों ने एम्स रोड को जाम कर जमकर हंगामा किया. स्थानीय लोगों का कहना है कि एम्स गेट पर टेम्पू वाले जाम कर के रखते है. इसी वजह से यहां आए दिन सड़क हादसा होते रहता है. पुलिस मौके पर पहुंचकर ट्रैक्टर को पकड़कर थाने पर ले आई. आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर शव को कब्जे में सी पटना एम्स पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

# मुख्य पार्षद रूपा कुमारी ने दो वार्डों में पीसीसी सड़क का किया उद्घाटन



फतुहा, प्रात : किरण संवाददाता

नगर परिषद के वार्ड संख्या 26 एवं 25 में जनता की मांग पर पार्षद वीणा देवी एवं संजय कुमार बिट्टू की अनुशंसा पर पीसीसी सड़क एवं नाला का निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद बुधवार को नगर अध्यक्ष रूपा कुमारी ने फीता काट कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के समय दोनों वार्डों में मुख्य पार्षद रूपा कुमारी स्वागत महिलाओं ने माला पहनाकर किया। वही मुख्य पार्षद ने वार्ड संख्या 25 के एक गली का जायजा लिया और कहा कि जल्द ही इसका निर्माण जल्द कराया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व उपाध्यक्ष संजय गोप, समाजसेवी सुधीर कुमार यादव, राजद नगर अध्यक्ष डॉ दयानंद प्रसाद सिंह, पार्षद प्रतिनिधि शिवू यादव, पार्षद संजय कुमार विट्ठू, महेंद्र प्रसाद, अरुण झा, मोहम्मद बब्लू, श्यामनंदन यादव, प्रो० अवधेश कुमार यादव, विकास कुमार विट्ठू, राजवीर, सचिदानंद प्रसाद, रविन्द्र यादव, प्रमोद कुमार, रंजना गुप्ता, सपना कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शुद्धिकरण स्नान हेतु आये एक ही परिवार के 4 सदस्य उमानाथ घाट पर गंगा नदी में डूबे

बाढ, प्रात : किरण संवाददाता

शहर के उमानाथ मंदिर गंगा घाट पर बुधवार को बरबीघा से शुद्धिकरण स्नान के लिए आए चार लोग स्नान करने के क्रम में गंगा नदी में डूब गए।शुद्धिकरण स्नान के लिए परिवार के कुल 22 लोग वाहन रिजर्व करके बाढ़ के उमानाथ मंदिर आए थे। एक-एक करके चारों डूबते रहे और लोग देखते रहे। किसी भी व्यक्ति ने गंगा नदी की तेज धारा में डूब रहे शख्स की जान बचाने की हिम्मत नहीं की।क्योंकि उनके पास संसाधनों की कमी थी। इस प्रकार एक एक करके सभी गंगा नदी में समाहित हो गए। चारों के डूबने की खबर पूरे इलाके में आग की तरह फैल गई और आसपास के लोग वहां हजारों की संख्या में जमा हो गए।

स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और डूबने वाले शख्स की तलाश शुरू कर दी। खबर लिखे जाने तक किसी का अता पता नहीं चल पाया था। एक ओर प्रशासन डूबने वाले लोगों के शरीर को खोजबीन करने में जुटी है, वहीं परिवार वालों के बीच कोहराम मचा हुआ है तथा उनका रो-रोकर बुरा हाल है। बता दें कि स्थानीय लोगों के शिकायत है कि उमानाथ के घाट पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से किसी प्रकार के उपाय प्रशासन के द्वारा नही किए जा रहें हैं। उनका कहना है कि उमानाथ के घाट पर भी हरिद्वार, प्रयागराज



और बनारस की तरह ही जंजीर का बैरिकेटिंग लगाकर पुख्ता इंतजाम किए जाने चाहिए और स्थाई रूप से एक बचाव दल की टीम, चाहे वह एसडीआरएफ की टीम हो या एनडीआरएफ की,यहां पर व्यवस्था की जानी चाहिए। विदित हो कि पिछले कुछ दिनों में दर्जनों लोग गंगा नदी में डूबने के शिकार हो चुके हैं। हालांकि प्रशासन द्वारा हिदायत दी गई है कि सावधानी पूर्वक स्नान करें और गहरे पानी में नहीं जाए, लेकिन दूर दूर से आने वाले श्रद्धालुओं को इस बात का पता नहीं होता है कि कहां पर कितना गहरा पानी है और धोखे से गहरे पानी में चले जाते हैं।जिसके कारण डूबकर उनकी मौत हो जाती है। बता दें की जिस तरह से लोग डूब रहे है, उसे बचाने के लिए काफी समय था।

यदि घाट पर एसडीआरएफ या एनडीआरएफ की टीम होती तो निश्चित रूप से चारों को बचाया जा सकता था।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार काफी देर तक पानी में वे लोग अपनी जान बचाने के लिए चिल्ला रहे थे।अतः जरूरत है बाढ़ नगर प्रशासन की ओर से जल्द से जल्द उमानाथ घाट पर कोई सुरक्षात्मक व्यवस्था की ओर ध्यान देने की, ताकि गंगा में डूबते हुए लोगों की जान बचाई जा सके।इससे पुलिस तथा अन्य प्रशासनिक पदाधिकारियों की समय की भी बचत होती और फजीहत भी नही होती। हालांकि स्थानीय पूर्व पार्षद संजू देवी ने बताया कि पिछली बार कुछ स्थानीय लड़कों ने डूबते हुए दो शख्स की जान बचाई थी, जिसके बाद बचानों वालों के साथ ही मारपीट के गयी। इसलिए इस बार कुछ स्थानीय लोग उसे बचाने के लिए नहीं कूदे। हालांकि कुछ लोगों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

बता दें कि डूबने वाले लोग शेखपुरा जिला के बरबीघा के रजौला गांव के हैं। डूबने वाले शख्स मुकेश कुमार के भाई प्रमोद कुमार ने बताया कि मां के मृत्यु के बाद श्राद्ध क्रिया पूर्ण होने के बाद शुद्धिकरण के लिए गंगा स्नान के बाद मंदिर में पूजा पाठ करने हेतु आए थे। उन्होंने बताया कि पहले जब उनकी 17 वर्षीय भतीजी आभा जब डूबने लगी, तो उनके पिता, भाई व उसकी मां तीनों बचाने के लिए गए थे, परंतु वो भी उनके साथ साथ डूब गए।सबसे ज्यादा दुःखद बात ये है कि डूबने वाले सभी शख्स 40 वर्षीय मुकेश, 26 वर्षीय आभा जो नर्स थी, 16 साल की सपना जो पिछले साल 10वीं की परीक्षा दी थी तथा 15 वर्षीय हर्ष, जो नौवीं कक्षा का छात्र था, एक ही परिवार के थे।

# आईडब्ल्यूएआई ने ध्वजारोहण कर गाया राष्ट्रगान



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

आजादी के 75 साल पूरा होने पर आजादी के अमृत महोत्सव पर भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण गायघाट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रीय ध्वज के साथ मार्च निकाला गया। इसके पूर्व ध्वजारोहण एवं परेड का आयोजन देशभक्ति गीतों के साथ किया गया। इस आयोजन में राजकीय मध्य विद्यालय, बबुआगंज के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को भी शामिल किया गया। यह परेड भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण, राजा घाट से शुरू होकर गायघाट चौराहा, अंतर्देशीय जलमार्ग टर्मिनल होते हुए वापस कार्यालय पहुंचा। यहां प्रभारी निदेशक अरविंद कुमार के द्वारा ध्वजारोहण करने के बाद राष्ट्रगान गाया गया। उनके द्वारा सबों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर श्री अरविंद ने आजादी के अमृत महोत्सव के महत्व पर लोगों को संबोधित भी किया।

# दो मानव तस्कर गिरफ्तार



दानापुर, प्रात : किरण संवाददाता

दानापुर खगोल नगर के दानापुर स्टेशन पे गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ पोस्ट पाटलिपुत्र वा सीआइबी, दानापुर की टीम ने संदेहास्पद अवस्था में बच्चों के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया` मालूम हो कि पुलिस ने गिरफ्तार दोनों व्यक्ति को बच्चों को टिकट एवम वीआईपी गेट के पास देखा गया। शक होने पर उससे पूछताछ किया गया तो ज्ञात हुआ कि दो नसीम अख्तर 25 बर्ष पिता-सेता बुल 2.मोहम्मद ताहिर 19 बर्ष पिता-यूसुफ दोनो ग्राम-गरियाघट थाना केनगर जिला पूर्णिया था।दोनो ने बताया कि वह सभी 10 बच्चों को लेकर मुम्बई जा रहा था। इन सभी को वहां किसी होटल या ढाबा में मजदूरी कराते ,जिसके लिए उसे 7000-8000 तक का पगार मिलता।इस पैसे को मैं लेकर कुछ अपने पास रखता बाकी इनके पिता को भेजता। इसकी सूचना तत्काल बीबीए पटना को दिया गया` इस के बाद सूचना मिलने के बाद पटना के दो कर्मी जितेंद्र कुमार और त्रिपुरारी कुमार सिंह आये और आवश्यक कार्यवाही करने के बाद बच्चों को अपने कब्जे में लिए तथा गिरफ्तार उपरोक्त दोनों मानव तस्कर के विरुद्ध जी आर पी पाटलीपुत्र को सौंप दिया।

# बाढ़ अनुमंडल के बाढ़ एवं मोकामा थानाध्यक्षों का तबादला

**बाढ़।** थानाध्यक्ष राजनंदन एवं मोकामा थानाध्यक्ष संजीत कुमार सिंह का तबादला कर दिया गया है।बाढ़ थानाध्यक्ष को यहां से हटाकर सीवान में पदस्थापित कर दिया गया है।ज्ञात हो कि इसके पहले बाढ़ थानाध्यक्ष राजनंदन मोकामा के थानाध्यक्ष रहे।और एक लंबे समय तक सेवा प्रदान करने के बाद उन्हें स्थानांतरित कर बाढ़ थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया था। हालांकि यहां पर काफी कम समय सेवा देने के बाद ही उनका तबादला सीवान कर दिया गया है।वहीं दूसरी तरफ मोकामा थानाध्यक्ष संजीत कुमार का भी तबादला कर दिया गया है।और उन्हें कोतवाली थाना पटना में पदस्थापित कर दिया गया है। बता दें कि मोकामा थानाध्यक्ष संजीत कुमार पहले बाढ़ थाना में लंबे समय तक अपनी सेवा दे चुके है। कुछ महीने पहले ही उन्हें स्थानांतरित कर मोकामा थाना की कमान सौंपी गई थी।

# हर स्लम में डिजिटल पाठशाला होगा : डॉ प्रकाश



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

पर्यावरण जागरुकता को लेकर अभियान ड्रीम नेशन के द्वारा किया गया।इसका उद्घाटन मेयर पद के प्रत्याशी डॉ अजय प्रकाश के द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ प्रकाश ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा कर ही हम सब अपनी सुरक्षा कर सकेंगे। हर किसी की हरियाली और पौधा लगा उसे पेड़ के रूप में विकसित करना चाहिए। इससे वातावरण में आक्सीजन बना रहेगा।इस दौरान बच्चों के बीच डॉ अजय प्रकाश ने पाठ्य सामग्री व टॉफी का वितरण करते हुए कहा कि यही बच्चे हमारे कल के भविष्य हैं। स्वास्थ्य व शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग की जरूरत है। वे हमेशा साथ रहेंगे। पटना में 110 स्लम है, जहां की शिक्षा व्यवस्था में मेयर चुनाव जीतने के बाद डिजिटल पाठशाला खोलने का काम प्राथमिकता वाले कार्य में होगा। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी। साथ ही बनाए पेंटिंग भी डॉ प्रकाश को दिया। समारोह को डॉ राजनाथ सिंह, विजय कु चंद्रवंशी, अभय मिश्रा, अमित कु सिंह, सुधांशु गुप्ता आदि ने संबोधित किया। संचालन अमित कुमार सिंह ने किया।

# नीरज से लूटपाट करने वाला छह अपराधियों को पुलिस ने दबोचा

## देसी कट्टा, 2 गोली, चापड़, लूट का सामान आदि बरामद

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

अपराध की घटना को अंजाम देने के लिए जुटे अपराधियों को आलमगंज थाना की पुलिस ने मिली गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। साथ ही 22 जुलाई की आधी रात को बेलवरगंज स्थित राधाकृष्ण मंदिर के पास हुए लूटपाट की घटना का उद्भेदन भी कर दिया गया है। अपराधियों के पास से एक देशी कट्टा, दो गोली एक सब्जी काटने वाला चाकू।

चापड़, एक पर्स, जिसमें नीरज कुमार के नाम का आधार कार्ड, पैन कार्ड व 1500 रुपया और लूटा गया मोबाइल फोन बरामद किया गया है। सिटी एसपी प्रमोद कुमार यादव ने आलमगंज थाना परिसर में बुधवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि आलमगंज थाना के थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार और अपर



थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार को सूचना मिली कि आयरन कसेरा महात्मा गांधी सेतु पुल के नीचे अपराधी अपराध की घटना को अंजाम देने के लिए जुटे हुए हैं। इसके बाद कार्रवाई करते हुए थाना के क्विक मोबाइल एवं गश्ती दल के सहयोग से उक्त स्थल पर जाकर घेरेबंदी कर युवकों को संदिग्ध अवस्था में दबोचा गया। इसमें खाजेकलां थाना क्षेत्र के दीवान मोहल्ला सीढ़ी घाट का रहने वाला राजीव कुमार उर्फ सूर्या पिता जद्दु राय के पास से एक देसी कट्टा, गोली और एक मोबाइल बरामद किया गया। आलमगंज थाना क्षेत्र के गुड़ की मंडी रीठी गली का रहने वाला नाबालिग, जो राम महतो के मकान में किरायेदार के रूप में रहता है, उसके जींस पैंट के पीछे पॉकेट से एक पर्स बरामद हुआ, जिसमें नीरज कुमार के नाम का एक आधार कार्ड, पैन कार्ड और पंद्रह 1500 बरामद किया गया। इसी थाना क्षेत्र के बेलवरगंज दुर्गाचरण लेन का रहने वाला नाबालिग के जींस पैंट के पॉकेट से एक जिंदा गोली मिला। इसी तरह खाजेकलां थाना क्षेत्र के दीवान मोहल्ला नौजर घाट काली मंदिर के पास का रहने वाला दीपक कुमार उर्फ बिट्टू पिता राजेश चौधरी के पास से एक कपड़े में लपेटा हुआ चॉपड़ बरामद किया गया। खाजेकलां थाना क्षेत्र के दीवान मोहल्ला सीढ़ी घाट का रहने वाला मुन्ना कुमार पिता राधेश्याम राय के जींस पॉकेट से एक धातु का बना हुआ फाइटर पंजा बरामद किया गया। इस संबंध में कांड दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार अपराधियों के द्वारा पूछताछ में बताया गया कि 22 जुलाई की रात में बेलवरगंज स्थित राधाकृष्ण मंदिर के पास हुए लूटपाट की घटना में भी शामिल थे। पकड़े गए अपराधी गुड़ की मंडी रीठी गली का आपराधिक इतिहास रहा है। इस पर आलमगंज थाना में पांच मुकदमा दर्ज है। दूसरे नाबालिग दुर्गा शरण लेन का रहने वाले पर आलमगंज थाना में चार मुकदमा, तीसरा बड़ी पटनदेवी चौराहा के पास का रहने वाला पर आलमगंज थाना में चार मामला दर्ज है। अन्य अपराधकर्मी दीपक कुमार उर्फ बिट्टू, मुन्ना कुमारऔर राजीव उर्फ सूर्या का अपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

# एक लड़की को शिक्षित करने से दो परिवार शिक्षित होता

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

रोटरी पटना सिटी सम्राट के द्वारा छात्राओं के लिए कैरियर मार्गदर्शन बुधवार को किया गया। यह मार्गदर्शन साइकिल परियोजना के द्वारा प्रोत्साहित किया गया, क्योंकि एक पुरानी कहावत है कि यदि आप एक छात्रा को शिक्षित करते हैं, तो केवल एक व्यक्ति नहीं, बल्कि दो परिवार शिक्षित होता है।

इस उद्देश्य के साथ रोटरी सिटी सम्राट ने गांधी आर्य कन्या उच्च विद्यालय में लड़कियों के लिए एक कैरियर मार्गदर्शन में मार्गदर्शक के रूप में विगत 35 वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले डॉ सुशील पोद्दार ने छात्राओं को पढ़ाई, परीक्षाओं एवं प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता के मूल मंत्रों की जानकारी दी। उन्होंने अपने पावर प्वाइंट प्रस्तुति से छात्राओं को पढ़ाई कब शुरू करें, कैसे शुरू करें, दैनिक जीवन में क्या करें, क्या न करें, आदि बातों पर प्रकाश डाला। थ्योरी के साथ प्रैक्टिस का क्या महत्व है। पढ़ाई को आदत



बनाना एवं लक्ष्य निर्धारण कर पढ़ने की सलाह दी गई।

खुले सत्र में उन्होंने छात्राओं के प्रश्नों पर भी सलाह दी और प्रश्नोत्तरी के सही जवाब पर क्लब की ओर से अध्यक्ष ने छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान आर्य कन्या विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती नीलकमल को लड़कियों की शिक्षा में अनवरत योगदान के लिए रोटरी व्यवसायिक सेवा समाज रत्न से कार्यक्रम के चेयरमैन विजय कुमार यादव ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सचिव अभिषेक राज, ललित अरोड़ा, कुमुद रंजन, विक्रांत विशाल, जयप्रकाश पाल, बीएन कपूर, प्रमोद कुमार, राम कुमार, नीरज कुमार आदि मौजूद थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### ट्विटर के शेयरधारक मस्क के साथ डील पर 23 सितंबर को करेंगे वोटिंग

नई दिल्ली। सोशल मीडिया साइट ट्विटर ने दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क के साथ अधिग्रहण की चल रही लड़ाई के बीच शेयरधारकों के लिए वोट डालने की तारीख तय कर दी है। ट्विटर के शेयरधारक मस्क के साथ 44 बिलियन अमेरिकी डॉलर की डील पर हामी भरने के लिए 13 सितंबर को वोटिंग करेंगे। ट्विटर ने बुधवार को प्रतिभूति और विनिमय आयोग को रेग्युलेटरी फाइलिंग के दौरान यह जानकारी दी। कंपनी ने बताया कि शेयरधारकों की बैठक 13 सितंबर को सुबह 10 बजे वेबकास्ट के माध्यम से शुरू होगी। ट्विटर के मुताबिक सभी शेयरधारक इस बैठक को लाइव देख सकेंगे और अपना वोट डाल पाएंगे। दरअसल, ट्विटर ने टेस्ला प्रमुख एलन मस्क के खिलाफ केस दर्ज कराया है। कंपनी ने यह केस मस्क के 44 बिलियन अमेरिकी डॉलर के अधिग्रहण प्रस्ताव से पीछे हटने के कारण दायर किया है। ट्विटर ने इस मामले में त्वरित सुनवाई का एक प्रस्ताव दायर कर सितंबर में इस मुद्दे पर चार दिवसीय ट्रायल की गुहार लगाई है, जबकि एलन मस्क की लीगल टीम ने इस प्रस्ताव का विरोध किया है।

### गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट ने कमजोर आय, राजस्व की रिपोर्ट की

सैन फ्रांसिस्को। गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट ने अप्रैल-जून की अवधि के लिए उम्मीद से कमजोर कमाई और राजस्व की सूचना दी है। कंपनी ने अपने खोज कारोबार में ठोस वृद्धि दर्ज की। पिछले साल की समान तिमाही में राजस्व वृद्धि 62 प्रतिशत से घटकर 13 प्रतिशत रह गई। कंपनी ने इस तिमाही में 13 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 69.7 अरब डॉलर का राजस्व दर्ज किया। अल्फाबेट और गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा, दूसरी तिमाही में हमारा प्रदर्शन सर्च और क्लाउड द्वारा संचालित था। हमने एआई और कंप्यूटिंग में वर्षो से जो निवेश किया है, वह हमारी सेवाओं को उपभोक्ताओं के व्यवसायों के लिए अत्यधिक प्रभावी बनाने में मदद कर रहा है। पिचाई ने कहा कि कंपनी लंबे समय तक डीप कंप्यूटर साइंस में जिम्मेदारी से निवेश करना जारी रखेगी। कंपनी ने कहा कि गूगल का सर्च और अन्य राजस्व 40.69 बिलियन डॉलर है, जो एक साल पहले 35.85 बिलियन डॉलर था। यूट्यूब विज्ञापन राजस्व 7.34 बिलियन डॉलर बनाम 7.52 बिलियन डॉलर है, जो कि अपेक्षित है। जबकि गूगल क्लाउड राजस्व 6.28 बिलियन डॉलर बनाम 6.41 बिलियन डॉलर है। अल्फाबेट ने कहा कि उसके कर्मचारियों की संख्या 21 प्रतिशत बढ़कर 174,014 हो गई है। गूगल ने अपनी कर्मचारियों की संख्या की समीक्षा करने और भविष्य की कार्रवाई के बारे में निर्णय लेने के लिए दो सप्ताह के लिए काम पर रखने पर रोक लगा दी है। कंपनी ने पिछले हफ्ते बाकी साल के लिए हायरिंग को धीमा करने की भी घोषणा की थी।

# भारत के साथ व्यापार, निवेश प्रोत्साहन के लिए ब्रिटिश सांसदों ने बनाया समूह

लंदन, एजेंसी

भारत के साथ व्यापार एवं निवेश के अलावा लोगों के आपसी संपर्क को बढ़ावा देने के लिए ब्रिटेन के सांसदों का एक नया बहुदलीय समूह गठित किया गया है।

भारत की आजादी के 75वें साल के मौके पर आयोजित होने वाले समारोहों के क्रम में ब्रिटिश संसद के 25 सदस्यों ने मिलकर इस समूह के गठन पर सहमति जताई थी। पिछले हफ्ते इस समूह को औपचारिक रूप से पंजीकृत करा दिया गया। इसमें विभिन्न राजनीतिक दलों एवं विचारों के लोग शामिल हैं।

भारत (व्यापार एवं निवेश) सर्वदलीय संसदीय समूह (एपीपीजी) का घोषित उद्देश्य दोनों देशों के नागिरकों की बेहतरी के लिए व्यापार एवं निवेश को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही यह समूह भारत एवं ब्रिटेन के बीच एक समावेशी सजीव पुल बनाने के लिए भी काम करेगा।

यह संसदीय समूह औपचारिक तौर पर अपना काम सितंबर में शुरू करेगा जब ग्रीष्म अवकाश के बाद संसद अधिवेशन फिर से शुरू होगा।



एपीपीजी ने भारत एवं ब्रिटेन के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए जारी वार्ता को समर्थन देने के साथ ही दोनों देशों के इससे लाभान्वित होने की उम्मीद जताई है। सांसदों के इस समूह के सह-अध्यक्ष एवं विपक्षी लेबर पार्टी के सांसद नवेंदु मिश्रा ने कहा, भारत की आजादी के 75 साल पूरा होने के समय भारत के लिए केंद्रित एक सर्वदलीय संसदीय समूह का गठन भारत एवं ब्रिटेन की संसद के बीच तालमेल बिठाने का काम करेगा।

भारतीय मूल के सांसद मिश्रा ने कहा, लोगों में किया जाने वाला निवेश आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा तरीका है। एपीपीजी का इरादा भारत और ब्रिटेन दोनों ही देशों के लोगों को लाभ पहुंचाना है। इस संसदीय समूह के सह-अध्यक्ष एवं भारतीय मूल के उद्यमी लॉर्ड करण बिल्मोरिया ने इसे भारत-ब्रिटेन व्यापार साझेदारी में एक नया अध्याय बताते हुए कहा, मैं एक बेहतरीन व्यापार समझौते को संपन्न कराने और उसके कारगर क्रियान्वयन के लिए अथक परिश्रम करुंगा।

## कर्मचारियों की हड़ताल से लुफ्थांसा की 1,000 से अधिक उड़ानें रद्द

बर्लिन, एजेंसी

जर्मन एयरलाइन लुफ्थांसा के लॉजिस्टिक एवं टिकटिंग कर्मचारियों के एक दिन की हड़ताल पर चले जाने से बुधवार को एयरलाइन की 1,000 से अधिक उड़ानों को रद्द करना पड़ा। जर्मन समाचार एजेंसी डीपीए की एक रिपोर्ट के मुताबिक, लुफ्थांसा की उड़ानों के इतने बड़े पैमाने पर रद्द होने से करीब 1.34 लाख यात्रियों को परेशानी उड़ानी पड़ी है।

उन्हें या तो अपनी यात्रा रद्द करनी पड़ी या फिर नए सिरे से योजना बनाने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इसके पहले मंगलवार को भी एयरलाइन की 47 उड़ानें रद्द की गई थीं। जर्मनी की इस अग्रणी एयरलाइन के फ्रैंकफर्ट एवं म्यूनिख में स्थित प्रमुख केंद्रों के अलावा डसेलडॉर्फ, हैम्बर्ग, बर्लिन, ब्रेमन, हनोवर, स्टटगार्ट और कोलोन से संचालित होने वाली उड़ानों को भी रद्द कर दिया गया। एयरलाइन ने ग्राउंड स्टाफ की हड़ताल को देखते हुए विमान यात्रियों से हवाईअड्डे पर न आने का अनुरोध करते हुए कहा है कि अधिकांश काउंटर खाली पड़े हुए हैं। हवाईअड्डों पर एयरलाइन की टिकटिंग एवं लॉजिस्टिक सेवाएं देने वाले कर्मचारियों के संगठन ने सोमवार को ही हड़ताल पर जाने की घोषणा कर दी थी। वेतन एवं पारिश्रमिक संबंधी मुद्दों पर एयरलाइन प्रबंधन के साथ बातचीत नाकाम रहने के बाद यह हड़ताल की गई है।

## कंपनियां हर घर तिरंगा अभियान पर खर्च कर सकती हैं सीएसआर निधिः सरकार



नई दिल्ली, एजेंसी

सरकार ने कंपनियों को हर घर तिरंगा अभियान से जुड़ी गतिविधियों के लिये अपनी कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) निधि का इस्तेमाल करने की मंजूरी दे दी है। सरकार की तरफ से जारी एक परिपत्र में कंपनियों को इस अभियान के लिए सीएसआर निधि का इस्तेमाल करने की छूट दी गई। आजादी के 75 साल पूरे होने के मौके पर सरकार ने हर घर तिरंगा अभियान चलाने की घोषणा की हुई है जिसमें लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। यह अभियान आजादी का अमृत महोत्सव के एक हिस्से के तौर पर आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत कंपनियों को भी भागीदारी करने के लिए कंपनी अधिनियम, 2013 के सीएसआर प्रावधान में छूट देने की घोषणा की गई है। इस अधिनियम के तहत लाभ में चल रही कंपनियों को अपने तीन साल के औसत शुद्ध लाभ का कम-से-कम दो प्रतिशत सीएसआर गतिविधियों पर खर्च करना होता है।

कंपनी मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को जारी इस परिपत्र में कहा कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जगाना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। ऐसे में कंपनियां भी अपने सीएसआर फंड का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय ध्वज बनाने और उसकी आपूर्ति करने, पहुंच और विस्तार से जुड़ी गतिविधियों पर कर सकती हैं। परिपत्र के मुताबिक, हर घर तिरंगा अभियान के लिए ये गतिविधियां कंपनी अधिनियम की अनुसूची सात के प्रावधानों के तहत सीएसआर निधि के दायरे में आएंगी। इन कार्यों को कंपनी सीएसआर नीति नियम, 2014 का हिस्सा माना जाएगा।

## पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई बदलाव नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद देश में बुधवार को तेल विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया। देश में करीब दो माह से अधिक समय से ईंधन की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं होने से आम आदमी के लिए यह राहत बनी हुयी है। सार्वजनिक क्षेत्र की देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन (आईओसीएल) के अनुसार, दिल्ली में आज पेट्रोल के दाम 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर बिक रहा है। मुंबई में पेट्रोल और डीजल के दाम क्रमशः 106.31 रुपये प्रति लीटर और 94.27 रुपये प्रति लीटर पर हैं।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में लंदन ब्रेंट क्रूड आज 0.10 प्रतिशत चढ़कर 104.50 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 95.31 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मूल्य वर्धित कर (वैट) और माल ढुलाई शुल्क के आधार पर सभी राज्यों में अलग-अलग हैं। पेट्रोल-डीजल के मूल्यों की प्रतिदिन समीक्षा की जाती है। देश के चार बड़े महानगरों में आज पेट्रोल और डीजल के दाम इस प्रकार रहेः-



| महानगर | पेट्रोल | डीजल |
|---|---|---|
| | (रुपए प्रति लीटर) | |
| दिल्ली | 96.72 | 89.62 |
| मुंबई | 106.31 | 94.27 |
| कोलकाता | 106.03 | 92.76 |
| चेन्नई | 102.63 | 94.24 |

## दूसरे दिन भी 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी, बोली प्रक्रिया पूरी होने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में पांचवीं पीढ़ी की 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी प्रक्रिया दूसरे दिन बुधवार को भी चल रही है। निजी क्षेत्र की दूरसंचार कंपनियां रिलायंस जियो, भारती एयरटेल, वोडाफोन-आइडिया और अडाणी एंटरप्राइजेज भी इस नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा ले रही है। 5जी स्पेक्ट्रम की नीलामी के पहले दिन 1.45 लाख करोड़ रुपये की बोलियां आईं है। इस बीच दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि दूसरे दिन की नीलामी के लिए बोली लगाने की प्रक्रिया सुबह 10 बजे शुरू हुई है। उन्होंने अनुमान जताया कि शाम छह बजे के निर्धारित समय के पहले ही बोलियां लगाने का सिलसिला पूरा हो जाएगा। वैष्णव ने कहा कि सरकार को पहले दिन 5जी स्पेक्ट्रम के लिए उम्मीद से कहीं ज्यादा 1.45 लाख करोड़ रुपये की बोलियां मिली हैं, जो साल 2015 के रिकॉर्ड को पार कर गया है। उन्होंने कहा कि स्पेक्ट्रम की नीलामी के पहले दिन चार दौर की नीलामी हुई है। इसमें मध्यम और उच्च बैंड में कंपनियों की रुचि ज्यादा रही। इन कंपनियों ने 3300 मेगाहट्र्ज, 700 मेगाहट्र्ज बैंड और 26 गीगाहट्र्ज बैंड में मजबूती से बोलियां लगाई है। 5जी स्पेक्ट्रम के लिए मुकेश अंबानी, सुनील भारती मित्तल और गौतम अडाणी की कंपनियों ने अब तक की सबसे बड़ी नीलामी के लिए बोली लगाई है। सरकार ने 5जी स्पेक्ट्रम 14 अगस्त तक आवंटित किये जाने का लक्ष्य रखा है, जबकि इसकी सेवाएं इस साल के अंत तक कई शहरों में शुरू होने की उम्मीद है। देश में 5जी सेवाओं के आने से इंटरनेट की गति 4जी के मुकाबले करीब 10 गुना ज्यादा हो जाएगी। 5जी स्पेक्ट्रम की वैधता 20 साल के लिए होगी। 5जी स्पेक्ट्रम के लिए चार प्रमुख दूरसंचार मोबाइल कंपनियों ने 21,800 करोड़ रुपये बतौर बयाना जमा कराया है। रिलायंस जियो ने 14 हजार करोड़ रुपये एयरटेल ने 5,500 करोड़ रुपये, वीआई ने 2,200 करोड़ रुपये और अडानी डेटा नेटवर्क्स ने 100 करोड़ रुपये जमा कराया है।





**नीलामी**

- अश्विनी वैष्णव ने कहा, नीलामी के पहले दिन 1.45 लाख करोड़ रुपये की बोलियां लगी

## रुपया शुरूआती कारोबार में 10 पैसे टूटकर 79.88 पर खिसका

मुंबई, एजेंसी

विदेशी बाजारों में डॉलर के मजबूत रहने और कच्चे तेल की कीमतों में बनी तेजी के बीच बुधवार को रुपया शुरूआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 10 पैसे टूटकर 79.88 रुपये प्रति डॉलर के भाव पर आ गया।

अंतर-बैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 79.83 के भाव पर खुला लेकिन जल्द ही यह 79.88 के स्तर पर खिसक गया। इस तरह पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले रुपया शुरूआती कारोबार में ही 10 पैसे टूट गया।

मंगलवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 79.78 रुपये प्रति डॉलर के भाव पर बंद हुआ था।

हालांकि दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.16 प्रतिशत गिरकर 107.02 पर आ गया। लेकिन विदेशी बाजारों में डॉलर की मांग बनी हुई है।



विदेशी मुद्रा कारोबारियों के मुताबिक, डॉलर के मजबूत बने रहने, कच्चे तेल की कीमतें चढ़ने और महीने के अंत में निर्यातकों की तरफ से डॉलर की मांग आने से रुपये पर दबाव बना रह सकता है। रिलायंस सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक श्रीराम अय्यर ने कहा, निवेशक फेडरल रिजर्व की बैठक को देखते हुए मजबूत स्थिति लेने से परहेज कर सकते हैं। रुपये की कमजोरी में विदेशी पूंजी की निकासी भी एक अहम भूमिका निभा रही है। मंगलवार को भी विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 1,548.29 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिकवाली की।

## आइएमएफ ने घटाई विकास दर फिर भी टॉप लिस्ट में बना है भारत

नई दिल्ली, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत के आर्थिक विकास के अनुमान को घटाकर 8.2 से 7.4 फीसद कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले बाहरी प्रभाव और मौद्रिक नीति की सख्ती के चलते भारत की विकास दर उम्मीद से कमतर रहने का अनुमान है। अपने नवीनतम विश्व आर्थिक आउटलुक अपडेट में आइएमएफ ने कहा है कि बढ़ती महंगाई के चलते सरकारों की प्राथमिकता उस पर काबू पाने की है। नीति निमार्ताओं ने मौद्रिक नीति को और सख्त करके मुद्रास्फीति पर काबू पाने को प्राथमिकता दी है। आइएमएफ ने वैश्विक विकास अनुमान में भी कटौती की और चेतावनी दी कि दुनिया जल्द ही मंदी के कगार पर हो सकती है। आइएमएफ ने कहा कि वैश्विक आर्थिक विकास इस साल 3.2 फीसदी तक धीमा होने की संभावना है। यह अप्रैल में आइएमएफ द्वारा लगाए गए 3.6 फीसदी के पूर्वानुमान से कम है। आइएमएफ ने अपने विश्व आर्थिक आउटलुक में कहा कि 2021 में हालात में आंशिक सुधार के बाद 2022 विकास दर में गिरावट आई है। चीन में छाई मंदी और यूक्रेन युद्ध से नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। विकास दर में गिरावट के बावजूद, भारत 2022-23 और 2023-24 में दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा। रिपोर्ट में 2022 के दौरान केवल सऊदी अरब की विकास दर भारत से अधिक रहने का अनुमान लगाया गया है। सऊदी अरब की विकास दर 7.6 प्रतिशत रहने की संभावना है। भारत के लिए आइएमएफ का विकास पूवार्नुमान सबसे आशावादी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने 2022-23 के लिए अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। चीन की विकास दर 4.4 प्रतिशत से 2022 में धीमी होकर 3.3 फीसद रहने का अनुमान है। वहीं रूस, दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील जैसे उभरते बाजारों और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं की स्थिति पहले से बेहतर हो रही है।



## मारुति सुजुकी को पहली तिमाही में 1036 करोड़ रुपये का मुनाफा

नई दिल्ली, एजेंसी

देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के नतीजे का ऐलान कर दिया है। वित्त वर्ष 2022-23 की जून तिमाही में एमएसआईएल का मुनाफा दोगुना से ज्यादा उछलकर 1,036 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष 2021-22 की समान तिमाही में कंपनी को 475 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

एमएसआईएल ने बुधवार को शेयर बाजार को सूचित किया कि चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ यानी मुनाफा 130 फीसदी बढ़कर 1,036 करोड़ रुपये रहा है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में कंपनी को 475 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था।

कंपनी के बताया कि 30 जून, 2022 को समाप्त तिमाही में उसकी कुल बिक्री बढ़कर 26,512 करोड़ रुपये हो गई, जो बीते वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 17,776 करोड़ रुपये रही थी। इस दौरान कंपनी के राजस्व में 51 फीसदी उछलकर 26,512 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 17,776 करोड़ रुपये रहा था। इसी तरह सालाना आधार पर कंपनी का सेल्स वॉल्यूम 3,53,614 इकाई से बढ़कर 4,67,931 इकाई रहा है। जून तिमाही में कंपनी का ब्याज और करों से पहले की कमाई (ईबीआईटी) मार्जिन 4.50 फीसदी से बढ़कर 5 फीसदी हो गया है।

एक्सपर्ट के मुताबिक पहली तिमाही में मारूति सुजुकी के क्षमता उपयोग में सुधार की वजह से सेल्स वॉल्यूम बेहतर रहा। इस दौरान तिमाही में मारुति सुजुकी की कीमतें भी बढ़ी हैं, जिसका फायदा कंपनी को मिला है। कंपनी ने अपने खर्चों पर भी लगाम लगाई थी, जिसका फायदा भी जून तिमाही में देखने को मिला है।

कंपनी को सालाना आधार पर कोरोना के चलते लो बेस होने का फायदा मिला है। शेयर बाजार में मारुति के शेयरों में आज 2 फीसदी से ज्यादा की तेजी देखने को मिली, जिससे कंपनी का शेयर 8,707 रुपये तक मजबूत हुआ।





**बढ़त**

- वित्त वर्ष 2022-23 की जून तिमाही में कंपनी का मुनाफा दोगुना से ज्यादा

## जेट एयरवेज उड़ान भरने को तैयार कंपनी कर रही पायलटों की भर्ती

नई दिल्ली, एजेंसी

जेट एयरवेज लगभग तीन साल के अंतराल के बाद एक बार भी उड़ान भरने की तैयारी कर रही है। कंपनी ने कर्मचारियों की भर्ती करने के उपरांत अब हवाई जहाज उड़ाने के लिए कैप्टन और फर्स्ट ऑफिसर की वैकेंसी निकाली है।

देश में निजी क्षेत्र की दूसरे नंबर की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी रही जेट एयरवेज को नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) से सभी जरूरी मंजूरी पहले ही मिल चुकी है।

जेट एयरवेज ने ट्वीट कर बताया कि कंपनी के मैनेजमेंट ने सभी वित्तीय समस्या को दूर कर लिया है। कंपनी ने कर्मचारियों की भर्ती के बाद अब पायलओं की भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

कंपनी के पास एयरबस ए-320 एयरक्राफ्ट और बोइंग 737-एनजी तथा मैक्स-737 विमान हैं, जिन्हें उड़ाने के लिए पायलटों की तलाश है। जेट ने एक ट्वीट में लिखा है कि ऐसे पायलटों का कंपनी में स्वागत है, जिन्हें इन विमान को उड़ाने का अनुभव है।



कंपनी पर कर्ज न चुकाने के बाद दिवालिया प्रक्रिया शुरू की गई थी, जबकि 17 अप्रैल, 2019 से इसकी उड़ानों पर विराम लगा हुआ है। एसबीआई ने अन्य बैंक समूहों के साथ मिलकर जून, 2019 में कंपनी के खिलाफ 8 हजार करोड़ रुपये वसूलने के लिए दिवालिया प्रक्रिया शुरू की थी। इसके बाद यूके की कालरॉक कैपिटल और यूएई के बिजनेसमैन मुरारी लाल जालान ने इस कंपनी को बोली लगाकर खरीद लिया।

जेट एयरवेज के मुताबिक कंपनी को मई में डीजीसीए से सभी जरूरी मंजूरियां मिल गईं थी। कंपनी के मुतबिक सितंबर तक उसके विमान आसमान में फिर उड़ान भरेंगे। इससे पहले सूत्रों ने बताया था कि जेट एयरवेज अपनी नई पारी की शुरूआत घरेलू रूट से करने वाली है।

हालांकि, उसे विमानन क्षेत्र की नई कंपनी आकासा एयर से तगड़ी प्रतिस्पर्धा मिलने की संभावना है, जिसकी अगस्त से ही उड़ान शुरू होने जा रहे हैं। गौरतलब है कि इसी महीने की शुरूआत में टाटा समूह के एयर इंडिया के पायलटों की भर्ती में शामिल होने के लिए पायलट ऐसे उमड़े थे कि इंडिगो की सेवा बाधित हो गई थी।

## समुद्री खाद्य उत्पादों का निर्यात 2025 तक एक लाख करोड़ रुपये पहुंचाने का लक्ष्य

अमरावती, एजेंसी

दो साल की सुस्ती के बाद समुद्री खाद्य उत्पादों के निर्यात में आई तेजी से उत्साहित समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एमपीईडीए) ने वर्ष 2025 तक एक लाख करोड़ रुपये के कारोबार का लक्ष्य रखा है। एमपीईडीए के चेयरमैन के एन राघवन ने पीटीआई-भाषा के साथ बातचीत में कहा कि इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए प्राधिकरण ने एक ऐसी पारिस्थितिकी बनाने की दिशा में प्रयास शुरू कर दिया है जो विविध समुद्री उत्पादों की पेशकश कर बढ़त को दीर्घकालिक रूप से कायम रखे। उन्होंने कहा, हमारे लिए 2018-19 से ही मुश्किल दौर शुरू हो गया था। फिर कोविड-19 महामारी भी आ गई। इस क्षेत्र को नुकसान पहुंचाने में लॉजिस्टिक से जुड़े मुद्दों की भी भूमिका रही। लेकिन पिछले वित्त वर्ष में हमारा निर्यात बढ़ा है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में समुद्री खाद्य उत्पादों का निर्यात बढ़कर 774 करोड़ डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। उन्होंने कहा कि निर्यात में यह वृद्धि मालढुलाई किराया बढ़ने और कंटेनरों की कमी के बावजूद दर्ज की गई जो अपने-आप में प्रशंसनीय है।



उन्होंने कहा, अब हमने वर्ष 2025 तक एक लाख करोड़ रुपये का निर्यात लक्ष्य तय किया है। इस दिशा में हमने कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। हम एक ऐसी पारिस्थितिकी बनाने की कोशिश कर रहे हैं जिसमें निर्यात वृद्धि का सिलसिला कायम रखा जा सके और आने वाले समय में तेजी बनी रहे। समुद्री खाद्य उत्पादों के निर्यात में देश में सबसे आगे आंध्र प्रदेश का खास जिक्र करते हुए राघवन ने कहा कि राज्य सरकार के सक्रिय रवैये का भी इसमें अहम योगदान रहा है।

## सीके बिरला हॉस्पिटल द्वारा थायरॉयड सर्जरी के लिए स्वदेशी टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

**इलाज**

- सीके बिरला हॉस्पिटल ने हाल ही में थायरॉयड में बड़ी सूजन, ग्वाटर, से पीड़ित एक 59 वर्षीय पुरुष का इलाज किया

पूरी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ केंद्रों में होने वाली थायरॉयड सर्जरी में पैराथायरॉयड ग्रंथि, जो मानव शरीर में कैल्शियम को नियंत्रित करती है और थायरॉयड ग्रंथि के काफी नजदीक स्थित होती हैद्ध में चोट लगने या गलती से उसे हटाए जाने के कारण 25 प्रतिशत संभावना कैल्शियम में गड़बड़ी की होती हैए और 8 प्रतिशत संभावना आवाज की नसए यानि रिकरेंट लैरेंजियल नर्व में चोट लगने की होती हैए जो थायरॉयड ग्रंथि के ठीक नीचे स्थित होती है। मरीज की जाँच करने पर डॉण् मंदीप सिंह मल्होत्राए डायरेक्टरए सर्जिकल ऑन्कोलॉजीए सीके बिरला हॉस्पिटल और उनकी टीम ने नीफी और नर्व मॉनिटरिंग का इस्तेमाल कर थायरॉयडेक्टोमी उपचार का परामर्श दिया। नीफी में थायरॉयड सर्जरी के दौरान पैराथायरॉयड ग्रंथियों को पहचान कर उन्हें सुरक्षित करने के लिए इन्फ्रारेड टेक्नॉलॉजी का इस्तेमाल होता है। नीफी के उपयोग द्वारा मरीज को पोस्ट थायरॉयड सर्जरी कैल्शियम की गड़बड़ी को 1 प्रतिशत से भी कम करने का फायदा मिलता है। नर्व मॉनिटर वॉईस नर्व को पहचान कर उसकी सुरक्षा करने में मदद करता है।

इस मामले में डॉण् मनदीप सिंह मल्होत्राए डायरेक्टरए सर्जिकल ऑन्कोलॉजीए सीके बिरला हॉस्पिटल ने कहाए ष्यह टेक्नॉलॉजी पहले केवल विदेशों में उपलब्ध थीए इसलिए इसके द्वारा इलाज महंगा था। लेकिन अब यह दिल्ली में सीके बिरला हॉस्पिटल में उपलब्ध हो गई हैए जिसके कारण भारतीय मरीजों के लिए इलाज ज्यादा सुरक्षितए किफायती और आसान हो गया है। इस उन्नत टेक्नॉलॉजी द्वारा छः थायरॉयड सर्जरी की जा चुकी हैंए तीन मरीजों को थायरॉयड कैंसर था और तीन को बड़े कोलॉयड ग्वाटर थे। सभी छः मरीजों को सर्जरी के बाद कैल्शियम की कोई गड़बड़ी नहीं हुई। नियर इन्फ्रारेड इमेजिंग सर्जरी के दौरान पैराथायरॉयड ग्रंथि की पहचान करने की एक प्रभावशाली टेक्नॉलॉजी है। भारत में यह टेक्नॉलॉजी उपलब्ध हो जाने से मरीजों को बेहतर क्लिनिकल परिणाम दिए जा सकते हैं। सीके बिरला में इस टेक्नॉलॉजी की उपलब्धता भारत सरकार के मेक इन इंडिया अभियान की ओर एक कदम है। इस अवसर पर श्री अक्षत सेठए चीफ एग्ज़िक्यूटिव ऑफिसरए सीके बिरला हैल्थकेयर ने कहाए ष्हम मरीजों को बेहतरीन परिणाम प्रदान करने के लिए उन्नत मेडिकल इनोवेशन एवं तकनीकों का इस्तेमाल कर विश्वस्तर की स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने का अपना लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत में इस मेडिकल टेक्नॉलॉजी का विकास लोगों की जिंदगियां बचाने में बहुत मददगार है।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत करेगा महिला विश्व कप 2025 की मेजबानी

मुंबई, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 के बाद महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की मेजबानी के अधिकार भी हासिल कर लिये हैं। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने मंगलवार को जारी बयान में कहा, बोर्ड इस आयोजन को यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। बीसीसीआई भारत में महिला क्रिकेट के प्रति समर्पित है। हमारे पास बुनियादी ढांचा है, और मुझे विश्वास है कि हम विश्व कप के एक सफल संस्करण का आयोजन करेंगे। इसी बीच, आईसीसी ने बताया कि महिला टी20 विश्व कप की मेजबानी 2024 में बांग्लादेश और 2026 में इंग्लैंड करेगा। यदि श्रीलंका की महिला टीम 2027 टी20 चैंपियन्स ट्रॉफी में जगह बना पाती है तो यह आयोजन श्रीलंका में होगा। आईसीसी ने कहा कि मेजबान देशों का चयन एक ₹प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया₹ से किया गया है और हर बोली की समीक्षा मार्टिन स्नेडेन की अध्यक्षता में बोर्ड उप-समिति ने की है। आईसीसी के चेयरमैन ग्रेग बार्कले ने कहा, ₹महिलाओं के खेल के विकास में तेजी लाना आईसीसी की रणनीतिक प्राथमिकताओं में से एक है। इन आयोजनों को हमारे खेल के कुछ सबसे बड़े बाजारों में ले जाना हमें ऐसा करने का एक शानदार मौका देता है। साथ ही यह क्रिकेट के एक अरब से अधिक प्रशंसकों के साथ अपने संबंध को गहरा करता है।₹ बांग्लादेश दूसरी बार टी20 विश्व कप की मेजबानी कर रहा है, जबकि इंग्लैंड को 2009 के बाद पहली बार इस आयोजन का मेजबान चुना गया है।

### करेन को कंधे पर उठाना महंगा पड़ा बेयरस्टो को

ब्रिस्टल,एजेंसी। इंग्लैंड के बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को अपने साथी खिलाड़ी सैम करेन को कंधे पर उठाकर ले जाना महंगा पड़ा क्योंकि इससे वह चोटिल हो गए और उनका दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला के पहले मैच में खेलना संदिग्ध है। बेयरस्टो को अभ्यास सत्र बीच में ही छोड़ना पड़ा। उनके बाएं घुटने पर पट्टियां बंधी थी। उन्हें चलने में दिक्कत हो रही थी लेकिन अभी तक उनके पहले टी-20 मैच में खेलने को लेकर कोई फैसला नहीं किया गया है। इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका को लगातार दो मैच खेलने हैं और ऐसे में वेरिटो को पहले मैच से बाहर रहना पड़ सकता है। यदि ऐसा होता है तो फिल सॉल्ट और हैरी ब्रूक मध्यक्रम में बने रहेंगे। ये दोनों खिलाड़ी भारत के खिलाफ खेले थे। तब बेयरस्टो को विश्राम दिया गया था।

### वीवीएस लक्ष्मण और डेनियल विटोरी को आईसीसी में मिली जिम्मेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी। नेशनल क्रिकेट एकेडमी के चीफ वीवीएस लक्ष्मण को आइसीसी में बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें आइसीसी ने बतौर करेंट प्लेयर रिप्रेजेनटेटिव के तौर पर नई जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान डेनियल विटोरी के साथ यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके अलावा वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर रोजर हार्पर को सेकेंड पास्ट प्लेयर रिप्रेजेनटेटिव के तौर पर नियुक्त किया गया है। आइसीसी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, ₹डेनियल विटोरी और वीवीएस लक्ष्मण को आइसीसी पुरुष क्रिकेट समिति में मौजूदा प्लेयर रिप्रेजेनटेटिव के रूप में नियुक्त किया गया है, जबकि रोजर हार्पर को श्रीलंका के महेला जयवर्धने के साथ दूसरे पास्ट प्लेयर रिप्रेजेनटेटिव के रूप में नियुक्त किया गया है।

# वैश्विक टी20 लीग में आईपीएल फ्रेंचाइजी का दबदबा खतरनाक : गिलक्रिस्ट

मेलबर्न, एजेंसी



अपने जमाने के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज एडम गिलक्रिस्ट ने विश्व क्रिकेट में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी के बढ़ते प्रभुत्व पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनकी ह्यएकाधिकारह्ल की मौजूदा प्रवृत्ति खतरनाक है। गिलक्रिस्ट की टिप्पणी उन रिपोर्टों की पृष्ठभूमि में आई है जिनमें कहा गया है कि ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज डेविड वार्नर इस सत्र में बिग बैश लीग (बीबीएल) से बाहर हो सकते हैं और उसके बजाय अधिक आकर्षक संयुक्त अरब अमीरात टी20 लीग में खेल सकते हैं। दिलचस्प बात यह है कि तीन आईपीएल फ्रेंचाइजी- मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स ने यूएई टी20 लीग में टीमों में निवेश किया है। गिलक्रिस्ट ने एसईएन के रेडियो कार्यक्रम में कहा, वह डेविड वॉर्नर को बीबीएल में खेलने के लिए मजबूर नहीं कर सकते हैं। मैं इस बात को समझता हूं। केवल वॉर्नर ही नहीं अन्य खिलाड़ी भी इसमें शामिल होंगे।

यह आईपीएल फ्रेंचाइजी का वैश्विक स्तर पर बढ़ता दबदबा है जिनके पास कैरेबियाई प्रीमियर लीग में कई टीमों का स्वामित्व है। उन्होंने कहा, यह थोड़ा खतरनाक चलन है क्योंकि यह उस स्वामित्व और खिलाड़ियों के स्वामित्व और उनकी प्रतिभा पर एकाधिकार करने से जुड़ा है। यह इससे जुड़ा है कि वे कहां खेल सकते हैं और कहां नहीं खेल सकते हैं। गिलक्रिस्ट ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड को सलाह दी कि वह इस मसले पर गौर करे क्योंकि भविष्य में कई अन्य क्रिकेटर भी वॉर्नर की राह पर चल सकते हैं। उन्होंने कहा, अगर गिलक्रिस्ट कहता है, सॉरी ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट, मैं विभिन्न टूर्नामेंटों में अपनी भारतीय फ्रेंचाइजी टीमों के लिये खेलने जा रहा हूं तो आप उससे सवाल नहीं कर सकते, यह उसका विशेषाधिकार है। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से 96 टेस्ट और 287 वनडे मैच खेलने वाले गिलक्रिस्ट इससे पहले डेक्कन चार्जर्स और किंग्स इलेवन पंजाब जैसी आईपीएल टीमों की तरफ से खेल चुके हैं। डेक्कन चार्जर्स ने 2009 में जब आईपीएल खिताब जीता था तब गिलक्रिस्ट उसके कप्तान थे।

# स्वीडन को करारी शिकस्त देकर इंग्लैंड यूरो 2022 के फाइनल में



शेफील्ड,एजेंसी

इंग्लैंड की महिला टीम ने स्वीडन को 4-0 से करारी शिकस्त देकर यूरोपीय महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बनाई जहां उसका सामना जर्मनी या फ्रांस से होगा। इंग्लैंड की पुरुष टीम ने पिछले साल यूरो 2020 के फाइनल में पहुंची थी लेकिन वेम्बले में खेले गए फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में इटली से हार गई थी। विश्व में दूसरे नंबर की टीम स्वीडन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाई जबकि इंग्लैंड ने शुरू से दबदबा बनाए रखा। इंग्लैंड ने अपने तीन गोल दूसरे हॉफ में किये। इंग्लैंड की तरफ से बेथ मीड (34वें), लूसी ब्रांज (48वें), एलिसा रूसो (68वें) और फ्रैन किर्बी (76वें मिनट) ने गोल किये।

# नीरज चोपड़ा ने राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर होने पर जताई निराशा



नई दिल्ली, एजेंसी

आगामी राष्ट्रमंडल खेलों से बाहर होने के बाद, स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने बर्मिंघम में प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करने में सक्षम नहीं होने पर निराशा व्यक्त की है।

चोपड़ा को रविवार को ओरेगन में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में कमर में चोट लग गई थी, जहां उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में भारत के 19 साल के लंबे इंतजार को समाप्त करते हुए रजत पदक जीता। नीरज ने एक ट्वीट में कहा, मैं आप सभी को यह बताते हुए बेहद निराश हूं कि मैं बर्मिंघम में रार्षमंडल खेलों में देश का प्रतिनिधित्व नहीं कर पाऊंगा। विश्व चैंपियनशिप में अपने चौथे थ्रो के दौरान अपनी कमर में खिंचाव के बाद मैं असहज महसूस कर रहा था। अमेरिका में डॉक्टरों के एक समूह द्वारा कल इसकी चिकित्सकीय जांच करने के बाद, एक मामूली तनाव का पता चला और मुझे अगले कुछ हफ्तों के लिए पुनर्वास और आराम करने की सलाह दी गई है।

उन्होंने कहा, मैंने अपनी सहायता टीम और 10अ, एएफआई और साई के साथ इस पर चर्चा की है, और हमने सामूहिक रूप से निर्णय लिया है कि अपने दीर्घकालिक लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए, किसी भी जोखिम से बचने के लिए मेरे लिए राष्ट्रमंडल खेल को छोड़ना सबसे अच्छा होगा। नीरज ने ऑस्ट्रेलिया में आयोजित सीडब्ल्यूजी 2018 में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने आगे कहा कि वह इस बात से बहुत आहत हैं कि वह अपने खिताब का बचाव नहीं कर पाएंगे।

उन्होंने कहा, कहने की जरूरत नहीं है, मैं अपने खिताब की रक्षा करने में सक्षम नहीं होने और राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करने का एक और मौका चूकने से आहत हूं। मैं विशेष रूप से उद्घाटन समारोह में टीम इंडिया के ध्वजवाहक होने के अवसर को खोने को लेकर निराश हूं। उन्होंने कहा, अभी के लिए, मैं अपने पुनर्वास पर ध्यान केंद्रित करूंगा और बहुत जल्द वापस आने की उम्मीद करता हूं। मैं पिछले कुछ दिनों में मुझे मिले सभी प्यार और समर्थन के लिए पूरे देश को धन्यवाद देता हूं, और आप सभी से इसमें शामिल होने का आग्रह करता हूं।

मैं आने वाले हफ्तों में बर्मिंघम में टीम इंडिया के अपने साथी एथलीटों का उत्साहवर्धन कर रहा हूं। चोपड़ा के चोटिल होने की खबर से भाला फेंक में भारत के पदक की संभावना को बड़ा झटका लगा है।

बता दें कि चोपड़ा ने टोक्यो ओलंपिक 2020 में स्वर्ण पदक जीतने के बाद से काफी शानदार प्रदर्शन किया है। नीरज ने पुरुषों की भाला फेंक फाइनल में अपने चौथे प्रयास में 88.13 मीटर की दूरी दर्ज की और विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के फाइनल में दूसरा स्थान हासिल किया।

### सुनील छेत्री ने नेक्स्ट जेनरेशन कप के लिए बेंगलुरु एफसी टीम को दीं शुभकामनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने यूनाइटेड किंगडम में नेक्स्ट जेनरेशन कप, 2022 से पहले बेंगलुरु एफसी रिजर्व टीम को शुभकामनाएं दीं हैं। आज रात खेले जाने वाले पहले दौर के मुकाबले में बेंगलुरू एफसी का सामना पूर्व प्रीमियर लीग चैंपियन लीसेस्टर सिटी एफसी अकादमी से होगा जबकि केरला ब्लास्टर्स एफसी की टीम शुरूआती दौर में टोटेनहम हॉटस्पर से खेलेगी। सुनील छेत्री ने ट्विटर पर एक विशेष प्रेरणादायक वीडियो संदेश साझा किया, जिसमें उन्होंने कोच नौशाद मूसा और उनके बच्चों को शुभकामनाएं दीं और खिलाड़ियों को इस शानदार अनुभव का आनंद लेने की सलाह दी। छेत्री ने इंडियन सुपर लीग के ट्विटर पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, मूसा भाई और सभी को शुभकामनाएं। मुझे लगता है कि यह आप सभी के लिए एक महान अवसर है। मुझे पूरा यकीन है कि आप लोग अच्छा प्रदर्शन करने जा रहे हैं। मुझे पता है कि इंग्लैंड में आप कुछ सर्वश्रेष्ठ युवा टीमों का सामना करने जा रहे हैं। आपको हमारा पूरा समर्थन है। बस वहां जाएं और आनंद लें। शुभकामनाएं। बता दें कि नेक्स्ट जनरेशन कप फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट (एफएसडीएल) और प्रीमियर लीग की दीर्घकालिक साझेदारी का हिस्सा है। भारत में फुटबॉल को समग्र रूप से विकसित करने के लिए अंग्रेजी और भारतीय लीग दोनों मिलकर काम कर रहे हैं।

# खेलो इंडिया के स्पोर्ट्स फॉर वूमेन योजना के तहत 9.5 करोड़ रुपये किए गए जारी



नई दिल्ली, एजेंसी

खेलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए खेलो इंडिया के स्पोर्ट्स फॉर वूमेन योजना के तहत वर्ष 2020 से अब तक 9.5 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को यह जानकारी दी। युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया, खेल विभाग की सभी योजनाएं लैंगिक तटस्थ हैं और सभी खिलाड़ियों को समान रूप से पूरा करती हैं। हालांकि, खेलो इंडिया योजना के घटकों में से एक स्पोर्ट्स फॉर वूमेन विशेष रूप से महिलाओं के बीच खेलों को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है।

ठाकुर ने कहा, इसके अलावा, इस घटक के तहत, विभिन्न विषयों में महिला लीग राष्ट्रीय खेल संघों के सहयोग से आयोजित की जाती हैं, ताकि खेल में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया जा सके, लीग को प्रतिभा पहचान के लिए एक मंच के रूप में उपयोग किया जा सके और महिला एथलीटों को प्रतिस्पर्धा का अनुभव प्रदान किया जा सके। इसके अलावा, देश में प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों के बीच खेल को बढ़ावा देने पर विशेष जोर देने के लिए, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने विशेष रूप से महिलाओं के लिए एक राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र (एनसीओई) और तीन साई प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए हैं। इसके अलावा, साई की खेल प्रोत्साहन योजनाओं के तहत देश भर में कुल 3146 महिला एथलीटों को प्रशिक्षित किया जाता है। इसके अलावा, खेलो इंडिया योजना के प्रतिभा खोज और विकास योजना के तहत, देश भर में 1374 महिला एथलीटों को प्रशिक्षित किया जा रहा है और उन्हें 6,28,400 रुपये (पॉकेट भत्ता 1,20,000 रुपये सहित) की दर से पर एथलीट प्रति वर्ष अधिकतम वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। सामूहिक भागीदारी और खेलों में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के दोहरे उद्देश्यों को प्राप्त करने की दृष्टि से, सरकार ने इस वर्ष फरवरी में 3165.50 करोड़ रुपये के परिव्यय पर 15वें वित्त आयोग चक्र (2021-22 से 2025-26) पर खेलो इंडिया-राष्ट्रीय खेल विकास कार्यक्रम की योजना को जारी रखने का निर्णय लिया है। ठाकुर ने खेलो इंडिया योजना को जारी रखने को मंजूरी देने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। ठाकुर ने कहा, मंत्रालय और सभी हितधारकों की ओर से, मैं खेलो इंडिया योजना के कार्यकाल को अगले पांच वर्षों के लिए बढ़ाने के लिए प्रधान मंत्री के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं। साथ ही बजट 2022 में अपने बजटीय आवंटन में 48 प्रतिशत की वृद्धि करके और इसे प्रधान मंत्री पुरस्कार योजना में शामिल करके इसे राष्ट्रीय प्रमुखता में लेने के लिए धन्यवाद देता हूं। खेलो इंडिया योजना युवा मामले और खेल मंत्रालय की प्रमुख केंद्रीय क्षेत्र की योजना है। इसका उद्देश्य देश में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और खेल उत्कृष्टता प्राप्त करना है, जिससे आम नागरिक अपने क्रॉस-कटिंग प्रभाव के माध्यम से खेल की शक्ति का उपयोग कर सके।

# आईसीसी ने कंबोडिया, उज्बेकिस्तान और कोटे डी आइवर को दिया एसोसिएट सदस्य का दर्जा

दुबई, एजेंसी




आईसीसी ने बर्मिंघम में चल रहे अपने वार्षिक सम्मेलन के दौरान तीन देशों को एसोसिएट सदस्य का दर्जा दे दिया है। आईसीसी ने एशिया से कंबोडिया और उज्बेकिस्तान, और अफ्रीका के कोटे डी आइवर, को एसोसिएट सदस्य का दर्जा दिया गया है, जिससे आईसीसी के कुल सदस्य देशों की संख्या 108 हो गई है। जिसमें 96 एसोसिएट्स सदस्य शामिल हैं। एशियाई देशों की कुल संख्या अब 25 हो गई है, जबकि कोटे डी आइवर अफ्रीका का 21वां देश है। बता दें कि क्रिकेट फेडरेशन ऑफ उज्बेकिस्तान (सीएफयू) की महिला क्रिकेट योजना में 15 टीमों को शामिल किया गया है, जिसमें उनके अंडर-19 और अंडर -17 खिलाड़ियों के लिए पाथवे प्रोग्राम के साथ आयोजित प्रतियोगिताएं शामिल थीं। कोटे डी आइवर क्रिकेट फेडरेशन का एक मजबूत जमीनी कार्यक्रम है और आठ टीमों के साथ एक राष्ट्रीय लीग सीनियर पुरुष प्रतियोगिता भी चलाता है। विशेष रूप से, उन्होंने महिला क्रिकेट को विकसित करने के लिए कई पहल की हैं, जिसमें एक महिला बोर्ड सदस्य की नियुक्ति भी शामिल है। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ कंबोडिया, जो कोविड -19 से बुरी तरह प्रभावित था, को बोर्ड के अधीन सदस्यता से सम्मानित किया गया, जिसमें प्रदर्शित किया गया था कि वर्ष के अंत तक उनके पास महिला क्रिकेट के लिए संतोषजनक योजनाएं हैं। कंबोडिया में नवंबर 2022 में आठ टीमों के साथ एक टी20 टूर्नामेंट पर भी काम चल रहा है, जबकि आठ स्कूलों में इनडोर क्रिकेट गतिविधियों को फिर से शुरू किए जाने की उम्मीद है। कंबोडिया में 14 पंजीकृत टीमें हैं जो नियमित रूप से देश में पुरुषों की सीनियर घरेलू क्रिकेट खेलती हैं और स्थानीय कोचों के साथ एक आशाजनक जूनियर क्रिकेट कार्यक्रम है। आईसीसी सदस्यता के लिए यूक्रेन के आवेदन को तब तक के लिए टाल दिया जाता है जब तक कि देश के भीतर क्रिकेट गतिविधि सुरक्षित रूप से फिर से शुरू न हो जाए, लेकिन आईसीसी इस प्रक्रिया के माध्यम से यूक्रेन क्रिकेट महासंघ का समर्थन करना जारी रखेगा।

# राष्ट्रमंडल खेल : कोरोना संक्रमित हुईं पूजा वस्त्राकर और मेघना सिंह




बर्मिंघम, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम की ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर और गेंदबाज मेघना सिंह कोरोना संक्रमित हो गई हैं। दोनों खिलाड़ी अपना आइसोलेशन पीरियड पूरा कर रही हैं और उन्हें बाहर जाने से पहले बीसीसीआई द्वारा अनिवार्य टेस्ट पास करना होगा। दोनों पहले दो लीग मैच मिस कर सकती हैं। ईएसपीएनक्रिकइंफों के अनुसार, वस्त्राकर और मेघना सोमवार को कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 के लिए टीम इंडिया के बाकी सदस्यों के साथ यूके नहीं गईं। पूजा का कोरोना संक्रमित होना भारत के लिए बहुत बड़ा झटका होगा, क्योंकि वह टीम में अहम भूमिका निभाती हैं। ऑलराउंडर को निचले क्रम में अपने शक्तिशाली हिटिंग कौशल और टीम के लिए जरूरत पड़ने पर गेंदबाजी करने की क्षमता के लिए जाना जाता है। जबकि, मेघना को मौजूदा टीम में एक बैक-अप खिलाड़ी के रूप में शामिल किया गया है, जिनकी अनुपस्थिति से भारतीय टीम को उतना नुकसान नहीं होगा। टीम में रिजर्व खिलाड़ी के रूप में लेग स्पिनर पूनम यादव, ऑलराउंडर सिमरन दिल बहादुर और विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष शामिल हैं, ये सभी बेंगलुरु में प्रशिक्षण ले रही हैं और जरूरत पड़ने पर यूके के लिए उड़ान भर सकती हैं। महिला टी-20 क्रिकेट का बर्मिंघम में हो रहे राष्ट्रमंडल खेलों में यह पहला साल है, जिसमें शीर्ष आठ टीमें स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा कर रही हैं। टीम इंडिया शुक्रवार को अपने शुरूआती मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी, इसके बाद रविवार को टीम इंडिया का सामना चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से होगा।

# भारतीय टीम में शामिल हुए मानसिक कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टन

पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी




दक्षिण अफ्रीका के पैडी अप्टन, जिन्हें मानसिक कंडीशनिंग कोच के रूप में नियुक्त किया गया है, त्रिनिदाद में भारतीय टीम से जुड़ गए हैं। इस साल के अंत में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आईसीसी मेन्स टी-20 वर्ल्ड कप के लिए अप्टन को भारतीय सपोर्ट स्टाफ में शामिल किया गया है। अप्टन ने 2008 और 2011 के बीच गैरी कर्स्टन के अंडर में बतौर सहायक कोच भारतीय क्रिकेट टीम के साथ काम किया है, उस दौरान भारत पहली बार नंबर 1 रैंक वाली टेस्ट टीम बना और घरेलू धरती पर आईसीसी क्रिकेट विश्व कप 2011 भी जीता। अप्टन ने दुनिया भर की यात्रा की है और मुख्य कोच के रूप में कई टी20 फ्रेंचाइजी का हिस्सा रहे हैं। हाल ही में, उन्होंने आईपीएल 2022 में राजस्थान रॉयल्स के लिए काम किया है, जहाँ उनकी भूमिका में बायो-बबल के अंदर खिलाड़ियों की मानसिक कंडीशनिंग भी शामिल थी। बता दें कि टी20 वर्ल्ड कप से पहले भारत का शेड्यूल काफी व्यस्त है। वर्तमान में स्टैंड-इन कप्तान शिखर धवन के नेतृत्व में, भारतीय टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेल रही है, जहां भारत ने 2-0 की अजेय बढ़त बना ली है। श्रृंखला का आखिरी मैच आज खेला जाएगा। इसके बाद रोहित शर्मा के नेतृत्व में भारतीय टीम पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में हिस्सा लेगी। इसके बाद भारत संयुक्त अरब अमीरात में एशिया कप में हिस्सा लेगा और फिर अगस्त के मध्य में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में जिम्बाब्वे से खेलेगा।

# शतरंज ओलंपियाड में सभी की निगाहें भारत पर

मामल्लापुरम, एजेंसी

कुछ शीर्ष टीमों की अनुपस्थिति में भारत गुरुवार से यहां शुरू होने वाले 44वें शतरंज ओलंपियाड में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरूआत करेगा। शतरंज में चोटी की टीम रूस और चीन इस बार शतरंज ओलंपियाड में भाग नहीं ले रहे हैं। ऐसे में भारत ओपन और महिला वर्ग में तीन तीन टीमें उतारेगा। यहां शतरंज का बुखार अपने चरम पर है और सभी की निगाहें भारतीय टीमों पर टिकी हैं। पांच बार के विश्व चैंपियन और दिग्गज खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद ने ओलंपियाड में नहीं खेलने का फैसला किया है। वह इस बार भारतीय टीमों के मार्गदर्शक (मेंटोर) के रूप में अपनी भूमिका निभाएंगे। निश्चित तौर पर भारतीय टीम उनके अनुभव का पूरा लाभ उठाना चाहेंगी। भारत ए टीम को सितारों से सजे अमेरिका के बाद दूसरी वरीयता दी गई है। वह मैगनस कार्लसन की अगुवाई वाले नॉर्वे, अमेरिका और अजरबैजान के साथ खिताब के दावेदारों में शामिल है।

भारत बी टीम में युवा खिलाड़ी शामिल हैं जिनके कोच आर बी रमेश हैं। भारत भी टीम को 11वीं वरीयता दी गई है और उसे छुपा रुस्तम माना जा रहा है। शतरंज ओलंपियाड में इस बार ओपन वर्ग में रिकॉर्ड 188 टीमें और महिला वर्ग में 162 टीमें भाग लेंगी। इनमें छह टीमें भारत की शामिल हैं। भारत को मेजबान होने के कारण अतिरिक्त टीमें उतारने का अवसर मिला। रूस और चीन की अनुपस्थिति में मुकाबला थोड़ा आसान हो गया है लेकिन इससे अन्य टीमों को अपनी चमक बिखेरने का मौका मिलेगा। जैसे कि अमेरिका की टीम है जिसमें फैबियो कारुआना, वेस्ले सो, लेवोन आरोनियन, सैम शैंकलैंड और लीनियर डोमिनिग्ज जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। इनकी औसत ईएलओ रेटिंग 2771 है जिससे वह खिताब का प्रबल दावेदार बन गया है।



लेकिन ओलंपियाड जैसी टीम प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों की फॉर्म के अलावा टीमवर्क भी महत्वपूर्ण होता है। भारत ने नॉर्वे के ट्रॉमसो में 2014 में खेले गए ओलंपियाड में ओपन वर्ग में कांस्य पदक जीता था जबकि 2020 के ऑनलाइन ओलंपियाड में वह रूस के साथ संयुक्त विजेता रहा था। भारत ने 2021 में कांस्य पदक हासिल किया था। भारत के पास अब फिर से सोने का तमगा जीतने का स्वर्णिम अवसर रहेगा। दूसरी वरीयता प्राप्त भारत ए जहां खिताब के दावेदारों में शामिल है वहीं भारत बी टीम में कई प्रतिभावान खिलाड़ी शामिल हैं। इनमें डी गुकेश और आर प्रज्ञाननंदा के अलावा निहाल सरीन, रौनक साधवानी और अनुभवी बी अधिबान शामिल हैं। कोच रमेश के अनुसार वे किसी भी टीम को हराने में सक्षम हैं। इस लंबी अवधि की प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को पूरे 11 दौर तक खुद को प्रेरित रखना होगा और यह अंतिम परिणाम में अहम भूमिका निभाएगा। यहां तक कि मौजूदा विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन ने भारतीय खिलाड़ियों की काफी तारीफ की है और उनके अनुसार भारतीय टीम पदक के दावेदारों में शामिल हैं। भारत ए टीम में अनुभवी पी हरिकृष्णा और तेजी से उभरते अर्जुन एरिगैसी, विदित गुजराती, अनुभवी के शशिकिरन और एस एल नारायणन शामिल हैं। गुजराती तब कप्तान थे जब देश ने 2020 ऑनलाइन ओलंपियाड में रूस के साथ स्वर्ण साझा किया था। भारत बी टीम को 17वी वरीयता दी गई है। उसमें अनुभव और युवा का अच्छा मिश्रण है। टीम में अनुभवी सूर्य शेखर गांगुली भी शामिल हैं। महिला वर्ग में भारत ए टीम को शीर्ष वरीयता दी गई है तथा कोनेरू हंपी और डी हरिका की उपस्थिति में टीम स्वर्ण पदक की प्रबल दावेदार है। इन दोनों अनुभवी खिलाड़ियों के अलावा आर वैशाली और भक्ति कुलकर्णी भी टीम में हैं। भारत की दो अन्य टीमें भी उलटफेर करने में सक्षम है।

भारत को महिला वर्ग में यूक्रेन, जॉर्जिया और कजाकिस्तान जैसी टीमों से कड़ी चुनौती मिल सकती है।

### भारतीय टीमें इस प्रकार हैं

**ओपनः एः** विदित एस गुजराती, पी हरिकृष्णा, अर्जुन एरिगैसी, एस एल नारायणन, के शशिकिरन।

**बीः** निहाल सरीन, डी गुकेश, आर प्रज्ञाननंदा, बी अधिबान, रौनक साधवानी।

**सीः** सूर्य शेखर गांगुली, एसपी सेथुरमन, अभिजीत गुप्ता, कार्तिकेयन मुरली, अभिमन्यु पुराणिक।

**महिलाः एः** कोनेरू हम्पी, डी हरिका, आर वैशाली, तानिया सचदेव, भक्ति कुलकर्णी।

**बीः** वंतिका अग्रवाल, सौम्या स्वामीनाथन, मैरी एन गोम्स, पद्मिनी राउत, दिव्या देशमुख।

**सीः** ईशा करवड़े, साहिती वार्शिनी, प्रत्युषा बोड्डा, पी वी नंदिधा, विश्व वासनावा।

## संक्षिप्त खबरें

### डब्ल्यूएचओ ने युगांडा को 2,400 मंकीपॉक्स परीक्षण किट दान की

कंपाला। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अफ्रीकी देश युगांडा को मंकीपॉक्स बीमारी से निपटने में मदद के लिए 2,400 मंकीपॉक्स परीक्षण किट दान में दी हैं। डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि योनस तेगेगन वोल्डेमरियम ने मंगलवार को युगांडा के स्वास्थ्य मंत्री रूथ एकेंग को किट सौंपते हुए कहा कि डब्ल्यूएचओ युगांडा की परीक्षण क्षमता को मजबूत करने मदद के लिए प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य मंत्री ने परीक्षण कीट दान के लिए डब्ल्युएचओ का आभार जताया। उल्लेखनीय है कि डब्ल्यूएचओ 23 जुलाई को मंकीपॉक्स के प्रकोप को अंतरराष्ट्रीय चिंता का सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर चुका है।

### न्यूजीलैंड में कोरोना के 8,730 नये मामले

वेलिंगटन। न्यूजीलैंड में कोरोना वायरस महामारी के 8,730 नए मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि देश में अब तक इस बीमारी से 1,427 लोगों की मौत हो चुकी हैं। उन्होंने बताया कि नये मामलों में 394 मामले विदेशों से आये लोगों के हैं। उन्होंने बताया कि इस समय अस्पतालों में 808 कोविड रोगियों का इलाज चल रहा है। जिनमें 25 गहन देखभाल इकाइयों में भर्ती है। उन्होंने बताया कि नये मामले सामने आने के साथ ही देश में इस बीमारी से प्रभावितों की संख्या बढ़कर 1,577,414 हो गई है।

### उत्तर फिलीपींस में 7.3 तीव्रता का भूकंप

मनीला। उत्तर फिलीपींस के अबरा प्रांत में बुधवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये है। फिलीपीन इंस्टीट्यूट ऑफ ज्वालामुखी और भूकंप विज्ञान ने यह जानकारी दी। संस्थान ने बताया कि स्थानीय समयानुसार सुबह 0843 बजे आये भूकंप की रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 7.3 मापी गई है। उन्होंने बताया कि भूकंप का केन्द्र लुजोन के मुख्य द्वीप पर लगंगिलंग शहर से करीब दो किमी उत्तर पूर्व में 25 किमी की गहराई में स्थित था। उन्होंने बताया कि मेट्रो मनीला सहित आसपास के इलाकों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए है। संस्थान ने बताया कि टेक्टोनिक्स प्रक्रिया के कारण भूकंप के और झटके महसूस किये जायेंगे और इससे नुकसान हो सकता है।

### सिंगापुर ने राजपक्षे के यात्रा पास की अवधि और 14 दिन बढ़ायी : खबरें

सिंगापुर। सिंगापुर सरकार ने श्रीलंका के पूर्व राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को नया वीजा जारी करते हुए देश में उनके रहने की अवधि और 14 दिन बढ़ा दी है। मीडिया में आयी एक खबर में बुधवार को बताया गया कि राजपक्षे के यात्रा पास की अवधि 11 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी गयी है। राजपक्षे श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को न संभाल पाने के कारण अपने खिलाफ जन आक्रोश के बीच देश छोड़कर 13 जुलाई को मालदीव चले गए थे और वहां से अगले दिन निजी यात्रा पर सिंगापुर आए थे। द स्ट्रेट्स टाइम्स की खबर के अनुसार, राजपक्षे को नया वीजा जारी किया गया है, यहां उनके रहने की अवधि 11 अगस्त तक बढ़ा दी गयी है।

# भारत पश्चिम व दक्षिण एशिया के आर्थिक विकास में अहम योगदान देगा : संरा में भारतीय राजदूत

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



भारत ने कहा है कि पश्चिम एशिया में शांति और समृद्धि में उसके अहम हित हैं और उसे नवगठित आई2यू2 के जरिए क्षेत्र तथा दक्षिण एशिया में ऊर्जा, खाद्य सुरक्षा और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने का विश्वास है। आई2यू2 में भारत, इजराइल, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और अमेरिका शामिल हैं। इसमें आई का मतलब भारत और इजराइल से है जबकि यू यूएई और अमेरिका के लिए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समूह के 14 जुलाई को हुए पहले डिजिटल सम्मेलन में हिस्सा लिया था और कहा था कि आई2यू2 ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा तथा आर्थिक विकास के क्षेत्रों में अहम योगदान देगा।

इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, इजराइल के प्रधानमंत्री येर लापिद और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायेद अल नाहयान ने हिस्सा लिया था। मोदी ने कहा था कि समूह ने सकारात्मक एजेंडा स्थापित किया है और इसकी रूपरेखा बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं की स्थिति में व्यावहारिक सहयोग के लिए एक अच्छा मॉडल है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के प्रभारी राजदूत आर रवींद्र ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मंगलवार को फलस्तीन का सवाल चर्चा में कहा, भारत के पश्चिम एशिया की शांति और समृद्धि में अहम हित हैं। हाल में आई2यू2 सम्मेलन में भारत, इजराइल, यूएई और अमेरिका के नेता जल, ऊर्जा परिवहन, अंतरिक्ष, स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा के छह अहम क्षेत्रों में संयुक्त निवेश बढ़ाने पर सहमत हुए हैं।

उन्होंने कहा, हमें यकीन है कि आई2यू2 के जरिए हम पश्चिम एशिया एवं दक्षिण एशिया में ऊर्जा सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। रवींद्र ने इजराइल और फलस्तीन में घटनाक्रम, खासकर हिंसक हमलों और आम लोगों की मौत तथा तबाही एवं उकसावे की कार्रवाई को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से हिंसा नहीं करने को कहता आया है और उन्होंने हिंसा रोकने के नई दिल्ली के आह्वान को दोहराया।रवींद्र ने जोर देकर कहा कि जब तक इजराइल और फलस्तीन के बीच राजनीतिक समाधान नहीं होता है, तब तक क्षेत्र में दीर्घकालिक शांति और स्थिरता नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि द्वि-राष्ट्र के समाधान के लिए राजनीतिक समर्थन के अलावा, अंतरराष्ट्रीय समुदाय को पश्चिम एशिया में शांति प्रक्रिया फिर से शुरू करने के लिए ऊर्जा लगानी चाहिए और राजनीतिक प्रयास करने चाहिए। रवींद्र ने कहा, भारत लगातार इजराइल और फलस्तीन के बीच सीधी बातचीत का आह्वान करता रहा है। इस बारे में हमारा मानना है कि यह द्वि-राष्ट्र समाधान के लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में बेहतरीन रास्ता है। उन्होंने कहा कि यह बातचीत अंतरराष्ट्रीय तौर पर सहमत हुई रूपरेखा पर होनी चाहिए जिसमें फलस्तीन के लोगों की पूर्ण राष्ट्र की आकांक्षा और इजराइल की सुरक्षा चिंताओं पर विचार किया जाना चाहिए।

## भारत ने इराक के दोहुक में बमबारी की निंदा की

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने उत्तरी इराक में एक पर्वतीय रिजॉर्ट में हाल में हुई बमबारी की कड़ी निंदा की है और संयुक्त राष्ट्र से इराक की चिंताओं का हल निकालने को कहा है। भारत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को इराक के विदेश मंत्री द्वारा जतायी गयी उन चिंताओं का समाधान निकालना चाहिए कि तुर्की की सेनाओं ने उनके देश की संप्रभुता के खिलाफ खुला और घोर हमला किया है।

दोहुक में हमलों पर मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आपात बैठक को संबोधित करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के उपराजदूत आर रवींद्र ने कहा कि इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र में दोहुक गवर्नरेट के जाखो जिले में हाल में बमबारी की कड़ी भारत कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा, सरकार तथा भारत के लोगों की ओर से, मैं इस हमले में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति गहन संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। गौरतलब है कि इस हमले में नौ नागरिकों की मौत हो गयी और 33 अन्य घायल हो गए। रवींद्र ने कहा कि इराक क्षेत्र के भीतर इस तरह का हमला देश की संप्रभुता पर स्पष्ट हमला है। उन्होंने कहा कि एक असैन्य स्थान पर यह हमला अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का घोर उल्लंघन भी दशार्ता है। सोमवार को एक बयान में सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य देशों ने दोहुक हमले की कड़े शब्दों में निंदा की और सभी देशों से इराक सरकार के साथ सक्रियता से सहयोग करने का अनुरोध किया।

# जॉनसन ने जेलेंस्की को चर्चिल पुरस्कार से किया सम्मानित




लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने मंगलवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को सर विन्सटन चर्चिल लीडरशिप अवार्ड से सम्मानित किया तथा संकट के समय में दोनों नेताओं की तुलना की। जेलेंस्की ने जॉनसन के लंदन कार्यालय में एक समारोह के दौरान वीडियो लिंक के जरिए पुरस्कार स्वीकार किया। इस कार्यक्रम में चर्चिल के परिवार के सदस्य, यूक्रेन के राजदूत वैदिम प्रिस्तेको और वे यूक्रेनी भी शामिल हुए, जिन्होंने ब्रिटिश सैनिकों से प्रशिक्षण लिया है। जॉनसन ने यह याद किया कि जेलेंस्की ने कैसे 24 फरवरी को पुष्टि की थी कि रूस ने आक्रमण कर दिया है।

उन्होंने कहा, सबसे बड़े संकट की घड़ी में आपने अपने तरीके से नेतृत्व की परीक्षा का सामना किया जैसे कि चर्चिल ने 1940 में किया था। जेलेंस्की ने जॉनसन और ब्रिटेन का उनके सहयोग के लिए आभार जताया। उत्तर पूर्वी देश यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद जॉनसन पहले पश्चिमी नेता थे जो कीव गए थे। इस माह के शुरू में जॉनसन द्वारा कंजर्वेटिव पार्टी के नेता पद से इस्तीफा देने के बाद जेलेंस्की ने कहा था कि वह इस घटनाक्रम से दुखी हैं।

# व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद पहली बार वाशिंगटन पहुंचे ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी




अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस को अलविदा कहने के बाद बाद पहली बार मंगलवार को वाशिंगटन लौटे और एक बार फिर अपने झूठे चुनावी दावों को दोहराया, जो अमेरिकी संसद भवन (कैपिटल हिल) में छह जनवरी को विद्रोह का कारण बने थे। ट्रंप ने इस बात पर जोर दिया कि उनके 2020 का चुनाव जीतने के सभी सबूत मौजूद थे। उन्होंने कहा, ह्यह्यवह चुनाव हमारे देश के लिए एक कलंक है।

पूर्व राष्ट्रपति ने 2024 के चुनाव में अपनी उम्मीदवारी पेश करने का एक बार फिर संकेत दिया। उन्होंने कहा, हमें शायद एक बार फिर करके दिखाना होगा। व्हाइट हाउस के पूर्व अधिकारियों और कैबिनेट सदस्यों के एक समूह द्वारा आयोजित एक बैठक में लोगों की तालियों के बीच ट्रंप ने यह बयान दिया। ऐसा माना जा रहा है कि बैठक का मकसद ट्रंप के दोबारा चुनाव लड़ने के लिए एक एजेंडा तैयार करना था। जो बाइडन के 20 जनवरी 2021 को अमेरिका के राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने और खुद के व्हाइट हाउस को अलविदा कहने के बाद पहली बाद पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप वाशिंगटन पहुंचे। पूर्व उप राष्ट्रपति माइक पेंस के भाषण के कुछ घंटे बाद ट्रंप ने अपनी बात रखी। पेंस को 2024 चुनाव में ट्रंप का संभावित प्रतिद्वंद्वी माना जा रहा है।

# अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन, शी चिनफिंग ताइवान पर तनाव के बीच बातचीत करेंगे

वाशिंगटन, एजेंसी



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और चीन के उनके समकक्ष शी चिनफिंग ताइवान को लेकर तनाव के बीच बृहस्पतिवार को बातचीत करेंगे। एक अमेरिकी अधिकारी ने यह जानकारी दी। बाइडन और चिनफिंग चार महीने बाद पहली बार बातचीत करेंगे। दोनों नेताओं के बीच बातचीत की कई हफ्तों से योजना बनायी जा रही थी, लेकिन सदन की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी और कांग्रेस के शीर्ष डेमोक्रेट की ताइवान यात्रा की संभावना ने दोनों देशों के बीच रिश्तों को और जटिल बना दिया है।

बीजिंग चेतावनी दे रहा है कि अगर पेलोसी स्वशासित ताइवान की यात्रा करती है तो वह बलपूर्वक कदम उठाएगा। बहरहाल, पेलोसी ने अभी ताइवान की यात्रा करने की योजनाओं की पुष्टि नहीं की है, लेकिन बाइडन ने पिछले सप्ताह पत्रकारों से कहा था कि अमेरिकी सैन्य अधिकारियों का मानना है कि अभी अध्यक्ष के लिए ताइवान की यात्रा करना अच्छा विचार नहीं है।

बाइडन ने ये टिप्पणियां तब की हैं जब फाइनेंशियल टाइम्स ने पिछले सप्ताह कहा था कि पेलोसी की अगस्त में ताइवान की यात्रा करने की योजना है। पहले यह यात्रा अप्रैल में होनी थी, लेकिन उनके कोविड-19 से संक्रमित पाए जाने के कारण इसे टाल दिया गया था। पेलोसी ने अपनी यात्रा पर सुरक्षा प्रोटोकॉल का हवाला देते हुए यह बताने से इनकार कर दिया कि क्या उनकी ताइवान जाने की योजना है, लेकिन उन्होंने कहा कि बाइडन की टिप्पणी सैन्य अधिकारियों के उस डर से उपजी है कि कहीं चीन हमारे विमान को न मार गिराए या कुछ ऐसा न कर दे।

पेलोसी ने कहा, हमारे लिए ताइवान के प्रति समर्थन दिखाना महत्वपूर्ण है। जब भी ताइवान की बात आती है तो हमलोगों से किसी ने कभी नहीं कहा कि हम आजादी की बात कर रहे हैं। इसका फैसला ताइवान को करना है। प्रशासन के अधिकारियों ने निजी तौर पर पेलोसी से कहा है कि ताइवान की यात्रा करने से संवदेनशील यथास्थिति बिगड़ सकती है। वहीं, चीनी अधिकारियों का कहना है कि पेलोसी की यात्रा को अमेरिका की नीति में बदलाव के तौर पर देखा जाएगा और इसे उकसावा माना जाएगा। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने कहा, अगर अमेरिका अपने रास्ते पर चलते रहने पर जोर देता है तो चीन इसका बलपूर्वक जवाब देगा और हम जो कहते हैं वही करेंगे। बाइडन और शी के बीच मुलाकात में उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम, यूक्रेन में रूस के युद्ध पर वाशिंगटन और बीजिंग के बीच मतभेदों, ईरान परमाणु समझौते को फिर से बहाल करने की बाइडन प्रशासन की कोशिशों और ट्रंप प्रशासन द्वारा चीन पर लगाए कड़े करों की अमेरिकी सरकार की समीक्षा की स्थिति पर भी चर्चा हो सकती है।

# फिलीपीन ने रूस से हेलीकॉप्टर खरीदने का सौदा किया रद्द

मनीला, एजेंसी

फिलीपीन सरकार ने अमेरिका से प्रतिबंध लगने की आशंका के मद्देनजर रूस से 16 सैन्य परिवहन हेलीकॉप्टर खरीदने का सौदा रद्द कर दिया है। पूर्व रक्षा मंत्री डेल्फिन लोरेनजाना ने मंगलवार रात को बताया कि रूस से एमआई-17 हेलीकॉप्टर खरीदने के 22.7 करोड़ डॉलर का सौदा रद्द कर दिया गया है। पिछले महीने तत्कालीन राष्ट्रपति रोड्रिगो दुतेर्ते ने 30 जून को अपना कार्यकाल खत्म होने से पहले इस सौदे को मंजूरी दी थी। लोरेनजाना ने अमेरिकी समाचार एजेंसी एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को बताया, हम पर प्रतिबंध लग सकते थे। उन्होंने कहा कि अगर फिलीपीन सौदे पर आगे बढ़ता तो इससे वाशिंगटन नाराज हो सकता था, क्योंकि रूस के साथ उसके संबंध काफी खराब हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिकी सुरक्षा अधिकारी सौदा करने के मनीला के फैसले से वाकिफ हैं और फिलीपीन की सेना के लिए ऐसे ही हेलीकॉप्टर सौदे की पेशकश कर सकते हैं। दुतेर्ते के शासनकाल में लोरेनजाना रक्षा प्रमुख थे। नए राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने उन्हें पूर्व सैन्य अड्डों को व्यापारिक केंद्रों में बदलने के लिए जिम्मेदार सरकारी एजेंसी का प्रमुख बनाया है। वाशिंगटन में फिलीपीन के राजदूत जोस मैनुएल रोमुएलडेज ने एपी से कहा कि सौदे को इसलिए रद्द किया गया है, क्योंकि मनीला पर अमेरिकी संघीय कानून काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सेंक्शन्स एक्ट के तहत प्रतिबंध लगने का खतरा था। फिलीपीन के एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि सौदे को रद्द करने के फैसले के बाद इसे समाप्त करने की प्रक्रिया चल रही है। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि सौदे को रद्द करने के खिलाफ रूस अपील कर सकता है, लेकिन इस बात की बहुत कम गुंजाइश है कि फिलीपीन की सरकार उसकी अपील पर पुनर्विचार करे। यह सौदा पिछले साल नवंबर में हुआ था और लोरेनजाना ने बताया कि फिलीपीन ने इस साल जनवरी में शुरूआती तौर पर कुछ रकम का भुगतान कर दिया था और तत्काल यह साफ नहीं है कि इस भुगतान का क्या होगा।

# जन संस्कृति मंच का आयोजन : 31 जुलाई को प्रेमचंद जयंती पर कहानी पाठ और विमर्श

रायपुर, प्रात : किरण संवाददाता

- आयोजन के बाद ईकाई से जुड़े सभी पदाधिकारी और सदस्य राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों में जुट जाएंगे जो 8 और 9 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होगा।

जन संस्कृति मंच की रायपुर ईकाई द्वारा 31 जुलाई को कथा और उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती पर कहानी पाठ और विमर्श का आयोजन किया गया है। स्थानीय वृंदावन हॉल में शाम साढ़े पांच बजे लब्ध प्रतिष्ठित कथाकार जया जादवानी और हरि भटनागर अपनी कहानियों का पाठ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता देश के सुप्रसिद्ध आलोचक जय प्रकाश करेंगे जबकि कहानियों पर टिप्पणी जसम रायपुर के अध्यक्ष और कथाकार आनंद बहादुर की होगी। प्रेमचंद का देश : कल आज और कल विषय पर युवा आलोचक भुवाल सिंह का व्याख्यान होगा. कार्यक्रम का संचालन अमित चौहान करेंगे।

इस मौके पर जन संस्कृति मंच की राष्ट्रीय ईकाई से संबंद्ध प्रसिद्ध आलोचक प्रोफेसर सियाराम शर्मा, लेखिका कल्पना मिश्रा, जसम रायपुर के सचिव मोहित जायसवाल, युवा आलोचक इंद्र कुमार राठौर, वसु गंधर्व, अजुल्का, बृजेंद्र तिवारी, नरोत्तम शर्मा, सृष्टि आलोक, कमलेश्वर साहू, उपन्यासकार किशन लाल, अखिलेश एडगर, डाक्टर दीक्षित, संस्कृतिकर्मी सुलेमान खान, अप्पला स्वामी, शंकर राव, उमेश बाबू, संतोष बंजारा, राजेंद्र पेठे, अशोक तिवारी, घनश्याम त्रिपाठी और राजकुमार सोनी सहित रायपुर-दुर्ग-भिलाई के अनेक साहित्यकार और संस्कृतिकर्मी विशेष रुप से मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि लेखकों और संस्कृतिकर्मियों के सबसे महत्वपूर्ण संगठन जन संस्कृति मंच की रायपुर ईकाई का गठन इसी साल 3 मई 2022 को किया गया है. इस ईकाई ने पिछले दिनों चर्चित मार्क्सवादी विचारक रामजी राय की पुस्तक मुक्तिबोधः स्वदेश की खोज का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया था जो बेहद सफल था. ईकाई द्वारा आगामी 13 अगस्त को एक काव्य गोष्ठी भी रखी गई है। इस आयोजन के बाद ईकाई से जुड़े सभी पदाधिकारी और सदस्य राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारियों में जुट जाएंगे जो 8 और 9 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में होगा। इस दौरान देशभर के तीन सौ से ज्यादा लेखक और संस्कृतिकर्मी फासीवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगे।

# भरतपुर में अवैध खनन में गहलोत सरकार के मंत्री की सीधी संलिप्तता : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राजस्थान के भरतपुर में अवैध खनन के लिए गहलोत सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि सरकार के मंत्री की इसमें सीधी संलिप्तता और अधिकारियों की मिलीभगत है।

भरतपुर में स्वामी विजयदास के आत्मदाह के बाद भाजपा ने राज्यसभा सदस्य अरूण सिंह की अध्यक्षता में एक फैक्ट कमेटी का गठन किया था। समिति ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को सौंपी। कमेटी में सिंह के अलावा सीकर से लोकसभा सदस्य स्वामी सुमेधानन्द सरस्वती, पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद सत्यपाल सिंह और राज्यसभा सदस्य बृजलाल को शामिल थे।

नड्डा को रिपोर्ट सौंपने के बाद भाजपा मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में अरूण सिंह ने कहा कि संत विजयदास ने आत्मदाह करने से पहले राजस्थान सरकार को चेतावनी भी दी थी। लेकिन गहलोत सरकार कुछ नहीं समझी। अपितु राजस्थान सरकार के मंत्री वहां जा जाकर साधुओं का मजाक उड़ाते थे। मामले की सत्यता की जांच के लिए हम लोग वहां मान मंदिर ट्रस्ट में भी गए और कई साधु संतों से भी मिले। उन्होंने कहा है कि यह पूरा अवैध खनन राजस्थान सरकार के संरक्षण में हो रहा था, सरकार के मंत्री की इसमें सीधी संलिप्तता है, अधिकारियों की मिलीभगत है।

सिंह ने कहा कि 20 जुलाई को स्वामी विजयदास ने आत्मदाह किया, 23 जुलाई को उनके प्राण नहीं रहे। 24 जुलाई को भाजपा द्वारा गठित यह उच्चस्तरीय कमेटी घटनास्थल पर गई। घटनास्थल पर जाने के बाद कमेटी ने अपनी रिपोर्ट बनाई। वह रिपोर्ट भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को भी सौंपी।

उन्होंने कहा कि कमेटी ने घटनास्थल पर जाकर बहुत ही हृदय विदारक स्थिति देखी। लोगों के मन में राजस्थान सरकार के प्रति बहुत गुस्सा और सरकार के रवैये के प्रति बहुत आक्रोश था। कनकाञ्चल और आदि बद्री पर्वत दोनों ब्रज की 84 कोस परिक्रमा के अंदर आते हैं। इन पर्वतों के पास अवैध खनन हो रहा था। इससे पर्यावरण और स्थानीय संस्कृति एवं धार्मिक स्थल को बहुत नुकसान पहुंचाया जा रहा था। इससे क्षुब्ध होकर संत विजयदास और अन्य संत धरने पर बैठे । 551 दिन ये धरना चला, लेकिन उसके बाद भी खनन नहीं रुका।

सिंह ने कहा कि इस मामले में राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री से लेकर सब मंत्री मिले हुए थे। स्थानीय मंत्री जाहिद खान के भी 2 पट्टे वहां थे। उन्होंने आगे कहा कि अवैध रूप से इतना पैसा कमाया जा रहा था कि राजस्थान सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंगी।

वार्ता | यह पहला मौका होगा, जब जयशंकर पाकिस्तान में नई सरकार के गठन के बाद भुट्टो से मुलाकात करेंगे।

# भारत-पाकिस्तान के विदेश मंत्री उज्बेकिस्तान के समरकंद में होंगे आमने-सामने

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर उज्बेकिस्तान में होने जा रही शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। यहां वह अपने पाकिस्तानी समकक्ष बिलावल भुट्टो से मुलाकात करेंगे। यह पहला मौका होगा, जब जयशंकर पाकिस्तान में नई सरकार के गठन के बाद भुट्टो से मुलाकात करेंगे। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर उज्बेकिस्तान में होने जा रही शंघाई सहयोग संगठन के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। यहां वह अपने पाकिस्तानी समकक्ष बिलावल भुट्टो से मुलाकात करेंगे। यह पहला मौका होगा, जब जयशंकर पाकिस्तान में नई सरकार के गठन के बाद भुट्टो से मुलाकात करेंगे। उज्बेकिस्तान में होने जा रही विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत दो प्रमुख बैठकों में भाग लेगा। इन बैठकों में पहली एससीओ विदेशमंत्रियों की बैठक है। वहीं दूसरी बैठक अफगानिस्तान को लेकर एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन होगा। अफगानिस्तान पर सम्मेलन 25 और 26 जुलाई को होगा, जबकि विदेश मंत्री की बैठक 28 और 29 जुलाई को होगी।

गौरतलब है कि पाकिस्तान में शहबाज शरीफ के नेतृत्व में नई सरकार के गठन के बाद बिलावल ने भारत के साथ फिर से मैत्री संबंध बनाने की चाहत जताई थी। हालांकि, एससीओ के इतर भारत-पाकिस्तान की द्विपक्षीय बैठक के अभी तक कोई संकेत नहीं हैं। जहां तक पाकिस्तान के साथ बात का विषय है, भारत ने लगातार कहा है कि आतंक और बातचीत एक साथ नहीं हो सकते।

इस बीच, एससीओ में जयशंकर की भागीदारी की अभी आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। बैठक में चीन के विदेश मंत्री वांग यी भी शामिल होंगे। पूर्वी लद्दाख में एलएसी के साथ गतिरोध को हल करने के लिए भारत और चीन के सैन्य कमांडरों के बीच हाल ही में हुई 16वें दौर की वार्ता के परिणाम की समीक्षा के लिए जयशंकर चीनी विदेश मंत्री वांग यी के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं। ऐसे में अगर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय वार्ता होती है तो चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच संभावित मुलाकात का रास्ता भी साफ हो सकता है।

दोनों नेताओं के उज्बेकिस्तान के समरकंद में 15 और 16 सितंबर को एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने की उम्मीद है।

# कांगो में यूएन के खिलाफ सशस्त्र विरोध, 15 की मौत, बीएसएफ के दो शांति सैनिक शहीद

किंशासा, एजेंसी

- प्रदर्शनकारियों ने गोमा में संयुक्त राष्ट्र की इमारतों में पत्थर फेंके और तोड़फोड़ कर आग लगा दी।

डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो के पूर्वी शहरों गोमा और बुटेम्बो में संयुक्त राष्ट्र विरोधी हिंसक प्रदर्शनों के दूसरे दिन मंगलवार को कम से कम 15 लोग मारे गए और लगभग 50 घायल हो गए। मरने वालों में सशस्त्र प्रदर्शनकारियों के साथ संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिक भी शामिल हैं। सशस्त्र विद्रोहियों के हमले में बीएसएफ के दो जवान भी शहीद हो गए हैं।

प्रदर्शनकारियों ने गोमा में संयुक्त राष्ट्र की इमारतों में पत्थर फेंके और तोड़फोड़ कर आग लगा दी। इसके बाद संयुक्त राष्ट्र के शांति सैनिकों ने जवाबी फायरिंग की। इसमें दो प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई। बताया गया है कि बुटेम्बो में हिंसक भीड़ ने मोरोक्को रैपिड डिप्लॉयमेंट बटालियन को घेर लिया था। यहीं पर बीएसएफ की टुकड़ी तैनात थी। कांगों की पुलिस और सेना हालात पर नियंत्रण नहीं कर पा रहे हैं। हालांकि स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हवा में गोलियां दागी गईं। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए बीएसएफ के जवानों ने धुएं के गोले दागे। बावजूद इसके हिंसा पर आमादा भीड़ ने बटालियन की दीवार तोड़कर सैनिकों पर हमला किया। सशस्त्र प्रदर्शनकारियों ने हमले में संयुक्त राष्ट्र बल के ठिकानों पर पत्थर और पेट्रोल बम फेंके। हमलावरों ने कांगो पुलिस से हथियार भी छीन लिए हैं और संयुक्त राष्ट्र कर्मियों पर गोलीबारी की है। संयुक्त राष्ट्र के उप प्रवक्ता फरहान हक ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के मारे जाने से आहत है।

मंगलवार को सोशल मीडिया पर संयुक्त राष्ट्र के खिलाफ व्यक्तियों और समूहों की शत्रुतापूर्ण टिप्पणियों और धमकियों से प्रेरित सैकड़ों हमलावरों ने गोमा के साथ-साथ उत्तरी किवु के अन्य हिस्सों में हमला किया है। हक ने कहा है कि यह लोग लूटपाट भी कर रहे हैं। त्वरित प्रतिक्रिया बलों को भेजकर स्थिति को संभालने की कोशिश की जा रही है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।)
RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129